डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹75800 10 ग्राम
₹96000 01 किलो
सेंसेक्स 75,838.36 -1,235.08
डॉलर 86.477 +0.268

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

माघ कृष्ण पक्ष 08, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), बुधवार, 22 जनवरी 2025, वर्ष-31, अंक-99, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-12 डोनाल्ड ट्रंप ने डब्ल्यूएचओ से ...

## जदयू प्रदेश कार्यसमिति की बैठक 25 को

**रांची।** जदयू प्रदेश कार्यसमिति की बैठक 25 जनवरी को होगी। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार ने मंगलवार को कहा कि प्रदेश कार्यालय में बैठक आहूत की गई है। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश जदयू अध्यक्ष व सांसद खीरू महतो करेंगे। बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, जिला, नगर अध्यक्ष एवं प्रकोष्ठों के अध्यक्ष शामिल होंगे।

## भारतीय ज्ञान परंपरा मूल्यपरक और कृत्रिम मेधा व्यावसायिक है: पाण्डेय

**रांची।** राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय देवघर में इंडियन नॉलेज सिस्टम एवं आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (भारतीय ज्ञान परम्परा और कृत्रिम मेधा) विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता रांची विश्वविद्यालय के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो (डॉ) जंग बहादुर पाण्डेय ने कहा कि मनुष्य की चार मौलिक आवश्यकताएं हैं -भोजन, वस्त्र, आवास और शिक्षा। क्रम से तो शिक्षा चौथे नंबर पर है, लेकिन गुणवत्ता और महत्व की दृष्टि से शिक्षा प्रथम पद की अधिकारिणी है। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में अर्जुन को प्रबोधते हुए कहा कि ज्ञान संसार में पवित्रतम तत्व है। भारत केवल कृषि प्रधान देश नहीं, अपितु ऋषि प्रधान देश रहा है। ऋग्वेद विश्व का प्राचीनतम ग्रंथ माना जाता है। भारतीय ज्ञान परंपरा नैतिकता और मूल्य परक रही है, जबकि कृत्रिम मेधा व्यावसायिक और रोजगार परक रही है। भारत के विश्व गुरु बनाने का आधार ज्ञान परक था। प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी बराबर कहा करते हैं कि भारत युवाओं का देश है।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

**आज | कल**




## महिला एवं बाल विकास मंत्रालय बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की 10वीं वर्षगांठ मनाएगा

**रांची।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (बीबीबीपी) योजना की 10वीं वर्षगांठ मनाने जा रहा है, जो भारत में बालिकाओं की सुरक्षा, शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए किए गए अथक प्रयासों के एक दशक का प्रतीक है। यह मील का पत्थर भारत के विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण और महिला विकास से महिला-नेतृत्व वाले विकास की ओर वैश्विक बदलाव के अनुरूप है, जिसे भारत की जी20 की अध्यक्षता के दौरान प्राथमिकता दी गई थी और अब ब्राजील की जी20 की अध्यक्षता ने इसे अपनाया है। उद्घाटन समारोह बुधवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित किया जाएगा। इसमें केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर भी शामिल होंगी। इस कार्यक्रम में सशस्त्र बलों, अर्धसैनिक बलों और दिल्ली पुलिस की महिला अधिकारी भाग लेंगी। इसके अलावा केंद्रीय मंत्रालयों की उप सचिव और उससे ऊपर के स्तर की महिला अधिकारी भी विज्ञान भवन में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में शामिल होंगी। इसके अलावा छात्राओं (माई भारत स्वयंसेवक), आंगनवाड़ी पर्यवेक्षक/कार्यकर्ता और राज्य और जिले के प्रतिनिधियों को भी इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।

### पश्चिमी सिंहभूम में नक्सलियों की बड़ी साजिश नाकाम

# 21 आईईडी बम और 55 जिलेटिन स्टिक बरामद

▸▸ सभी बमों को बम निरोधक दस्ते ने डिफ्यूज कर दिया

**नवीन मेल डेस्क**

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले में सुरक्षा बलों पर हमला करने की नक्सलियों की एक बड़ी साजिश को मंगलवार को नाकाम कर दिया गया। पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त कार्रवाई में जिले के कराईकेला थाना क्षेत्र में प्लांट किए गए 21 प्रेशर आईईडी बम (इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) बरामद किए गए। इनमें से 12 आईईडी बम दो-दो किलोग्राम और 9 आईईडी बम एक-एक किलोग्राम के थे। साथ ही, सेरेंगदा गांव में 55 जिलेटिन स्टिक भी बरामद किए गए हैं। बरामद 21 आईईडी बम के विस्फोट से बड़ी



तबाही मचाई जा सकती थी। पश्चिमी सिंहभूम के एसपी आशुतोष शेखर के निर्देश पर इन सभी बमों को बम निरोधक दस्ते ने डिफ्यूज कर दिया है। बताया गया कि सुरक्षा बलों ने सेरेंगदा गांव में नक्सलियों के एक डंप को भी ध्वस्त कर दिया। सर्च के दौरान विस्फोट में इस्तेमाल की जाने वाली 55 जिलेटिन स्टिक भी बरामद हुई हैं। पश्चिमी सिंहभूम जिले के एसपी को सूचना मिली थी कि जिले के पोड़ाहाट क्षेत्र में नक्सली दस्ते का मूवमेंट है। इस आधार पर पश्चिमी सिंहभूम जिले की पुलिस, सीआरपीएफ, कोबरा और झारखंड जगुआर की कुल 14 बटालियन के जवानों ने पूरे इलाके में ऑपरेशन चलाया। सूचना

**बड़ी सफलता**

मिली थी कि जंगल में सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के इरादे से जगह-जगह पर आईईडी बम प्लांट किए गए हैं। इसके बाद सतर्कतापूर्वक कार्रवाई करते हुए आईईडी बम और जिलेटिन स्टिक बरामद किए गए। इसके पहले 12 जनवरी को पश्चिमी सिंहभूम जिले के टोंटो थाना क्षेत्र के तुम्बाहाका और बगान गुलगुलदा के बीच जंगली और पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने छह आईईडी बम बरामद किए थे।बताया गया कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, अजय महतो, सागेन अंगरिया और अश्विन ने अपने दस्तों **शेष पेज 11 पर**

### राज्य कैबिनेट की बैठक में 18 प्रस्तावों पर लगी मुहर

# राज्यकर्मियों की स्वास्थ्य बीमा योजना को मंजूरी






- ज्ञानोदय योजना के तहत मध्य विद्यालयों में कंप्यूटर आधारित शिक्षा की स्वीकृति
- अनुसंधानकर्ता को 25 हजार तक का मोबाइल फोन उपलब्ध कराने को मिली मंजूरी
- दुमका हवाई अड्डे पर एयर ट्रैफिक सेवाओं के लिए एएआई के साथ एमओयू के ड्राफ्ट को मंजूरी
- अधिवक्ताओं को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ प्रदान करने के लिए अनुदान राशि की स्वीकृति

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** हेमंत सोरेन सरकार की कैबिनेट ने मंगलवार को राज्यकर्मियों और पेंशनरों की बहुप्रतीक्षित स्वास्थ्य बीमा योजना को मंजूरी दे दी। साथ ही, कैबिनेट में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 के तहत अनुसंधानकर्ता को 25 हजार तक का मोबाइल फोन उपलब्ध कराए जाने की भी स्वीकृति दी गई। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में कुल 18 प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई है।

यह जानकारी देते हुए कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने बताया कि द नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटांसेज एक्ट के तहत दर्ज वादों को संज्ञान लेने एवं त्वरित निष्पादन को विचारण के लिए चतरा में जिला न्यायाधीश स्तर के एक विशेष न्यायालय के गठन की भी स्वीकृति दी गई है। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने राज्य के दुमका हवाई अड्डा पर संचार, नेविगेशन और सर्विलांस एवं एयर ट्रैफिक मैनेजमेंट सेवाओं के लिए एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) के साथ एमओयू के ड्राफ्ट को भी स्वीकृति दी है। इसके बाद रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम 'उड़ानस' के तहत इस हवाई अड्डे से नियमित रूप से उड़ान सेवाएं शुरू करने की राह प्रशस्त होगी। वित्तीय वर्ष 2024-25 के द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरणी की घटनोत्तर स्वीकृति दी गई है।

कैबिनेट सचिव ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2029-30 तक ज्ञानोदय योजना के तहत 94.50 करोड़ रुपये की लागत से मध्य विद्यालयों में कंप्यूटर शिक्षा एवं कंप्यूटर आधारित शिक्षा की स्वीकृति दी गई है। यह डिजिटाइजेशन ऑफ स्कूल्स को बढ़ावा मिलेगा।

वंदना दादेल ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में झारखंड उच्च न्यायालय के स्तर पर गठित झारखंड अधिवक्ता कल्याण निधि न्यासी समिति के अंतर्गत निबंधित अधिवक्ताओं **शेष पेज 11 पर**

### 325 क्षमता वाले जेल में मात्र 2 बंदी, सुरक्षाकर्मी 84

## बरही उपकारा में दो बंदियों के लिए प्रति माह खर्च हो रहे 40 लाख




▸▸ लातेहार से काफी पहले 35 बंदी आए थे, 33 रिहा हो गए

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही (हजारीबाग)।** किंवदंती है कि नालंदा विश्वविद्यालय में एक छात्र के रहने के लिए एक कमरा और पढ़ाने के लिए एक शिक्षक होते थे। नालंदा विश्वविद्यालय से सम्राट हर्षवर्धन, धर्मपाल, नागार्जुन जैसे कई महान विद्वानों ने शिक्षा प्राप्त की और भारत का स्वर्णिम इतिहास लिखा। शिक्षा के लिए ऐसी व्यवस्था तो ठीक है। लेकिन, जब कैदियों को ऐसी सुविधा मिले, तो निश्चित रूप से इसे स्वर्णिम काल नहीं, पतन काल ही कहा जाएगा। इस समय भारत में एक ऐसा भी उपकारा (जेल) है, जहां मात्र दो बंदी के लिए 325 बंदियों के रहने के बराबर सुविधा उपलब्ध है। यह है हजारीबाग जिले का बरही उपकारा। बरही उपकारा में इस समय दो ही बंदी हैं। इन दो बंदियों की सुरक्षा के लिए 84 कर्मी पदस्थापित हैं। इस कारा पर प्रति माह करीब 40 लाख रुपए खर्च हो रहे हैं। 325 बंदी वाले विशाल क्षेत्र में फैले इस उपकारा में उद्घाटन से अब तक बंदियों की संख्या नहीं के बराबर रही है। पिछले कई महीनों से इस उपकारा में मात्र 2 बंदी रह रहे हैं। इन दो बंदियों की सुरक्षा के लिए आईआरबी के 50 महिला और 15 सुरक्षा कर्मी, गृहरक्षा वाहिनी के 5 होमगार्ड, 2 कारा पुलिस, 10 भूतपूर्व सैनिक, 1 किरानी, 1 कंप्यूटर ऑपरेटर और एक काराधीक्षक सहित कुल 84 कर्मी पदस्थापित है। इनके वेतन पर **शेष पेज 11 पर**

## आईएएस पूजा सिंघल का निलंबन समाप्त

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** राज्य सरकार ने आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल का निलंबन खत्म कर दिया है। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बनी कमेटी ने उन्हें निलंबन से मुक्त करने की अनुशंसा की थी। इस अनुशंसा पर पूजा सिंघल का निलंबन कार्मिक ने समाप्त कर दिया है। इस संबंध में कार्मिक, प्रशासनिक, सुधार तथा राजभाषा विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। उन्हें कार्मिक में योगदान देने का निर्देश दिया गया है। ज्ञात हो कि विगत 07 दिसंबर 2024 को पूजा सिंघल को 28 महीनों बाद बड़ी राहत मिली थी। झारखंड की पीएमएलए कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी थी। कोर्ट ने उन्हें दो-दो लाख



रुपये के निजी मुचलके पर जमानत दी थी। इसी के साथ उन्हें अपना पासपोर्ट जमा कराने के लिए भी कहा गया था। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उन्हें मनी लांड्रिंग के मामले में 11 मई 2022 में गिरफ्तार किया था। ईडी ने छह मई 2022 को उनके ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा के सीए सुमन कुमार के आवास और कार्यालय से 19 करोड़ 31 लाख रुपए नकद बरामद किए गए थे।

### पीएलएफआई के नाम पर दी गई भाजपा नेता को धमकी

**रांची।** भाजपा नेता और बिल्डर रमेश सिंह को पीएलएफआई के नाम पर फिर से धमकी देने का मामला मंगलवार को प्रकाश में आया है। रमेश सिंह से अलग-अलग नंबर से फोन कर रंगदारी मांगी जा रही है। फोन करने वाला खुद को पीएलएफआई का आदमी बता संगठन के लिए मदद करने की बात कह रहा था। इसे लेकर रमेश सिंह ने सुखदेवनगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। मामला दर्ज कर पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि मामले में टेक्निकल सेल का सहयोग लिया जा रहा है।

## छत्तीसगढ़ के गरियाबंद मुठभेड़ में चलपती समेत 16 नक्सली हुए ढेर

- जयराम उर्फ चलपती पर था एक करोड़ रुपए का इनाम
- नक्सलियों के शव व हथियार बरामद, एक जवान भी घायल

**गरियाबंद (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के छत्तीसगढ़-ओडिशा बॉर्डर पर स्थित भालू डिग्गी के जंगल में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में बड़ी कामयाबी मिली है। इस मुठभेड़ में एक करोड़ के इनामी नक्सली जयराम उर्फ चलपती सहित 16 के मारे जाने की रायपुर संभाग के आईजी ने पुष्टि की है। इन सभी 16 नक्सलियों के शव और हथियार बरामद किए जा चुके हैं। इस मुठभेड़ में अब तक 20 से अधिक नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। इसमें एक जवान भी घायल हुआ है, जिसे एयरलिफ्ट कर रायपुर लाया गया है।

ज्ञात हो कि चलपति आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले के मदनपल्ले का रहने वाला था। चलपति पर आंध्र प्रदेश सरकार ने एक करोड़ इमाम घोषित कर रखा था। कई जनप्रतिनिधियों की हत्या में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका रही थी। रविवार की रात से शुरू हुई मुठभेड़ में मंगलवार सुबह तक 16 नक्सलियों को मारे जाने की पुष्टि हुई है। मुठभेड़ अभी खत्म नहीं हुई है। इसमें लगभग



1000 जवानों ने करीब 60 नक्सलियों को घेर रखा है। इसके लिए बैकअप पार्टी भी भेजी गई है और ड्रोन से नजर रखी जा रही है। इससे पहले सुरक्षाबलों ने 15-20 किमी के इलाके को घेरा था, अब नक्सली सिमट कर 3 किमी के इलाके में आ गए हैं। गरियाबंद एसपी निखिल राखेचा, ओडिशा के नुआपाड़ा एसपी राघवेंद्र गूंडाला, ओडिशा डीआईजी नक्सल ऑपरेशन अखिलेश्वर सिंह और कोबरा कमांडेंट डीएस कथैत ऑपरेशन की मॉनीटरिंग कर रहे हैं। रायपुर संभाग आईजी अमरेश मिश्रा ने 16 नक्सलियों के शव और हथियार बरामद होने की पुष्टि करते हुए बताया कि इस मुठभेड़ में एके 47, एसएलआर, इंसास जैसे अन्य ऑटोमेटिक हथियार बरामद किए गए हैं। फिलहाल, सर्च अभियान जारी है। उन्होंने बताया कि इस मुठभेड़ में मिले अत्याधुनिक हथियारों से साबित है कि इसमें कई बड़े कैडर के इनामी नक्सली मारे गए हैं। नक्सलियों की भालू डिग्गी के जंगल में सूचना पर छत्तीसगढ़ और ओडिशा **शेष पेज 11 पर**

**इंडिया**

# राम जन्मभूमि और शाहबानो कनेक्शन



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

अयोध्या में 22 जनवरी को राम लला की प्राण प्रतिष्ठा का एक वर्ष पूरा होने जा रहा है। स्थापना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद थे जो 5 अगस्त 2020 को हुए भूमि-पूजन कार्यक्रम में भी उपस्थित थे। वर्ष 1986 में कानूनी विवाद के बीच राम जन्मभूमि परिसर का ताला खुला था। कांग्रेस ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का न्योता ठुकराया तो ताला खुलवाने वाली घटना की चर्चा फिर से आम हो गई। वरिष्ठ कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि कांग्रेस वो पार्टी है जिसके नेता राजीव गांधी ने ही इस राम मंदिर का शिलान्यास, इस मंदिर का ताला खुलवाने का काम किया था। 22 दिसंबर 1949 की रात को अयोध्या में विवादित बाबरी ढांचे के नीचे हिंदू मूर्तियां प्रकट हुईं। इस घटना के बाद वहां तनाव हो गया। 29 दिसंबर 1949 को फैजाबाद की एक अदालत ने बढ़ते सांप्रदायिक तनाव को काबू करने के लिए इस स्थल को सरकार को सौंप दिया। कुछ ही समय बाद परिसर में ताला लग गया। जबकि आजादी के पहले से चली आ रही कानूनी लड़ाई चलती रही। दावा किया जाता है कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के कार्यकाल में इस विवाद को सबसे बड़ी हवा मिली, जिसमें शाह बानो केस की बड़ी भूमिका मानी गई। मध्य प्रदेश के इंदौर की रहने वाली मुस्लिम महिला शाहबानो को पति मोहम्मद अहमद ने 62 वर्ष की उम्र में तलाक दे दिया था। उनके शौहर ने 1978 में तीन तलाक कहते हुए उनको घर से निकाल दिया था। शाहबानो उस वक्त पांच बच्चों की मां थीं। बच्चों और अपनी जीविका का कोई जरिया न होने से पति से गुजारा लेने के लिए शाह बानो ने अदालत का रुख किया। शाह बानो कोर्ट पहुंचीं। सात साल चली कानूनी लड़ाई के बाद 23 अप्रैल 1985 के दिन सर्वोच्च अदालत का फैसला तलाकशुदा महिला के पक्ष में आया। कोर्ट ने सीआरपीसी की धारा 125 के तहत फैसला दिया। इसमें कहा गया कि यह हर किसी पर लागू होता है, फिर चाहे वह व्यक्ति किसी भी धर्म का हो। इसके साथ ही अदालत ने निर्देश दिया कि शाह बानो को निर्वाह-व्यय दिया जाए। जाने-माने लेखक रामचंद्र गुहा अपनी किताब 'इंडिया आफ्टर नेहरू' में लिखा है कि न्यायाधीशों ने याचिका के संदर्भ से बाहर जाते हुए कुछ सामान्य टिप्पणी भी



की। उन्होंने संविधान की धारा 44 का जिक्र करते हुए समान नागरिक संहिता का हवाला दिया और इस पर खेद जताया कि संविधान की ये धारा एक 'मृत दस्तावेज के बराबर' हो गई है। उन्होंने कहा कि लोगों में ऐसी धारणा बन गई है कि सिर्फ मुसलमानों को ही अपने निजी कानूनों में सुधार के लिए आगे आना चाहिए। विवादित विचारों वाले कानून के प्रति व्याकुल प्रतिबद्धता को दूर कर एक समान नागरिक संहिता, राष्ट्र के एकीकरण में मददगार साबित होगी। पुस्तक में लिखा गया कि सुप्रीम कोर्ट की इस टिप्पणी को पूरे मुस्लिम समुदाय के प्रति एक गैर-जरूरी टिप्पणी के रूप में देखा गया। मुस्लिम धर्मगुरुओं ने फैसले की ये कहकर आलोचना की कि यह इस्लाम पर एक हमला है। देशभर की मस्जिदों में इसका विरोध किया गया। मुस्लिम धर्म गुरुओं ने सुप्रीम कोर्ट और शाहबानो की कड़ी आलोचना की। दूसरी तरफ कुछ इस्लामी विद्वानों ने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह शरीयत के खिलाफ नहीं है। उन्होंने कहा कि इस्लाम में ये प्रावधान है कि तलाक देते समय पति को अपनी पूर्व पत्नी की मृत्यु या उसके पुनर्विवाह तक उसको उचित गुजारा भत्ता देना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के तीन महीने बाद जी.एम. बनात वाला नाम के सांसद ने संसद में एक प्राइवेट मेंबर बिल पेश किया। इस बिल में मुसलमानों को धारा 125 के दायरे से मुक्त करने की बात कही गई थी। सदन में इस बिल का विरोध तत्कालीन केंद्रीय गृह राज्य मंत्री आरिफ मोहम्मद खान ने किया। उन्होंने अदालत के फैसले का समर्थन किया। 'इंडिया आफ्टर नेहरू' किताब में राम चंद्र गुहा लिखते हैं कि आरिफ मोहम्मद खान को प्रधानमंत्री का समर्थन हासिल था और कांग्रेस पार्टी द्वारा बिल के विरोध में जाने के कारण यह बिल संसद में गिर गया। लेकिन सदन के बाहर यह बहस चलती रही। दूसरी तरफ इंदौर में कट्टरपंथियों ने शाहबानो को धर्मच्युत करार कर दिया, उसके घर के बाहर धरना प्रदर्शन किया गया और पड़ोसियों से उसके बहिष्कार की मांग की गई। 15 नवंबर 1985 को शाहबानो, कट्टरपंथियों के दबाव के सामने झुक गईं और उन्होंने एक कागजी बयान पर अंगूठे का निशान लगा दिया, जिसमें कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले की जिम्मेदारी उन पर नहीं है और वह गुजारा भत्ते को लोकसेवा लिए दान दे देंगी। इसके साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि मुस्लिम निजी कानून में किसी तरह का न्यायिक हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए। अदालती फैसले के बाद उपजे विरोध के बीच 1985 के अंत में उत्तर भारतीय राज्यों में उप-चुनाव हुए। इनमें कांग्रेस बुरी तरह पराजित हुई। गुहा अपनी किताब में लिखते हैं कि राजनीतिक विश्लेषकों ने 'शाहबानो मामले' को इसकी वजह बताया।

## करोड़ों खर्च के बाद भी बंद पड़ा है वृद्धाश्रम, अधिकारी मौन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** करोड़ों की लागत से बना वृद्धाश्रम फिर से एक बार बना कर लावारिस छोड़ दिया गया है। हालांकि वृद्धाश्रम से संबंधित अधिकारियों ने 18 नवंबर 2024 को राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता से बातचीत के दौरान कहा था कि विस चुनाव के लिए लगे आचार संहिता के बाद वृद्धाश्रम का संचालन किया जायेगा लेकिन आज इस बात को करीबन 2 महीने हो गए आज भी वृद्धाश्रम में ताला लगा हुआ है। अधिकारियों से संवाददाता द्वारा संपर्क साधने का प्रयत्न किया लेकिन वृद्धाश्रम के विषय पर अधिकारी कोई टिप्पणी ही नहीं करना चाहते हैं। दरअसल राजधानी के मोरहाबादी से कुछ दूर आगे चिरौंदी में वृद्धाश्रम का शिलान्यास वर्ष 2016 में जिला समाज कल्याण विभाग रांची ने किया था। उस समय भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार थी और रघुवर दास मुख्यमंत्री थे। वृद्धाश्रम के भवन का निर्माण कार्य काफी तेजी से हुआ। बेघर बुजुर्गों के लिए वर्ष 2018 तक आलीशान भवन करीब ढाई करोड़ की लागत से बन कर तैयार हो गया।

लेकिन, इसके बनने का फायदा बुजुर्गों को नहीं हुआ। इस वृद्धाश्रम के दरवाजे बेघर वृद्धों के लिए कभी खुले ही नहीं। चिरौंदी में वृद्धाश्रम बने छह वर्ष गुजर गए, लेकिन अब तक बेघर बुजुर्ग बेघर ही हैं, क्योंकि उन्हें इस वृद्धाश्रम में ठिकाना नहीं मिला। संबन्धित अधिकारियों के पास कोई जवाब ही नहीं है।

## एक नजर

### आंगनबाड़ी के 15 बच्चों के बीच बंटे पोशाक

**मोहम्मदगंज।** गोड़ाडीह के करिया आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों में मंगलवार को गरम पैजामा का वितरण किया गया। पैजामा का वितरण उपमुखिया नीलेश कुमार सिंह ने किया। उन्होंने बताया कि इस केंद्र के 15 बच्चों को एक जोड़ा गरम पैजामा दिया गया है। इससे बच्चों में काफी खुशी दिखी। इस मौके पर सेविका दुर्गावती देवी और सहायिका दुलारी देवी मौजूद थीं।

### प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन का 8वां स्थापना दिवस मना

**हुसैनाबाद।** प्राइवेट स्कूल्स एसोसिएशन झारखंड की हुसैनाबाद इकाई द्वारा स्थानीय समता स्कूल में एसोसिएशन का आठवां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन डॉ. जीतेन्द्र प्रसाद ने किया। शुरूआत मां सरस्वती के तस्वीर के समक्ष दीप जलाकर की गयी।इ कार्यक्रम में सर्वोदय विद्या भारती, ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल, राज पब्लिक स्कूल,सनशाइन प्ले स्कूल, समता स्कूल, श्री मां बाल विकास विद्यालय, लक्ष्मी शिशु वाटिका प्ले स्कूल, सक्सेस पब्लिक स्कूल, ब्राइट लैंड पब्लिक स्कूल, स्वामी विवेकानंद स्कूल, शिशु विद्यालय इंटवा आदि के निदेशक शामिल हुए। कार्यक्रम में सभी लोगों ने क्षेत्र में स्वच्छ शैक्षणिक माहौल की दिशा में बेहतर करने की बात कही। अगले बैठक में आगे की रणनीति पर विस्तृत विचार विमर्श की जाएगी। उपस्थित लोगों ने एसोसिएशन को सशक्त बनाने के प्रति प्रतिबद्धता दोहरायी। मौके पर मुख्य रूप से प्रो. शीला सिन्हा, डॉ निरंजन प्रसाद, राज कुमार, मनोज कुमार प्रजापति, डॉ. अक्षय कुमार चौहान, कृष्णा उर्फ कुंदन तिवारी, जयराम राम,मो. नासिर, शषिकेश कश्यप, आशीष कुमार, दशरथ कुमार आदि मौजूद थे।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय के 520 छात्रों को मिली साइकिल

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के हुसैनाबाद उत्क्रमित मध्य विद्यालय एकडरी में सत्र 2024-25 में अनुसुचित जाति, पिछड़ी जाती, अल्पसंख्यक जाति के 520 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। मौके पर कल्याण पदाधिकारी धर्मेंद्र बैठा ने कहा कि राज्य सरकार छात्र-छात्राओं को पठन- पाठन सामग्री के साथ-साथ छात्रवृत्ति व साइकिल की व्यवस्था कर रही है, ताकि विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई कर अपने गांव जिला व राज्य का नाम रौशन करना चाहिए। बीईईओ ने कहा कि सभी छात्रों को शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर पढ़ाई करने की जरूरत है। सरकार दूर दराज से विद्यालय आने में कोई परेशानी न हो,इसके लिए सरकार बच्चों को सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। इसका सदुपयोग करें। परीक्षा में बेहतर परिणाम लाये। मौके पर पथरा पंचायत के मुखिया नरेश पासवान,प्रधानाध्यापक निर्मल कुमार के अलावा कई अभिभावक व छात्र मुख्य रूप से मौजूद थे।

# एसडीएम की छापेमारी में चार अवैध बालू लदे ट्रैक्टर जब्त

## चालक भागने में सफल, पुलिस ट्रैक्टर मालिकों का पता लगाने में जुटी




**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** थाना क्षेत्र के पोंची देवी मंडप के पास एसडीएम सुलोचना मीणा ने मंगलवार को कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से ले बालू ढो रहे चार ट्रैक्टर को जब्त कर पुलिस को सौंप दिया है। मौके से चारों ट्रैक्टर चालक भागने में सफल रहें। पुलिस ट्रैक्टर मालिक का पता लगाने में जुट गई है। एसडीएम की इस कार्रवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप व्याप्त है। जब्त ट्रैक्टर की पुष्टि थाना प्रभारी अंचित कुमार ने की। थाना प्रभारी ने कहा कि चार अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को एसडीएम ने जब्त कर थाना को सौंपा है। पुलिस अब आगे की कार्रवाई करेगी। जानकारी के अनुसार मंगलवार की अहले सुबह एसडीएम ने औरंगा नदी से अवैध रूप से बालू ले कर आ रहे चार ट्रैक्टर को पोंची से पकड़ा।

### पिकअप व मोटरसाइकिल में टक्कर, तीन घायल

**विश्रामपुर।** विश्रामपुर-रेहला मुख्य पथ पर बरवाडीह अमन पेट्रोल पंप के पास मंगलवार को पिकअप व मोटरसाइकिल में टक्कर होने से तीन लोग घायल हो गये। घायलों को विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। वहां तीनो का इलाज चल रहा है। घायलों में जमड़िहा गांव निवासी संजीव कुमार मेहता,उसकी पत्नी ज्ञानती देवी व चंपा देवी का नाम शामिल है। संजीव कुमार मेहता की गंभीर स्थिति को देखते हुये प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर के एमएमसीएच रेफर कर दिया।

## एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार आयोजि एक दिवसीय कार्यशाला में महिलाओं को जागरूक कर सरकार के कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने पर चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज सेवी गोरखनाथ पांडेय ने की। बताते चलें कि गोरखनाथ पांडेय ने विश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र के सभी वार्डों में शिविर लगाकर मंईयां सम्मान योजना से वंचित महिलाओं का सैकड़ों आवेदन संग्रहित कर अंचल कार्यालय में जमा कराया था, जिसमे से 556 महिलाओं को योजना का लाभ मिलना भी शुरू हो गया है। योजना के लाभुक महिलाओं ने कार्यशाला में विश्रामपुर अंचलाधिकारी राकेश तिवारी को सम्मानित किया। समाजसेवी गोरखनाथ पांडेय ने बताया कि विश्रामपुर क्षेत्र में लोगों को जागरूक करने के लिये पिछले तीन दशक से प्रयासरत रहें है। इसके अलावा कई उल्लेखनीय समाजसेवार्थ कार्य भी उनके द्वारा किया गया है। इसके लिये जिला प्रशासन द्वारा हमेशा सहयोग भी मिलता रहा है।

## पंचायत सचिव ने नहीं दिया योगदान, विभागीय परेशानी बढ़ी

▸ जन्म, मृत्यृ, जाति आवासीय नहीं बन पा रहा



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड के हैदरनगर (पश्चिमी) पंचायत में प्रखंड कार्यालय से जारी आदेश के बाद भी पंचायत सचिव के योगदान नहीं किये जाने से सभी विकास कार्य के अलावा समय पर जन्म, मृत्यु, जाति, आवास, स्थानीय आदि प्रमाण निर्गत कराने में विलंब को लेकर ग्रामीणों में रोष है। सैकड़ों ग्रामीणों ने मंगलवार को संबधित पंचायत सचिवालय में जुटकर पंचायत प्रतिनिधियों से उनके कार्य समय से कराने या पद से त्याग देने को हंगामा मचाने लगे। मौके पर उपस्थित मुखिया शहनाज परवीन, पंचायत समिति सदस्य गुलशन आरा व फरहाना खातून ने बताया कि उन्होंने इस समस्या को लेकर पंचायत सचिव को अविलंब योगदान कराने का आग्रह बीडीओ से किया है। इनके कार्यभार में नहीं रहने से पीएम आवास अन्य विकास कार्य प्रभावित रहने के साथ कई प्रमाण निर्गत कराने में लोगों को परेशानी हो रही है। इस स्थिति में पंचायत सचिवालय में मौजूद सामाजिक कार्यकर्ता सज्जू खान, राजू खान, अशरफ हसन आदि ने ग्रामीणों को शांत कराकर उनके समस्याओं को गंभीरता से लेकर प्रशासन तक रखने का भारोसा दिया है। बता दें कि प्रखंड कार्यालय से 18 जनवरी को ही परता व बरडंडा पंचायत के पंचायत सचिव संतोष कुमार तिवारी को संड़ेया, चौकड़ी पंचायत के पंचायत सचिव पंकज कुमार दास को मोकहर कला जबकि बभंडी व खरगाड़ा के पंचायत शैलेन्द्र कुमार चौधरी को हैदरनगर (पश्चिमी) पंचायत का अतिरिक्त प्रभार तत्काल प्रभाव से लेने का आदेश निर्गत किया गया है। बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने बताया कि इस आदेश का उलंघन करने वाले संबधित पंचायत सचिव से स्पष्टीकरण मांगा जायेगा।

## स्टेशन मास्टर की लापरवाही के कारण स्टॉपेज के बावजूद नहीं रुकी कुंभ स्पेशल ट्रेन, हादसा टला



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पूर्व मध्य रेलवे के गढ़वा रोड डेहरी ऑन सोन खंड पर चलने वाली कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन संख्या 07108 का स्टॉपेज जपला रेलवे स्टेशन पर रहने के बावजूद स्टेशन मास्टर की लापरवाही के कारण ट्रेन मंगलवार को जपला स्टेशन पर नहीं रुकी। स्टेशन मास्टर की लापरवाही के कारण बड़ा हादसा होने से इनकार नही किया जा सकता है। इसके पूर्व भी स्पेशल ट्रेन का ठहराव होते आ रहा है। ट्रेन का इंतेजार कर रहे यात्री आवाक रह गए। बाद में आरपीएफ और स्टेशन प्रबंधक ने सूचना देकर ट्रेन को कोसियारा रेलवे स्टेशन पर रुकवाया। यात्रियों को माल गाड़ी के गार्ड बोगी में सवार कर कोसियारा रेलवे स्टेशन भेज कर ट्रेन पकड़वाया गया। रेलवे की इस लापरवाही से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। इसे लेकर रेल प्रशासन के प्रति यात्रियों ने खासी नाराजगी जताई। उक्त ट्रेन से रांची जाने वाले 48 यात्री जपला रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का इंतेजार कर रहे थे। प्लेटफार्म पर वह ट्रेन पर सवार होने के लिए खड़े थे। मगर उनकी आंखों के सामने से ट्रेन जपला रेलवे स्टेशन से पूरी स्पीड में गुजर गई। यात्रियों ने तत्काल आरपीएफ पोस्ट जपला को सूचना दी। आरपीएफ इंस्पेक्टर मीणा ने स्टेशन प्रबंधक से मिलकर ट्रेन को कोसियारा रेलवे स्टेशन पर रुकवाया। सभी 48 यात्रियों को आरपीएफ ने माल गाड़ी की गार्ड बोगी में सवार कर कोशिआरा रेलवे स्टेशन पर उतार कर 3 महिला व 45 पुरुषों को कुंभ स्पेशल ट्रेन में 8:55 बजे सवार कराया। ट्रेन कोसियारा रेलवे स्टेशन से 9:03 बजे रवाना की गई। यात्रियों ने बताया कि उक्त ट्रेन का निर्धारित समय जपला रेलवे स्टेशन पर सोमवार को 21:35 बजे था। ट्रेन को करीब 12 घंटे लेट मंगलवार सुबह 8:05 बजे पहुंचना था। मगर ट्रेन जपला रुकी ही नहीं। रेलवे की इस लापरवाही से यात्रियों में काफी नाराजगी है। उन्होंने रेलवे की इस लापरवाही की जांच करा कर दोषी लोगों पर कार्रवाई की मांग की है।

**आरपीएफ ने अगले स्टेशन पर ट्रेन रुकवा कर यात्रियों को माल गाड़ी से भेज ट्रेन पकड़ाया**

## संविदा कर्मियों को नहीं मिला आठ माह से वेतन



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** झारखंड में बाह्यश्रोत राइडर नामक कंपनी से बहाल कंप्यूटर ऑपरेटर और अन्य कार्यों के लिए बहाल संविदा कर्मियों को आठ माह से वेतन नहीं मिला है, जिससे उनके जीवन यापन कर्ज-उधार के माध्यम खींचा जा रहा है। इस समस्या से जूझ रहे कर्मियों ने बताया कि उन्हें जुलाई 2022 में बहाल ते किया गया, पर दर्द यही है कि उन्हें आज तक किसी भी पर्व त्यौहार में समय पर पैसा नहीं मिला है। हाल के दिनों में जून 2024 से अब तक आठ महीने से सैलेरी मिलने की टकटकी लगी है। उन्हें बच्चों के स्कूल फीस से लेकर छोटी मोटी त्यौहार भी कर्ज लेकर मनाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि एक ओर झारखंड सरकार फ्री में 2500 रुपये हर महीने महिलाओं को पैसा भेज रही है। सरकार राइडर कंपनी पर चाबुक ढ़ीली रख उनके कई माह के वेतन को अवरुद्ध करने में लगी है। उन्होंने कहा कि प्रति कंप्यूटर ऑपरेटर का वेतन 14800 निर्धारित किया गया है। पर इसमें पीएफ के नाम पर कटौती कर मात्र 13000 रुपये ही दिये जाते हैं। वर्ष 2023 से अब तक प्रति कर्मी 1800 रुपये पीएफ के नाम पर काटी गई राशि उनके नाम जमा है कि नहीं, इसका विवरण भी उन्हें नहीं दिया गया है। कंपनी के अधीन बहाल झाडूकस, रात्रि प्रहरी, जीप चालक व अन्य कर्मी की भी हालात बदत्तर बनी है। उन्होंने राज्य सरकार से उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेकर अविलंब समाधान कराने का आग्रह किया है। कंपनी से पूछे जाने पर उनका काम हो जाने का ही हमेशा आश्वासन मिलता रहा है।

## चार वार्डों के 460 जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** नगर परिषद द्वारा मंगलवार को चार वार्डों में 460 जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया।वार्ड एक में पार्षद किरण देवी व कनीय अभियंता संदीप मौर्या ने अभावग्रस्तों के बीच 120 कंबल वितरित किया। वार्ड 14 में वरीय समाज सेवी गोपाल राम व निवर्तमान वार्ड पार्षद कामता प्रसाद ने संयुक्त रूप से वृद्ध असहायों के बीच 120 कंबल का वितरण किया। गोपाल राम ने कहा कि सरकार के हर कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतरना और उसे वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचना हमारी प्राथमिकता है। वार्ड तीन में भी 110 कंबल का वितरण जरूरतमंदों के बीच किया गया। वहां कंबल का वितरण नप उपाध्यक्ष अनिल पांडेय व संसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय द्वारा किया गया। वार्ड चार में समाज सेवी गुलामनबी अंसारी व जेई संदीप मौर्या ने 110 लाभुकों को कंबल दिया।मौके पर अखिलेश विश्वकर्मा,कमलेश चौधरी,राजेश प्रसाद सहित कई लोग मौजूद थे।

## मांगलिक कार्यों में सूर्य उत्तरायण का है विशेष महत्व : पंडित कुंडल तिवारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** सनातन धर्मावलंबियों के लिये सूर्य के उत्तरायण पर आने से सभी मांगलिक कार्य प्रारंभ हो जाते हैं। ज्योतिष पंडित कुंडल तिवारी ने इसकी विशेषता पर कहा कि सूर्यदेव के उत्तरायण के समय में दिन लंबी और रातें छोटी होने लगती है। जबकि दक्षिणायन में ठीक इसके विपरीत रातें लंबी और दिन छोटे हो जाते हैं। सूर्यदेव के उत्तरायण के दौरान शिशिर, वसंत, ग्रीष्म, तीन ऋतु, पड़ती है। सूर्यदेव सभी देवताओं के अधिपति होते हैं। जिससे उत्तरायण को देवताओं का दिन माना जाता है। स्नान, दान, पुण्यकर्म, धार्मिक अनुष्ठान, विवाह, उपनयन, यज्ञ, गृहप्रवेश आदि सभी शुभ मांगलिक कार्य इस अवधि में करना शुभ माना जाता है। उन्होंने कहा कि सूर्यदेव के गोचर मकर राशि में होने से लेकर मिथुन राशि तक उत्तरायण रहता है, जो सभी शुभ कार्यों के लिए विद्वान पंडित पंचांग से, तिथिवार, योग, करण, लग्न, ग्रहों की स्थित देखकर शुभ मुहूर्त निश्चित करते हैं। उन्होंने कहा कि ऋषि-मुनियों नें ज्योतिषीय गणना से पूरे वर्ष को दो अयनों यथा दक्षिणायन और उत्तरायण माना है। मकर, कुम्भ, मीन, मेष, वृष, मिथुन, राशियों तक सूर्य गोचर को उत्तरायण जो देवताओ का दिन के रुप में जाने जाते हैं। वहीं कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु राशियों में गोचर सूर्य को दक्षिणायन में रहने से देवताओ की रात्रि माना है। जब सूर्य एक राशि से दूसरी राशि में प्रवेश करता है उस क्षण को ही संक्रान्ति कहते हैं। उन्होंने इस दौरान किसी भी सनातन धर्म के लोगों को गृहप्रवेश, यज्ञ,विवाह, उपनयन, मुंडन, देव प्राण प्रतिष्ठा आदि कार्यों को करना अति उत्तम माना गया है।

**निरीक्षण**

## नवाबाजार में स्वास्थ्य मेला, 700 मरीजों की जांच

# 25 काउंटरों पर टीबी, शुगर, बीपी सहित विभिन्न रोगों की जांच




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रखंड स्वास्थ्य मेला 2025 के तहत मंगलवार को नवाबाजार प्रखंड कार्यालय के समीप स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इस मेले में 700 से अधिक मरीजों की जांच की गई। जिले के उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद एवं सिविल सर्जन डॉ. अनिल ने मेले में पहुंचकर दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान डीडीसी ने अपना बीपी और सुगर की जांच करवाई और व्यवस्थाओं का आकलन किया। मेले में जांच के लिए 25 से अधिक काउंटर लगाए गए थे, जहां टीबी, बीपी, शुगर, सिकल सेल एनीमिया, कुष्ठ और नेत्र जांच सहित अन्य रोगों की जांच की गई। टीबी के 58 मरीज पाए गए, जिनमें से 10 नए मरीजों को डीएमसी में बेहतर जांच के लिए भेजा गया। 48 पुराने मरीजों को दवाइयां दी गईं। सेंट्रल रजिस्ट्रेशन काउंटर पर आने वाले मरीजों का पंजीकरण किया गया। वजन और हाइट मापने के बाद संबंधित काउंटरों पर उनकी जांच करवाई गई। सात चिकित्सकों की टीम, जिसमें महिला डॉक्टर भी शामिल थीं, ने जांच की। मेले में 42 से अधिक प्रकार की दवाइयां वितरित की गईं और 50 से अधिक आयुष्मान कार्ड ऑनस्पॉट बनाए गए। इस अवसर पर स्थानीय बीडीओ-सीओ, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### गणतंत्र दिवस पर झंडोत्तोलन का समय निर्धारित

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड मुख्यालय के विभिन्न सरकारी और गैरसरकारी संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों में गणतंत्र दिवस पर झंडोत्तोलन का समय बीडीओ रणवीर कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित बैठक में तय किया गया। इसमें प्रखंड कार्यालय में 9.30, पशुपालन विभाग 9.35, थाना 9.45 और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 9.55 बजे का समय तय किया गया। वहीं सिंचाई विभाग, वन विभाग, बीआरसी, स्तरोन्नत रामवि, जेएबावि, एसबीआइ, जेआरजीबी, केनरा बैंक, शिशु शिक्षा मंदिर और एनकेपी उवि में 10 बजे झंडोत्तोलन किया जाएगा। जबकि सभी पंचायत सचिवालयों में 10.15 बजे और जगदेव व अंबेडकर चौक पर क्रमश: 10.30/11 बजे झंडोत्तोलन करने का समय तय हुआ है। बैठक में सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह, थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह, खाद्य आपूर्ति व कृषि प्रभारी पदाधिकारी, मनरेगा बीपीओ आबेदीन अंसारी, प्रशांत कुमार सिंह सहित अन्य कई लोग शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

### मुखिया पर मनमानी का आरोप, वार्ड सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**उंटारी रोड।** पलामू जिले के पांडू प्रखंड अंतर्गत मुसीखाप पंचायत इन दिनों चर्चा में है। कभी अबुआ आवास में अनियमितता का आरोप तो कभी बिना कार्यकारिणी के योजना संचालन और मुखिया द्वारा मनमानी की शिकायत सामने आ रही हैं। मुसीखाप पंचायत के वार्ड सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल प्रखंड विकास पदाधिकारी पांडू रणबीर कुमार को आवेदन सौंपते हुए मुखिया पर मनमानी करने, बिना कार्यकारिणी की बैठक किए योजना संचालित करने की लिखित शिकायत की है। कहा कि जब से मुखिया रुखसाना बीबी बनी हैं, एक बार भी कार्यकारणी की बैठक नहीं हुई हैं, बावजूद पंचायत में योजना संचालित हो रही हैं। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी पांडू रणबीर कुमार ने कहा कि यह बात पहले भी मुझे संज्ञान में आया था। पंचायत में जो भी योजनाएं चल रही है वह पूर्व मुखिया द्वारा कार्यकारिणी में लिया गया था, सिर्फ वही योजनाएं संचालित की जा रही हैं। अगर बिना कार्यकारणी के योजना ली गई होगी तो जाँच कर कार्रवाई की जाएगी। पंचायत की मुखिया रुखसाना बीबी ने कहा कि पूर्व मुखिया द्वारा जो भी योजनाएं संचालित की गई है, सिर्फ वही योजनाएं चल रही है। बुधवार के दिन हम लोग कार्यकारणी की बैठक करेंगे और सुचारू रूप से पंचायत को चलाने का प्रयास करेंगे

### अधौरा में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला से ग्रामीण क्षेत्र को मिला बड़ा लाभ

**मोहम्मदगंज।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अधौरा में सोमवार को संपन्न प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला इस क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए बड़ा लाभदायक सिद्ध हुआ है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला पार्षद प्रतिनिधि युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह ने कहा कि मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी गोरांग महतो, सिविल सर्जन डा. अनिल कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी रणवीर कुमार , प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. शशिभूषण, मुखिया विकास सिंह, उपप्रमुख नगीना कुमार सिंह और आरोग्य समिति के युवा प्रतिनिधि नितिश सिंह के साथ विभिन्न स्टॉलों का मुआयना के दौरान ऐसा पाया गया। जिसमें सभी आयु वर्ग के स्त्री पुरूष में इलाज कराने को लेकर सजगता दिखी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार से समय-समय पर अलग-अलग क्षेत्रों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाने से ग्रामीणों का सरकारी अस्पतालों के इलाज के प्रति भरोसा बढेगा। नीम हकीम खतरे जान और झाड़-फूंक का भरोसा छोड़ ग्रामीणों का एलोपैथी, होम्योपैथी, यूनानी और आयुर्वेदिक चिकित्सा के प्रति विश्वास बढेगा। ग्रामीणों को आर्थिक दोहन से मुक्ति भी मिलेगी। उन्होंने कहा एक ही स्थान में बिना भागदौड़ के सभी प्रकार के मर्ज के 601 मरीजों की स्पेशलिस्ट डाक्टरों ने जांचकर इलाज किया। उन्हें जरूरी परामर्श और उचित दवाई भी दी गई है।

### तैलिक साहू समाज की एकजुटता ही एकमात्र लक्ष्यः रामदास साहू

**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड क्षेत्र के कुंदरी वन विभाग नाका के पास तैलिक साहू समाज द्वारा वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन मंगलवार किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पलामू प्रमंडलीय अध्यक्ष रामदास साहू, विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष ललन साहू को उपस्थित लोगों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि सह तैलिक साहू समाज के पलामू प्रमंडलीय अध्यक्ष रामदास साहू ने कहा कि समाज को एकजुट करना उनका एकमात्र लक्ष्य है। तैलिक साहू समाज को मजबूत करने के लिए वह तन-मन-धन से संकल्पित हैं। प्रमंडल के साथ झारखंड में समाज को मजबूत करना उनका संकल्प हैं। समाज की एकजुटता से ही हक-अधिकार सभी को मिल सकेगा। समाज के प्रत्येक परिवार के सुख-दुःख में भागीदार बनने और समाज को एकजुट करने का संकल्प लिया है। तैलिक साहू समाज की नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड कमेटी के अध्यक्ष की रमेश साहू के अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में शामिल जिला अध्यक्ष ललन साहू ने कहा कि जिले के सभी प्रखंडों में समाज का सम्मेलन कराया जा रहा है। कार्यक्रम में तैलिक साहू समाज के विपिन बिहारी, सुबा साव, अमरेश साव, अशोक प्रसाद, सुखारी साव, विजय साहू, रामलाल साव,रमेश साहू बासुदेव प्रसाद, बच्चन साहू, कंचन प्रसाद, अवधेश कुमार सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

### महाब्राह्मणों का महाकुंभ को लेकर आमंत्रण रथ रवाना

**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम राजोगाड़ी में 13 और 14 अप्रैल को दो दिवसीय महाब्राह्मण महाकुंभ का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारी को लेकर महाब्राह्मण समाज का आमंत्रण रथ मंगलवार को चतरा जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रज किशोर तिवारी ने भगवा झंडा दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही समाज के लोगों को आमंत्रण देने का दौर शुरू हो गया है। राजोगाड़ी में दीप जला कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। साथ ही कार्यक्रम स्थल से संघ के पदाधिकारी पहले दिन भादुमा के लिए रवाना हुए। राजोगाड़ी में महाब्राह्मण संघ के आयोजक समिति द्वारा चतरा जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी को अंग वस्त्र व फूल माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर जिप उपाध्यक्ष ने कहा कि 12 वर्ष बाद पुनः यहां महाब्राह्मण का महाकुंभ का लगने जा रहा है, जिसमें पूरे झारखंड के अलावा अन्य राज्यों से भी समाज के लोग महाकुंभ में पहुंचेंगे। यहां के लोगों ने बहुत बड़ी जिम्मेवारी ली है, और समाज को जोड़ने का कार्य कर रहे है। झारखंड महाब्राह्मण संघ प्रदेश कार्य समिति का पहला आमंत्रण रथ पलामू जिले के भदूमा गांव से शुरू किया गया। रथ सिदे ,महुली ,रेहला आदि गांवों में आमंत्रण देगी। मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष अवधेश तिवारी, प्रदुमन तिवारी, विनोद तिवारी, दीपक तिवारी ,कृष्णा तिवारी, अजय तिवारी ,शिवनाथ पांडे, जितेंद्र तिवारी, राम प्रकाश तिवारी ,तुलसी तिवारी, ललन तिवारी सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

### झंडोत्तोलन का समय निर्धारित

**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड कार्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी जागो महतो ने की। अंचल अधिकारी सुनील कुमार सिंह, थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता, 20 सूत्री अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह भी मौजूद थे। बैठक में प्रखंड कार्यालय, मुख्यालय थाना, पुलिस मुख्यालय, बैंक, पोस्ट ऑफिस, अस्पताल और सभी विद्यालयों में झंडोत्तोलन का समय निर्धारित किया गया। साथ ही गणतंत्र दिवस समारोह के सुचारू संचालन और गरिमा बनाए रखने के लिए प्रोटोकॉल को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों और शिक्षकों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी स्थानों पर झंडोत्तोलन निर्धारित समय पर किया जाए। और अन्य सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए संपन्न हों। साथ हीं इस अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न अधिकारियों ने अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का आश्वासन दिया। बैठक में स्थानीय पुलिस, बैंक प्रतिनिधि, और शिक्षण संस्थानों के प्रमुख भी शामिल हुए। वही बैठक में प्रखंड सह अंचल कार्यालय 08:40 बजे,राम धनी साहू बालिका उच्च विद्यालय 09 बजे, अनुमंडल पुलिस कार्यालय लेस्लीगंज 09:15बजे,थाना लेस्लीगंज09:25 बजे,गांधी चौक 09:35 बजे,राजकीय कृत+2 उच्च विद्यालय 09:45 बजे,पशु अस्पताल 10:15बजे,अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय 10:25 बजे,समुदायिक स्वास्थ केंद्र 10:35 बजे,कस्तूरबा गांधी विद्यालय 10:45 बजे,जैप 8 मुख्यालय 11:15 बजे निर्धारित किया गया।

# झामुमो का सदस्यता अभियान युद्धस्तर पर चलेगा : राजेंद्र सिन्हा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के जिला कार्यालय में संयोजक मंडली की बैठक आयोजित की गई, जिसमें पार्टी के सदस्यता अभियान और पंचायत एवं प्रखंड स्तरीय कमिटी के पुनर्गठन को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक की अध्यक्षता संयोजक प्रमुख राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने की। बैठक में तय किया गया कि 24 जनवरी से छौ-मुहान पर सदस्यता अभियान की शुरूआत की जाएगी और 25 जनवरी को जी एल ए कॉलेज के मैदान में भी अभियान चलाया जाएगा। सदस्यता अभियान को युद्धस्तर पर चलाने का निर्णय लिया गया, और अगले एक महीने के भीतर पलामू जिले में सभी पंचायत और वार्ड समितियों का पुनर्गठन किया जाएगा। इसके साथ ही प्रखंड, नगर और महानगर समितियों का गठन भी होगा। राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने कहा कि पार्टी



पलामू में मजबूत है और हेमंत सोरेन जी की लोकप्रियता सबसे अधिक है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करें और हर वर्ग के लोगों को पार्टी से जोड़ें। संयोजक सदस्य संजीव तिवारी ने बताया कि सबसे अधिक सदस्य बनाने वाले कार्यकर्ता को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे किसी भी भेदभाव के बिना सभी को पार्टी से जोड़ें। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि पार्टी का लक्ष्य पलामू जिले में डेढ़ लाख नए सदस्य जोड़ने का है। बैठक में संयोजक सदस्य सन्नू सिद्धिकी, सुनील तिवारी, संजू देवी, और फजयल अंसारी भी उपस्थित थे।

# नीलगाय की टक्कर से टेंपो पलटा ड्राइवर सहित सात लोग घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पाटन थाना क्षेत्र अंतर्गत बरसैता टांड के पास दोपहर करीब 3:30 बजे नीलगाय की टक्कर से टेंपो पलट गया, जिससे आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायल नेहा कुमारी ने बताया कि वे डाल्टेनगंज से अपने घर टेंपो से जा रहे थे, तभी बरसैता टांड के पास तेज रफ्तार से आई नीलगाय ने टेंपो में टक्कर मार दी और दूसरी दिशा में चली गई। टेंपो दो-तीन बार पलटने से लगभग 7 से 8 लोग घायल हो गए। घायलों में मुकेश कुमार (उम्र 27), काजल कुमारी (उम्र 24), नेहा कुमारी (उम्र 24) और महेश कुमार (उम्र 23) शामिल हैं। महेश कुमार को गंभीर





हालत में एमएमसीएच में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। अन्य घायलों को शहर के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। सभी के परिजन अस्पताल पहुंच चुके हैं।

घायलों को देखकर सुधीर दुबे, जो राजहरा से डालटेनगंज आ रहे थे, ने चार घायलों को अपने ऑटो में सवार कर मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज और अस्पताल पहुंचाया। बेरिया पाटन रोड पर नीलगाय के कारण कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन इस पर जिला प्रशासन का ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान यात्रा का आयोजन

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में 17वें दिन जय बापू जय भीम जय संविधान अभियान यात्रा का आयोजन डाल्टनगंज विधानसभा के रामगढ़ प्रखंड में किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड 20सूत्री उपाध्यक्ष उदय यादव ने किया। कांग्रेस जनों ने सर्वप्रथम संविधान के निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर माला अर्पित कर अभियान की शुरूआत की। इस मौके पर जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि आरक्षण खत्म करने की साजिश के तहत भाजपा संविधान को बदलने की कोशिश कर रही है, जिसे 2024 के आम चुनाव में जनता ने नाकाम किया था। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा डॉ. अंबेडकर का अपमान करना और गृह मंत्री अमित शाह द्वारा सदन में उनके प्रति अपमानजनक बयान देना क्षमा योग्य नहीं है। बिट्टू पाठक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग की कि वे गृह मंत्री अमित शाह से इस्तीफा लें, क्योंकि बाबा साहेब ने जो योगदान देश के आम लोगों के लिए किया है, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस दौरान प्रदेश शिक्षा विभाग के अध्यक्ष श्याम नारायण सिंह, नेता रामाशीष पांडे, कामेश्वर तिवारी, शमीम अहमद और कई अन्य प्रमुख नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# अवैध खनन को लेकर एसडीएम की बड़ी कार्रवाई

**बिना चालान व ओवर लोड 6 हाइवा, अवैध बालू का उठाव करते 3 ट्रैक्टर जब्त**

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** सदर एसडीएम सुलोचणा मीणा ने चैनपुर थाना क्षेत्र में अवैध खनन को लेकर मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की। एसडीएम ने इस दौरान 6 हाइवा जब्त कर लिया। जब्त छह हाइवा में तीन बिना चालान का था, जबकि तीन ओवरलोड पाया गया। सभी पर कार्रवाई के लिए एसडीएम ने खनन पदाधिकारी के पास अग्रेत्तर कार्रवाई के लिए भेज दिया है। एसडीएम ने चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर व कल्याणपुर इलाके में कोयल नदी से बालू उठाव कर रहे तीन ट्रैक्टर को जब्त किया। मौके से एक ट्रैक्टर को चालक ट्रैक्टर लेकर भागने में सफल रहा। सदर एसडीएम की इस कार्रवाई से बालू माफियाओं के बीच हड़कंप मच गया। एसडीएम ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि चैनपुर थाना क्षेत्र से अवैध बालू का उठाव किया जा रहा है। सूचना के आलोक में मेदिनीनगर से स्पेशल टीम का गठन कर सुबह 5 बजे बालू घाटों पर छापेमारी की गई। जब्त हाइवा व ट्रैक्टर मालिकों पर प्राथमिकी दर्ज करायी जायेगी।

## अनियंत्रित होकर पलटा हाइवा

**चैनपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत अनाड़ीढोड़ा स्थित केहुनिया मोड़ के समीप मंगलवार को 9 से 10 बजे के बीच में अनियंत्रित हाइवा पलट गई। बताया जाता है कि हाइवा छड़ लोड कर नवादी से मेदिनीनगर शहर की ओर जा रहा था। इस बीच के केहुनिया मोड़ के समीप विपरीत दिशा से आ रहे पिकअप सवारी गाड़ी की तेज रफ्तार के कारण चालक अपना संतुलन खो बैठने से सड़क किनारे हाइवा पलट गई। इस मामले में स्थानीय कुटी गांव निवासी आनंद कुमार ने बताया कि आए दिन इस प्रकार की दुर्घटना होते रहती है। दुर्घटना का कारण गाड़ियों की तीव्र गति से आवागमन, ओवरलोडिंग, तीखी मोड़ के कारण कई बार लोगों की जान चली जाती है। उन्होंने इस संबंध में स्थानीय जनप्रतिनिधि व प्रशासन से साईन बोर्ड व तीखी मोड़ पर सड़क चौड़ीकरण सहित सड़क सुरक्षा से संबंधित दिशा में पहल करने की अपील की।

# अब शहर को भी क्रिकेट कोचिंग अकादमी की आवश्यकता : अरुणा शंकर

**बच्चों ने मेरे जन्मदिन को खास बना दिया**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर में इलेवन फाइटर क्रिकेट क्लब द्वारा हिंदू एकता दल के सहयोग से आयोजित क्रिकेट टूनामेंट का उद्घाटन मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने किया। उद्घाटन करते हुए महापौर ने कहा कि क्रिकेट आज युवाओं का सबसे लोकप्रिय खेल बन चुका है, जिसकी लोकप्रियता विदेशों तक फैली हुई है। हमारे देश के कई खिलाड़ी छोटे शहरों से शुरू होकर देश और विदेश में देश का नाम रोशन कर रहे हैं।

महापौर ने विशेष रूप से झारखंड के महेन्द्र सिंह धोनी का उदाहरण दिया, जो इस पृष्ठभूमि से आगे बढ़े और क्रिकेट की दुनिया में सबसे बड़े सरताज बने। धोनी कई बार डालटेनगंज में भी मैच खेलने आए, जो हमारे शहर के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा, 'अब हमारा शहर धीरे-धीरे बड़े शहरों की तरह विकसित हो रहा है, और अब यहां एक क्रिकेट कोचिंग अकादमी की आवश्यकता है, जहां युवा क्रिकेट की बारीकियां सीख सकें और हमारे शहर से भी एक धोनी निकल सके। यह तभी संभव है जब हम एक बेहतरीन क्रिकेट कोचिंग अकादमी और प्रशिक्षक उपलब्ध कराएं, और इसके लिए मैं प्रयास करूंगी।'

कार्यक्रम के अध्यक्ष सनत गुप्ता, सोम गुप्ता, रोशन गुप्ता, सचिन गुप्ता और चंदू कमलापुरी ने महापौर अरुणा शंकर के जन्मदिन के अवसर पर केक काटकर कार्यक्रम की शुरूआत की, जिससे महापौर भावुक होते हुए बोलीं, 'बच्चों ने मेरे जन्मदिन को खास बना दिया।'

इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे, शैलू चंद्रवंशी, संजय गुप्ता, अनिल गुप्ता, विजय कमलापुरी, सलामुद्दीन खान, प्रदीप प्रसाद, राजू सोनी और दोनों टीम के कप्तान सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## सरस्वती पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर जे एन दीक्षित छात्रावास में हुई बैठक

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय, मेदिनीराय स्थित जीएलए कॉलेज के अंतर्गत संचालित जे एन दीक्षित छात्रावास में मंगलवार को सरस्वती पूजा महोत्सव 2025 के आयोजन को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में छात्रावास के सभी छात्रों ने इस वर्ष सरस्वती पूजा को धूमधाम से मनाने का संकल्प लिया।

## अवैध अफीम खेती का भंडाफोड़ : दो गिरफ्तार उपकरण बरामद

**मेदिनीनगर।** गुप्त सूचना के आधार पर मनातू थाना अंतर्गत ग्राम-जसपुर, टोला-गौरया के जंगल क्षेत्र में अवैध अफीम की खेती का भंडाफोड़ किया गया। इस कार्रवाई में छापामारी दल ने दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया और उपकरण बरामद किए। करीब 9:20 बजे सूचना मिली कि ग्राम-जसपुर के जंगल क्षेत्र में अवैध अफीम की खेती हो रही है। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए, अधिकारियों के निर्देशानुसार छापामारी दल का गठन किया गया।

**छापामारी दल में मनातू :** थाना प्रभारी, सहायक अवर निरीक्षक तुराम पुर्ती, सत्येन्द्र कुमार, वन विभाग मनातू प्रक्षेत्र के प्रभारी वनपाल अमरेश कुमार पासवान वन विभाग के अधिकारी आशुतोष कुमार तिवारी शामिल रहे।

# 30 जनवरी से 14 फरवरी तक चलेगा स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान

**कुष्ठ रोग से बचाव और जागरूकता के लिए ग्राम स्तर पर होंगी गतिविधियां**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद की अध्यक्षता में मंगलवार को उनके कार्यालय कक्ष में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान 2025 और कुष्ठ रोग खोज अभियान (द्वितीय चक्र) की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई।बैठक में डीडीसी अहमद ने ग्राम गोष्ठी का आयोजन, आंगनबाड़ी, स्कूलों और स्वास्थ्य केंद्रों में शपथ ग्रहण कराने और कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए। सिविल सर्जन डॉ. अनिल ने बताया कि 30 जनवरी से 14 फरवरी तक चलने वाले इस अभियान में पिछले 5 वर्षों में कुष्ठ रोगियों की पहचान वाले गांवों में सहिया और पुरुष स्वयंसेवक घर-घर जाकर शारीरिक जांच करेंगे और रोग के प्रति जागरूक करेंगे। अभियान के दौरान बताया जाएगा कि कुष्ठ कोई अभिशाप या पुश्तैनी रोग नहीं है। इसका नियमित उपचार इसे पूरी तरह ठीक कर सकता है। दवाइयां सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर मुफ्त उपलब्ध हैं।

सिविल सर्जन ने सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को अपने प्रखंडों में बैठक आयोजित कर अभियान की जानकारी सहिया और अन्य संबंधित लोगों तक पहुंचाने का निर्देश दिया। बैठक में जिला कुष्ठ रोग सलाहकार डॉ. अनूप कुमार, सभी प्रखंडों के एमओआईसी, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# नाई महासभा की बैठक में जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाने का निर्णय

**चैनपुर के टेंपो स्टैंड में स्थापित कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर पूर्वाह्न 9 बजे होगा माल्यार्पण**

**मेदिनीनगर।** नाई महासभा की बैठक आज मेदिनीनगर के बस स्टैंड के समीप आयोजित की गई, जिसमें 24 जनवरी 2025 को भारत रत्न से सम्मानित बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती समारोह मनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम सुबह 9 बजे चैनपुर के टेंपो स्टैंड में स्थित कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित करने के साथ शुरू होगा। कार्यक्रम के तहत नाई महासभा के सभी सदस्य शाहपुर के स्वामी विवेकानंद चौक से बाइक रैली के माध्यम से चैनपुर पहुंचेंगे। इस दौरान यातायात नियमों का सख्ती से पालन किया जाएगा।

नाई महासभा के अध्यक्ष धनंजय ठाकुर ने नाई समाज के सभी लोगों और आम जन से अपील की है कि वे कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करें और उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लें। उन्होंने कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अन्य लोगों से भी भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि जननायक कपूर्री ठाकुर सभी वर्गों की बात करते थे, और उनकी जयंती पर जनभागीदारी सुनिश्चित कर उनकी सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करना चाहिए। बैठक में उपाध्यक्ष मंजीत ठाकुर, कोषाध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर, सचिव उपेंद्र ठाकुर, अनुज कुमार ठाकुर, मनोज ठाकुर, राजेश ठाकुर, बबलू ठाकुर, नागेंद्र ठाकुर, सुरेंद्र ठाकुर, आदित्य ठाकुर, सत्य प्रकाश ठाकुर, दशरथ ठाकुर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता माह में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरूकता माह के अवसर पर जिला परिवहन विभाग और वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय गिरिवर स्कूल के मैदान में सड़क सुरक्षा से संबंधित रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का हिस्सा था, जिसे पलामू की जनता में काफी सकारात्मक प्रभाव प्राप्त हुआ है। इस सफल आयोजन में जिला परिवहन विभाग ने ट्रस्ट के सदस्यों के साथ मिलकर भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ट्रैफिक प्रभारी शमाल अहमद रहे, जबकि संस्था की सचिव शर्मिला वर्मा और गिरिवर स्कूल के प्राचार्य नीरज कुमार द्विवेदी ने मिलकर प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कार वितरित किए। टीम वरदान के मन्नत सिंह बग्गा, राखी सोनी, फरहा नाज, विवेक वर्मा और शुभम बिहारी ने आर्ट टीचर आकांक्षा मैम के साथ मिलकर रंगोली बना रहे बच्चों को मार्गदर्शन किया और प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थानों का निर्धारण किया।

# राजेंद्र चिकित्सा विज्ञान संस्थान के निदेशक ने किया एमएमसीएच का दौरा

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** मंगलवार को राजेंद्र चिकित्सा विज्ञान संस्थान के निदेशक, डॉ. राजकुमार ने मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (एमएमसीएच) का दौरा किया। डॉ. राजकुमार ने अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग के सर्जरी वार्ड और पिक वार्ड की स्थिति का निरीक्षण किया, साथ ही नई बिल्डिंग में स्त्री रोग ओटी, गाइनी ओटी और एसएनसी का भी दौरा किया। उन्होंने अस्पताल में लगी मशीनों का भी निरीक्षण किया और उनकी सराहना की। डॉ. राजकुमार ने कहा कि सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर गंभीर है। एमएमसीएच का दौरा करने के बाद उन्होंने कहा कि अस्पताल की स्थिति अच्छी है और यहां के डॉक्टर भी योग्य हैं, लेकिन कुछ समस्याएं निचले स्तर पर हैं। खासकर, स्पेशल नर्स और ओटी टेक्नीशियन जैसी स्किल कर्मचारियों की कमी है, जिसे जल्द पूरा किया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि कई फैकल्टी सदस्य प्रमोशन के कारण महाविद्यालय छोड़ रहे हैं, जिसे सुधारने की आवश्यकता है।

डॉ. राजकुमार ने कहा कि वह अस्पताल की स्थिति को देखकर झारखंड सरकार को रिपोर्ट देंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अगर भारत सरकार के मानकों के हिसाब से मेडिकल कॉलेज का आकलन किया जाए, तो एमएमसीएच एक उत्कृष्ट संस्थान बन सकता है। उनका मानना है कि मेडिकल कॉलेज में सभी सुविधाएं पूरी होने पर रांची के रिम्स में लगने वाली भीड़ में कमी आएगी। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज के विकास में थोड़ा समय लगेगा, लेकिन सरकार और प्रशासन मिलकर इस दिशा में काम कर रहे हैं।

# जिले के तीन सीएम उत्कृष्ट विद्यालय में नामांकन शुरू, 641 सीटों पर होगा दाखिला

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के तीन मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जानकारी के अनुसार, सीबीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त इन विद्यालयों में 10 फरवरी तक नामांकन के लिए आवेदन किए जा सकते हैं। आवेदन ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से भरे जा सकते हैं। प्राप्त आवेदनों की जांच के बाद, एक मार्च 2025 को प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी, और 10 मार्च को मेधा सूची प्रकाशित की जाएगी। मेधा सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को 11 से 22 मार्च तक नामांकन पूरा करना होगा। झारखंड शिक्षा परियोजना पलामू से प्राप्त जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय जिला स्कूल में कुल 312 विद्यार्थियों का दाखिला होगा। इसमें छठी कक्षा में 80, सातवीं में 9, आठवीं में 3, नौवीं में 40, और




ग्यारहवीं के तीनों स्ट्रीम में प्रवेश मिलेगा। वहीं, उत्कृष्ट विद्यालय केजी स्कूल में कुल 304 छात्राओं का दाखिला होगा। इसमें छठी कक्षा में 40, सातवीं और आठवीं में 1-1, नौवीं में 82, और ग्यारहवीं के आर्ट तथा कॉमर्स स्ट्रीम में 60 छात्राओं का एडमिशन होगा।

चैनपुर स्थित मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय कस्तूरबा गांधी में छठी कक्षा में 25 छात्राओं का एडमिशन होगा। एपीओ मनोज मिश्रा ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया में जिला स्तर पर आरक्षण का पालन किया जाएगा, और ऑफलाइन आवेदन संबंधित विद्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं। नए सत्र की कक्षाएं 1 अप्रैल 2025 से शुरू होंगी।

## न्यूज बॉक्स

### एमएमसीएच के ओपीडी का समय बदला




**मेदिनीनगर।** राज्य सरकार के आदेश पर मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के ओपीडी के समय में बदलाव किया गया है। अब ग्रीष्मकाल में ओपीडी सुबह 8:00 बजे से 12:00 बजे तक और दोपहर में 3:00 से 5:00 बजे तक चलेगा। वहीं, ठंड के मौसम में ओपीडी सुबह 9:00 बजे से 1:00 बजे तक और शाम 4:00 बजे से 6:00 बजे तक रहेगा। पहले अस्पताल में ओपीडी का समय सिर्फ सुबह 9:00 बजे से लेकर दोपहर 2:00 बजे तक था, लेकिन अब सरकार के आदेश के बाद ओपीडी दोनों समय सुबह और शाम में उपलब्ध रहेगा, ताकि मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस बदलाव पर कुछ लोगों ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उनका कहना है कि ग्रीष्मकाल में जो शाम का समय निर्धारित किया गया है, वह शीतकाल में होना चाहिए, जबकि शीतकाल का समय ग्रीष्मकाल में होना चाहिए। उनका तर्क है कि शीतकाल में रात जल्दी होती है और ग्रीष्मकाल में देर से, जिससे दूर-दराज से आने वाले मरीजों को अधिक सुविधा होगी।

### महिला सशक्तिकरण और बालिका प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**मेदिनीनगर।** 21 जनवरी 2025 को महिला थाना प्रभारी, छतरपुर ने थाना के महिला आरक्षियों के साथ ग्राम लठैया में आयोजित बालिका प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया। यह कार्यक्रम विद्या विहार वाटिका विद्यालय में आयोजित किया गया, जहां विद्यालय की छात्राओं और छात्रों को महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों पर जागरूक किया गया। महिला थाना प्रभारी ने महिला सशक्तिकरण, घरेलू हिंसा, और महिलाओं एवं बच्चों के खिलाफ हो रहे अपराधों से बचाव के उपायों पर जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को बाल विवाह से बचने और अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या आने पर पुलिस की मदद लेने में झिझक न करें। टोल-फ्री नंबर 112 की जानकारी देते हुए उन्होंने भरोसा दिलाया कि शिकायत मिलने पर पुलिस त्वरित कार्रवाई करेगी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें हर प्रकार की चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रेरित करना था।

### किशुनपुर में डायन कुप्रथा और सामाजिक अंधविश्वास के खिलाफ जागरूकता अभियान

**पाटन।** किशुनपुर ओपी क्षेत्र में डायन कुप्रथा और समाज में व्याप्त अंधविश्वास के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में किशुनपुर के सामाजिक कार्यकताओं और युवाओं ने सक्रिय भागीदारी की। जागरूकता अभियान किशुनपुर के मुख्य स्थानों, किशुनपुर मध्य विद्यालय और किशुनपुर हाईस्कूल में आयोजित किया गया। इसमें बच्चों और स्थानीय समुदाय को डायन कुप्रथा जैसी प्रथाओं के सामाजिक और कानूनी दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को डायन प्रथा को समाप्त करने के लिए बनाए गए सख्त कानूनों की जानकारी दी गई। उन्हें यह भी बताया गया कि ऐसी प्रथाओं से जुड़ी घटनाओं को रोकने और प्रभावित व्यक्तियों की सुरक्षा के लिए कानूनी मदद कैसे ली जा सकती है। अभियान का उद्देश्य समाज को जागरूक बनाना और कुप्रथाओं के खिलाफ सामूहिक रूप से आवाज उठाने के लिए प्रेरित करना था।

### सात दिनों में मांग पूरी नहीं हुई तो होगा आंदोलन : विद्यार्थी परिषद




**मेदिनीनगर।** मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के जनता शिवरात्रि महाविद्यालय इकाई के कार्यकताओं ने कॉलेज में व्याप्त शैक्षणिक अराजकता और बुनियादी समस्याओं को लेकर प्राचार्य सुरेंद्र पांडे को ज्ञापन सौंपा। कॉलेज अध्यक्ष आकाश वर्मा के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में गर्ल्स कॉमन रूम का निर्माण, विद्यार्थियों के लिए कॉलेज आईडी कार्ड अनिवार्य करना, 75% उपस्थिति नियम लागू करने, क्लास रूटीन प्रकाशित करने, आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा शीघ्र कराने और महाविद्यालय में शौचालयों की सफाई सुनिश्चित करने की मांग की गई। परिषद ने बीबीए, एमबीए और एमकॉम के शिक्षकों व स्टाफ के लिए सात दिनों के भीतर बायोमेट्रिक उपस्थिति की व्यवस्था करने का भी आग्रह किया। इस दौरान नगर कार्यालय मंत्री उत्कर्ष तिवारी ने चेतावनी दी कि यदि सात दिनों में मांग पूरी नहीं हुई तो परिषद जोरदार आंदोलन करेगी। कॉलेज मंत्री खुशबू कुमारी ने कहा कि वर्तमान प्राचार्य की लचर कार्यशैली के कारण महाविद्यालय की स्थिति खराब हो रही है। कार्यक्रम में जिला संयोजक नितीश दुबे, कॉलेज उपाध्यक्ष आदर्श थापा, सह मंत्री अभिषेक कुमार, सचिन तिवारी, अनुराग पांडे और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### निगम कर्मी के साथ नोडल पदाधिकारी ने की बदसलूकी जैकेट उतरवाया, विरोध में फेडरेशन करेगा आंदोलन

**मेदिनीनगर।** नगर आयुक्त के आदेशानुसार ठंड से बचने के लिए निगमकर्मियों को जैकेट वितरित किया गया था। इस कार्यक्रम के तहत नगर निगम के बिजली मिस्त्री कमलेश्वर कुमार उर्फ मुन्ना मिस्त्री को भी जैकेट दिया गया। लेकिन सिटी मैनेजर सह नोडल पदाधिकारी सतीश कुमार ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए और गाली-गलौज करते हुए मुन्ना मिस्त्री से जैकेट उतरवा लिया। यह घटना 15 जनवरी को लगभग 2:30 बजे हुई। इस घटना के बाद मुन्ना मिस्त्री ने अपनी शिकायत झारखंड लोकल बॉडीज इंप्लाइज फेडरेशन से की, और फेडरेशन ने इसे नगरकर्मियों के साथ अपमान मानते हुए नगर आयुक्त से न्याय की मांग की। फेडरेशन ने नगर आयुक्त से तीन दिन के भीतर न्याय और कार्रवाई की मांग की थी, और अल्टीमेटम दिया था कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो लोकतांत्रिक पद्धति से हड़ताल की जाएगी। तीन दिन बाद, 21 जनवरी को फेडरेशन ने नगर आयुक्त को लिखित आवेदन दिया और 22 जनवरी से काला बिल्ला लगाकर कार्य करने का निर्णय लिया। इसके बाद 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के सम्मान में बिना बिल्ला काम करने और 27 जनवरी से सभी कर्मियों की हड़ताल का अल्टीमेटम दिया गया। फेडरेशन के विशुन राम ने कहा कि 15 जनवरी को घटित यह घटना निंदनीय है और फेडरेशन से जुड़े कर्मचारियों में आक्रोश है। यदि हड़ताल से नगर निगम के नागरिकों को कोई परेशानी होती है, तो इसके लिए नगर निगम प्रशासन जिम्मेदार होगा।

# अनियंत्रित होकर बाइक पलटा

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, एक घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर श्री बंशीधर नगर मुख्य पथ के कड़ियां धाम के समीप बीती रात्रि बाइक अनियंत्रित होकर पलटने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को भवनाथपुर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ, दिनेश सिंह अपने निजी वाहन से भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार करने के बाद दोनों घायलों को 108 एंबुलेंस से रेफर कर दिया गया, परंतु गढ़वा जाने के दरौन एक व्यक्ति श्याम राज भुइंया पिता त्रिभुवन कुमारा की मौत हो गई। घायल में भानू राम पिता सुमेर राम कुपा का इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलने पर थाना के एसआई परवेज आलम नें अस्पताल पहुंच कर जानकारी ली और बाइक को जब्त कर थाना ले गएं।



## एक दिवसीय स्वास्थ्य मेला 24 जनवरी को

**केतार।** केतार बाजार स्थित राजकीय मध्य विद्यालय के प्रांगण में 24 जनवरी को भवनाथपुर सीएचसी के द्वारा एकदिवसीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जायेगा। इसकी जानकारी देते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य मेला में कुष्ठ,टीवी, मातृ स्वास्थ्य, दंत रोग,चर्म रोग, दर्द, बुखार,आयुर्वेद, होम्योपैथी, टीकाकरण, मलेरिया सहित सामान्य बीमारियों की जांच कर इलाज किया जाएगा। शिविर में आयुष्मान कार्ड, आभा कार्ड भी निःशुल्क बनेगा। इस दौरान लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी किया जायेगा। इसके लिए सभी गांव में एएनएम, स्वास्थ्य सहिया के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

# बिजली चोरी मामले में चार पर प्राथमिकी

**नवीन मेल संवाददाता**

**धुरकी।** थाना क्षेत्र के घघरी पंचायत अंतर्गत चैनपुर गांव में विद्युत विभाग ने चार लोगों पर बिजली चोरी के आरोप में थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज करने के लिए मंगलवार को आवेदन दिया है। इस संबंध मे विभाग के अमल राय ने बताया कि विद्युत विभाग के वरीय अधिकारियों के निर्देश पर टोका फंसाकर विद्युत चोरी करने के विरूद्ध सोमवार को चैनपुर गांव में छापेमारी अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया की इस छापेमारी अभियान मे निरपत यादव को बिना किसी वैद्य कनेक्शन के मुर्गी फार्म मे टोका फंसाकर विद्युत चोरी करने के आरोप मे 27 हजार 594 रुपए का विभागीय जुमार्ना के साथ एफआईआर दर्ज कराई गई है। विनय यादव पर 16 हजार 550 रुपए, रामनाथ कुशवाहा पर 27 हजार 594 रुपए व देवनंदन कुशवाहा पर भी 27 हजार 594 रुपए के जुर्माना के साथ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उन्होंने आम उपभोक्ताओं से अपील की की बिना कनेक्शन के विद्युत का उपयोग करना गैरकानूनी कार्य की श्रेणी मे आता है। इससे सरकार के राजस्व का नुकसान होता है। छापेमारी अभियान मे विद्युतकर्मी सदाम अंसारी, मंजुर अंसारी सहित अन्य शामिल थे।




## सिलिदाग पंचायत में कृषि गोष्ठी का आयोजन

**रमना।** सिलिदाग पंचायत सचिवालय में बुधवार को कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया है, जिसमें किसानों को कृषि कार्य हेतु आधुनिक और उन्नत विधि की जानकारी दी जाएगी। इस बात की जानकारी देते हुए मुखिया अनीता देवी ने बतायी कि पंचायत सचिवालय में सभी किसानों के बैठने के लिए पर्याप्त जगह नहीं है, इसीलिए इस कार्यक्रम को पंचायत सचिवालय के अलावा बिवाटीकर चौपाल पर भी आयोजित किया जायेगा। पंचायत सचिवालय में सिलिदाग मौजा के कृषक भाग लेंगें और मंगरा मौजा के बिवाटीकर में मंगरा बिवाटीकर के किसान भाग लेकर आधुनिक कृषि कार्य पद्धति की जानकारी प्राप्त करें। साथ ही कृषि कार्य को उन्नत बना कर जीवन यापन को बेहतर बनाये।

## एक नजर

### झंतोत्तोलन के लिए समय निर्धारित

**नवीन मेल संवाददाता**

**बड़गड़।** गणतंत्र दिवस को ले कर प्रखंड के विभिन्न कार्यालय में झंडोत्तोलन के लिए मंगलवार को बैठक आयोजित की गई। प्रखंड प्रमुख शांति देवी की अध्यक्षता व प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार एवं अंचलाधिकारी राकेश भूषण सिंह के नेतृत्व में प्रखंड के विभिन्न कार्यालयों में झंडोत्तोलन के समय निर्धारित किया गया। प्रखंड कार्यालय बड़गड़ में पूर्वाहन 8:30 बजे, इसी प्रकार उप स्वास्थ्य केंद्र में 9:00 बजे,थाना परिसर में 9:15 बजे , झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक में 9:20 बजे, परियोजना उच्च विद्यालय में 9:30 बजे, राजकीय उच्च विद्यालय बोडरी में 9:40 बजे , सभी पंचायत सचिवालय प्रखंड बड़गड़ में 9:50 बजे, पशुपालन विभाग में 10:00 बजे, सीएलएफ कार्यालय बड़गड़ में 10:15 बजे,सीएलएफ कार्यालय परसवार में 10:15 बजे झंडोत्तोलन के लिए समय निर्धारित है। बैठक में उपरोक्त लोगो के अलावे ,सभी विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### प्रखंड कार्यालयों में झंडोत्तोलन का समय निर्धारित



**खरौंधी।** प्रखंड कार्यालय में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के झंडोत्तोलन को लेकर मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी रवींद्र कुमार की अध्यक्षता में बैठक किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से खरौंधी प्रखंड के 10 स्थानों पर झंडोत्तोलन को लेकर समय का निर्धारण किया गया, जिसमें प्रखंड कार्यालय खरौंधी में 8:30 बजे,मध्य विद्यालय खरौंधी में 8:55 बजे, उच्च विद्यालय खरौधी 9:10 बजे, तहसील भवन खरौंधी 9:25 बजे,उपस्वास्थ्य केंद्र खरौंधी में 9:45 बजे,झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक खरौंधी 10:00,बीआरसी खरौंधी 10:05 शाखा डाकघर खरौंधी 10:20बजे,थाना खरौंधी 10:35 एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय खरौंधी में 11:00 बजे झंडोत्तोलन को लेकर समय निर्धारित किया गया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी रवींद्र कुमार ने कहा कि गणतंत्र दिवस पर प्रखंड कार्यालय द्वारा 10 स्थानों के लिए ही समय निर्धारित किया गया है। बाकी सभी संस्थाओं पर स्वयं समय निर्धारण कर झंडोत्तोलन कर सकते हैं। बैठक में अंचल पदाधिकारी गौतम कुमार लकड़ा,थाना प्रभारी रवि कुमार केशरी,उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य, बीपीओ अंकित कुमार,,नाजिर संजय सक्सेना,कौशलेश शुक्ला,मयंक कुमार,भाजपा के वरिष्ठ नेता बसंत कुमार यादव,राजेश कुमार रजक,झामुमो नेता हिफाजत अंसारी,विनोद यादव शिक्षक उदय प्रताप,इंदल पासवान सहित कई लोग उपस्थित थे।

# उपायुक्त से चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति रद्द करने की मांग



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि डॉक्टर लालमोहन ने अपने टीम के साथ उपायुक्त को सीएचसी मेराल में पदस्थापित चिकित्सकों की अन्यत्र की गई प्रतिनियुक्ति रद्द कर वापस करने को लेकर लिखित मांग पत्र सौंपा है। मेराल में पदस्थापित तीन चिकित्सक उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए विरमित हो गए हैं। साथ ही यहां के पदस्थापित तीन अन्य चिकित्सक को अन्यत्र जगह पर प्रतिनियुक्ति किया गया है। जिससे मेराल प्रखंड मुख्यालय का सामुदायिक अस्पताल जिस पर लगभग ढाई लाख की आबादी के साथ आकस्मिक दुर्घटना व स्वास्थ्य सुविधा पर व्यापक असर पड़ रहा है। इसमें मेराल में पदस्थापित तथा डॉ दीपक कुमार सिन्हा एवं डॉ कुमार पीयूष का अन्यत्र किए गए प्रतिनियुक्ति अविलंब रद्द कर इनकी सेवा मेराल सीएचसी में किया जाए। जिससे इस अस्पताल में आने वाले मरीजों को चिकित्सा सेवा मिल सके। मौके पर गढ़वा जिला स्वास्थ्य विभाग के विधायक प्रतिनिधि अद्याशंकर पाण्डेय,गढ़वा जिला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरेंद्र कुमार द्विवेदी,भाजपा दक्षिणी मंडल अध्यक्ष मनोज जायसवाल सहित कई लोग उपस्थित थे।

# मंईयां सम्मान योजना की राशि से वंचित महिलाएं प्रखंड कार्यालय का लगा रही चक्कर



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** झारखंड सरकार द्वारा महिलाओं की हित में चलाई जा रही अतिमहत्वाकांक्षी मंईयां सम्मान योजना के तहत मिलने वाली पेंशन की राशि से प्रखंड के कई महिलाएं वंचित है। मंईयां सम्मान का फार्म भरने तथा संबंधित कर्मियों की सत्यापन के बाद योजना की पात्रता रखने वाली महिला लाभुक पेंशन की राशि मिलने की आस लिए पिछले पांच माह से प्रखंड कार्यालय का चक्कर काट रही है। मंगलवार को कैलान पंचायत के नीलम देवी, सरिता देवी, नीलम देवी, रजवंती कुमारी, रजवंती देवी, गीता देवी, सोनांचल देवी, कलवंती देवी, ममता कुमारी, शोभा देवी सहित दो दर्जन से अधिक महिला लाभुको ने प्रखंड मुख्यालय पहुंच कर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रामप्रताप यादव से पेंशन की राशि दिलाने की गुहार लगाई। महिलाओं ने बताया कि हम सभी अगस्त माह में ही मंईयां सम्मान योजना का फार्म भरकर प्रखंड कार्यायल में जमा कर चुके है, लेकिन योजना की पहली किस्त तो क्या पिछले छः माह के दौरान हम सभी के बैंक खाते में एक रुपया भी नहीं डाला गया है। कहा कि मंईयां सम्मान पाने के लिए पिछले कई माह से प्रखंड का चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन कार्यालय के ऑपरेटर द्वारा योजना स्वीकृत होने तथा कभी मंईयां सम्मान योजना का पोर्टल बंद होने की बात कहा जाता है।

## न्यूज बॉक्स

### प्रोटेक शाइन पेंट्स कंपनी का कलर गैलेक्सी मशीन का शुभारंभ



**हुसैनाबाद।** मदरसा मार्केट स्थित जनता हार्डवेयर एंड प्लाई हाउस प्रोटेक शाइन पेंटस कंपनी का कलर गैलेक्सी मशीन का शुभारंभ किया गया। इसका उद्घाटन कंपनी के जेनरल मैनेजर मनीष मिश्रा व प्रोपराइटर शाकीर अली के पिता मोहम्मद ताहिर अली ने संयुक्त रूप से मशीन का शुभारंभ किया। प्रोपराइटर शाकीर अली ने बताया कि हमारे यहां प्रोटेक शाइन पेंटस कंपनी का हर प्रकार का पेंटस उपलब्ध है। हर प्रकार के कलर्स के पेंटस तुरंत हाथों-हाथ बनाकर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि हमारे यहां मशीन के शुभारंभ के मौके पर प्रीमियम क्वालिटी में 30 प्रतिशत की छूट दिया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि इस छूट का अधिक से अधिक फायदा उठाएं। छूट लिमिट समय के लिए है। कंपनी के जेनरल मैनेजर मनीष मिश्रा ने बताया कि हमारी कंपनी का पेंट टिकाऊ एवं उत्तम क्वालिटी का है,जो दूसरी कंपनियों से बेहतर मिलेगा। हर प्रोडक्ट पर गारंटी भी मिलेगा। मौके पर कंपनी के जोनल मैनेजर राहुल राज सिंह, एरिया सेल्स ऑफिसर संजीव कुमार तिवारी, डॉ.एजाज आलम के अलावा कई लोग मौजूद थे।

### खराब ट्रॉसफार्मर की सूचना देने की अपील

**केतार।** प्रखंड के परसोडीह पंचायत के मुखिया बसंती देवी पंचायत के लोगों से आग्रह किया है कि जिस वार्ड क्षेत्र में विद्युत ट्रांसफार्मर खराब है तो, इसकी सूचना अवश्य दें। ताकि तत्काल खराब ट्रांसफार्मर की मरम्मत कार्य कराकर समस्या का समाधान किया जाए।

### 39 बच्चों के बीच पोशाक व अन्य सामानों का वितरण

**केतार।** प्रखंड के मुकुन्दपुर पंचायत के राजकीय प्राथमिक विद्यालय बेलाबार में कक्षा एक और कक्षा दो के 39 बच्चों के बीच मंगलवार को पंचायत समिति सदस्य अजीमा खातून द्वारा पोशाक,स्वेटर,जूता,मोजा का वितरण किया गया। उक्त विद्यालय में अध्ययनरत बच्चें पोशाक लेकर काफी खुश नजर आए। मौके पर बीडीसी अजीमा खातून ने कहा कि हमारा शुरू से ही प्रयास रहता है, कि सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों के बीच पहुंचे। उन्होंने कहा कि बच्चें देश के भविष्य होते हैं, इन्हें संवारने का काम शिक्षकों के जिम्में है। बच्चों में शिक्षा के साथ सामाजिक संस्कार भी देना अति आवश्यक है,ताकि एक मजबूत समाज का निर्माण हो सके। उन्होंने विद्यालय प्रभारी को बच्चों को मेनू के अनुसार मध्यान्ह भोजन देने को कहा। वहीं शिक्षको ने बताया कि विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों के लिए जो भी संसाधन सरकार द्वारा उपलब्ध कराया जाता है उसे स-समय वितरण कर दिया जाता है। ताकि बच्चों को शिक्षण कार्य में परेशानी न हो। इस मौके पर शिक्षक राजेश्वर रजक, सहयोगी शिक्षक संजय कुमार मिश्रा,असीम अंसारी,मुजफ्फर हुसैन,प्रबंधन समिति के अध्यक्ष असमीना बीबी,वार्ड सदस्य पुष्पा देवी,इजहार अंसारी सहित अन्य लोग शामिल थे।

# विद्यालयों में जेंडर समानता पर विशेष सत्र आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में स्वास्थ्य कल्याण कार्यक्रम के तहत मंगलवार को कक्षा 6 से 12वीं तक के छात्रों के लिए जेंडर समानता विषय पर विशेष सत्र आयोजित किए गए। मध्य विद्यालय, उच्च विद्यालय और कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के संदर्भ में जिला साधन सेवी अरविंद कुमार गुप्ता ने बताया कि विद्यालय स्वास्थ्य कल्याण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को जेंडर समानता के प्रति जागरूक बनाना है। यह पहल बच्चों को अच्छे स्वास्थ्य, नैतिक मूल्यों और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विद्यालय के शिक्षक अरोग्य दूत की भूमिका निभाकर बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी आदतों, व्यक्तिगत स्वच्छता और समाज में जेंडर समानता की आवश्यकता के बारे में शिक्षित कर रहे हैं। कार्यक्रम न केवल बच्चों के व्यक्तित्व विकास में सहायक है, बल्कि उनके भीतर नैतिक मूल्यों और समाज सेवा की भावना को बढ़ाने का कार्य कर रहा है। शिक्षकों और छात्रों की सक्रिय भागीदारी से यह अभियान सफल हो रहा है। खरौंधी प्रखंड के सभी विद्यालयों में इस पहल को जारी रखने की योजना है ताकि अधिक से अधिक बच्चों को लाभ मिल सके।



# टीबी उन्मूलन में उत्कृष्ट कार्य के लिए मुखिया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** मंगलवार को मडवनिया पंचायत सचिवालय परिसर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर यक्ष्मा (टीबी) उन्मूलन हेतु किये गये उत्कृष्ट कार्य के लिए मडवनीया पंचायत के मुखिया स्वीटी वर्मा, पंचायत सचिव सुमन कुमारी को सम्मानित किया गया। वरीय यक्ष्मा रोग पर्यवेक्षक सुनील कुमार ने कहा कि विभाग की ओर से मडवनिया पंचायत को टीवी मुक्त घोषित किया गया है, जिसके उपलक्ष्य में मुखिया व पंचायत सचिव को मोमेन्टो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि टीबी एक संक्रामक रोग है, जो माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस कॉम्प्लेक्स समूह के बैक्टीरिया के कारण होता है। इससे फेफड़ा को प्रभावित करता है। संक्रामक बीमारी के रोक थाम के लिए जागरूकता आवश्यक है। ऐसे में पंचायत प्रतिनिधियों की सहभागिता के कारण ही हम इस लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। मलेरिया पर्यवेक्षक विजय पाठक ने कहा कि 10 से 25 फरवरी के बीच अभियान चलाकर दो वर्ष से ऊपर के लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई जायेगी, जिससे फाइलेरिया रोग का उन्मूलन हो सके। मुखिया स्वीटी वर्मा ने स्वच्छ व स्वस्थ पंचायत निर्माण के लिए कहा कि इस कार्य के लिए मैं विभाग को हर संभव सहयोग करूंगी। इस अवसर पर सीएचओ अभिषेक सिंह तंवर ,संजय यादव, मंदीश यादव, जितेंद्र चौधरी, बिनोद मेहता, शिवधारी यादव, मुकेश कुमार, अलीजान अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

# गणतंत्र दिवस को लेकर ध्वजा रोहण का समय निर्धारित



**चिनियां।** गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर चिनियां प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में मंगलवार को 3:00 बजे बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता चिनियां प्रखंड विकास पदाधिकारी सुबोध कुमार ने की। सर्वसम्मति से हर साल की तरह के ध्वजारोहण करने का निर्णय लिया गया। प्रखंड क्षेत्र की विभिन्न संस्थाओं व कार्यालय में झंडोत्तोलन के लिए निर्धारित समय सारणी में सर्वप्रथम प्रखंड सह अंचल कार्यालय चिनियां में 8:30 में, पशु चिकित्सा परिसर में 8:40 में, अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय चिनियां में 8:50 में, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चिनियां में 9:00 बजे, थाना परिसर चिनियां में 9:15 पर कस्तूरबा गांधी आवासीय उच्च विद्यालय में, 9:25 पर झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक में, 9:45 पर उत्क्रमित प्लस प्लस टू उच्च विद्यालय चिनिया मे, 10:00 बजे सभी पंचायत सचिवालय में, 10:10 मिनट पर गांधी मेमोरियल उच्च विद्यालय चिनियां में, 10:20 पर आंबेडकर चौक चिनियां में, 10:30 पर इंडोइंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में, 10:45 मिनट पर झंडोत्तलन किया जाएगा। मौके पर सभी प्रखंड कर्मी, अंचल कर्मी तथा प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक जनप्रतिनिधि, राजनीतिक पार्टी व गणमान्य लोग मौजूद थे।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाने का निर्देश

**श्री बंशीधर नगर।** मंगलवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी रौशन कुमार की अध्यक्षता में सभी बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजर की बैठक हुई। बैठक में आगामी 25 जनवरी को प्रखंड के सभी मतदान केंद्रों पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस के आयोजन की तैयारी पर चर्चा की गई। बैठक में सभी मतदान केंद्रों पर मतदाता प्रतिज्ञा का आयोजन सुनिश्चित करने, विद्यालयों में ईएलसी (इलेक्शन लिटरेसी क्लब) का गठन हुआ है, वहां मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने, सभी नए निबंधित मतदाताओं के बीच मतदाता पहचान पत्र का वितरण करने, मतदाता जागरूकता अभियान को प्रभावी बनाने के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार- प्रसार करने का निर्देश दिया गया। मौके पर प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार सिंह, प्रखंड समन्वयक कौशल कुमार, बीएलओ सुपरवाइजर अमन कुमार केशरी, जितेंद्र कुमार, अशोक कुमार और बीएलओ सुनीता देवी, रवीना बानो, शशि देवी, पूनम देवी, आशा देवी सहित सभी बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर और प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

## प्रदर्शन

## संकुल स्तरीय रसोईया सह सहायिका प्रतियोगिता का आयोजन

# विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के तहत संकुल स्तरीय रसोईया सह सहायिका प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सीआरसी के सात विद्यालयों की रसोईया सह सहायिकाओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किए। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों का चयन पांच जजों शालू कुमारी, प्रियंका कुमारी, अंजली कुमारी, रीमा कुमारी और नंदनी कुमारी ने किया। निर्णायकों ने सभी व्यंजनों का स्वाद चखकर निर्णय लिया। रा. उच्च विद्यालय चितविश्राम की रसोईया सुनीता देवी को प्रथम और नव प्राथमिक विद्यालय सोनपुरा की गायत्री देवी को द्वितीय स्थान के लिए चयनित किया गया। दोनों विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। चयन के बाद सभी उपस्थित लोगों ने ताली बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया। सीआरपी संजय कुमार सिंह और द्वारिका नाथ पांडेय ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि अब वे प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रखंड स्तर पर भी वह विजयी होकर अपने विद्यालय और संकुल का नाम ऊंचा करेंगी। द्वारिका नाथ पांडेय ने रसोईया सह सहायिकाओं की मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि वे हर दिन बच्चों के लिए पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन बनाकर अहम भूमिका निभाती हैं।



# कर्तव्य पथ परेड समारोह में भाग लेंगे, तलशबरिया मुखिया



**नवीन मेल संवाददाता**

**मझिआंव।** तलशबरिया पंचायत के मुखिया महताब आलम को गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित परेड समारोह में शामिल होने का गौरव प्राप्त हुआ है। यह चयन पंचायती राज विभाग झारखंड सरकार द्वारा किया गया है। मुखिया महताब आलम के चयन से पूरा जिला गर्व महसूस कर रहा है। उनकी यह उपलब्धि पूरे जिले के लिए गर्व का क्षण है। मुखिया महताब आलम के रूप में जिला का प्रतिनिधित्व राष्ट्रीय स्तर पर होगा, जो पंचायत की सक्रियता और विकास कार्यों को दर्शाता है। मुखिया महताब आलम ने पंचायती राज विभाग और जिले के लोगों का आभार व्यक्त किया है। उनका ऐतिहासिक परेड में शामिल होना प्रेरणादायक है। जिला प्रशासन और स्थानीय अधिकारियों ने तलशबरिया पंचायत के मुखिया महताब आलम को इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

# बस खड़ा करने की मांग को लेकर बीडीओ से मिले स्थानीय नागरिक



नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** शहर के इंदिरा गांधी चौक के समीप स्थित जिला परिषद बस स्टैंड के अंदर बसों को खड़ा करने की मांग स्थानीय नागरिकों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद से मिलकर की है। लोगो का कहना है कि लाखों रुपये की लागत से बस स्टैंड का निर्माण किया गया है। बस स्टैंड के अंदर लाखों रुपये की लागत से सुलभ शौचालय का भी निर्माण कराया गया है। लेकिन इसके बावजूद बस चालक सड़क पर अनियमित तरीके से बस को खड़ी कर सवारी को उतारते और चढ़ाते हैं। जिसके कारण सड़क पर हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। कई बार तो दुर्घटना होते होते रही है। आस पास के दुकानदारों स्थानीय लोगों राहगीरों समेत यात्रियों को भी हमेशा परेशानी होती है। यात्रियों को शौचालय के लिए इधर उधर भटकना पड़ता है। सबसे ज्यादा परेशानी महिला यात्रियों के साथ होती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि अक्सर बस उतरने के बाद ज्यादातर पुरूष यात्री सड़क किनारे दुकानों व मकानों के दीवारों पर लघुशंका करने लगते हैं जिसके कारण स्थानीय लोगों व वंहा से गुजर रही महिलाओं के सामने बड़ी विकट समस्या खड़ी हो जाती है। ज्ञात हो की बस को बस स्टैंड के अंदर ही खड़ा करने का निर्देश उप विकास आयुक्त के द्वारा जारी किया जा चुका है, लेकिन बस चालक व एजेंटों के द्वारा उक्त निर्देश को भी दरकिनार कर मनमानी पर उतर आए है। स्थानीय लोगों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को इस पर अविलंब पहल करने की मांग की है, ताकि यात्रियों समेत स्थानीय लोगों को राहत मिल सके। मौके पर रवि कुमार डे,मोती भाई,विकास दुबे,सचिन लाल समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

# जमीन विवाद में चाकूबाजी व फायरिंग मामले में एक गिरफ्तार

**- 10 जिंदा कारतूस, दो देशी पिस्तौल, 5 मैगजीन, एयर गन बरामद**

**- दो अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी केलिए पुलिस कर रही छापेमारी**



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के रेलवे स्टेशन स्थित डुरूआ क्षेत्र में कल हुए फायरिंग व चाकूबाजी के मामले का पुलिस ने आरोपी सागर शर्मा को बालूमाथ थाना क्षेत्र अन्तर्गत मकईयाटांड से गिरफ्तार कर लिया है। उसकी निशानदेही पर डुरुआ स्थित उसके घर से भी दो देशी पिस्तौल, 10 जिंदा कारतूस, 5 मैगजीन, साथ में एयर गन बरामद की गई है। इस कांड में फरार रमेश शर्मा व उनकी पत्नी मूर्ति देवी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी की जा रही है। यह जानकारी मंगलवार को जिले के पुलिस कप्तान कुमार गौरव ने दी। वह पत्रकारों के साथ बातचीत कर रहे थे। उन्होंनें बताया कि सोमवार की सुबह रेलवे स्टेशन स्थित डुरूआ में हुए फायरिंग मामले को लेकर एसडीपीओ के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। टीम पूरे मामले का खुलासा कर आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी के छापेमारी शुरू कर दिया था। घटना में शामिल मुख्य आरोपी के भागने के दौरान बालूमाथ थाना क्षेत्र अन्तर्गत मकईयाटांड छिपे होने की जानकारी मिली।इसके बाद छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किर लिया गया है। डुरूआ निवासी सदाकत अंसारी, रमेश शर्मा के बीच घोड़ा करम स्थित जमीन को लेकर विवाद हुआ था, जिसमें रमेश शर्मा, उसकी पत्नी मूर्ति देवी व पुत्र सागर शर्मा एवं सदाकत अंसारी के बीच जिसमें रमेश शर्मा एवं उसके पुत्र सागर शर्मा ने सदाकत असारी पर कुल्हाडी व चाकू से जानलेवा हमला कर गंभीर रुप से जख्मी कर दिया। इस दौरान फायरिंग भी की थी। छापेमारी दल में लातेहार थाना प्रभारी दुलर चौड़े, राजा दिलावर, विक्रांत कुमार उपाध्याय, सुरेन्द्र कुमार महतो, रामाकांत, गुम कुवेर प्रसाद देव व लातेहार थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## शाहनवाज अख्तर का कार्यक्रम 28 फरवरी को

**बालूमाथ।** गायिका शहनवाज अख्तर के कार्यक्रम को लेकर बालूमाथ बुनियादी विद्यालय परिसर में अरुण साहू की अध्यक्षता में मंगलवार को बैठक हुई। आगामी 28 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर होने वाले गायिका शाहनवाज अख्तर के कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए कमेटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से अध्यक्ष विजय कुमार उर्फ दीपक कुमार, उपाध्यक्ष प्रिंस कुमार यादव, विपिन बिहारी गुप्ता, मोनू गुप्ता, अमित गुप्ता, विशाल कुमार, दिनेश गुप्ता, महासचिव हीरकांत गुप्ता, सचिव पिंकू पासवान, अभय गुप्ता, पिंटू साहू, पंकज पांडे, आशीष गुप्ता, कोषाध्यक्ष अनमोल अग्रवाल, गुलाब प्रसाद, अनिल प्रजापति, मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार अरुण कुमार, राहुल कुमार सिंह, बनाए गए। इनके अलावे कई सदस्य के साथ-साथ संरक्षक मंडली में अरुण साहू रंजीत गुप्ता सूरज शाह रविंद्र गुप्ता उपेंद्र रंगीला विपिन सिंह लालदेव गंझू अखिलेश गुप्ता सुरेंद्र साहू पुटुन साहू देवनंदन साहु शैलेश सिंह आशीष ओझा दिवाकर प्रसाद राजेंद्र प्रसाद बहादुर साव आदि नाम शामिल हैं।

# झंडोत्तोलन को लेकर समय सारणी निर्धारित



नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाने को लेकर मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद की अध्यक्षता में प्रखंड कार्यालय सभागार में अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व प्रबुद्धजनों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में गणतंत्र दिवस पर मुख्य कार्यक्रम स्थल पर होने वाले कार्यक्रमों की रूप रेखा व झंडोत्तोलन की समय सारिणी को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम को सूचीबद्ध करने की जिम्मेवारी बीआरसी के प्रतीक सिंहा को दी गई है। बीडीओ ने कहा कि गणतंत्र दिवस समाहरोह इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया जायेगा। मुख्य समाहरोह कार्यक्रम को लेकर सभी सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों को तैयारी शुरू करने की बात कही गई है। गणतंत्र दिवस पर मार्च पास्ट और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे और बेहतर प्रदर्शन करने वालों के बीच पुरुस्कार वितरण किया जायेगा। गणतंत्र दिवस समाहरोह को सफल बनाने के लिए समिति का भी गठन किया गया है। तय समय के अनुसार थाना परिसर में 8:45 बजे,अस्पताल परिसर में 9 बजे,पशुपालन अस्पताल में 9:15,प्रखंड कार्यालय में 9:30, वहीँ मुख्य समाहरोह खेल स्टेडियम में 10 बजे झंडोत्तोलन का कार्यक्रम रखा गया है। गणतंत्र दिवस का मुख्य समाहरोह राज्यकीय कृत प्लस2 उच्च विद्यालय खेल स्टेडियम में आयोजित होगा। मौके पर उप प्रमुख अश्विनी कुमार मिश्रा,अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक, पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रंधीर कुमार सिंह, जिप सदस्य सरोज देवी, पूर्व प्रखंड बीस सुत्री अध्यक्ष सुरेश गंझु, पशुपालन पदाधिकारी सरोज केरकेट्टा, कृषि पदाधिकारी मनीष कुमार पांडेय, अलौदीया मुखिया फुलजेन्सिया टोप्पो, कामता पंसस अयुब खान, पंसस नीलम देवी, कॉग्रेस प्रखंड अध्यक्ष असगर खान,झामुमो नेता मो इजहार, रवि कुमार डे, सुधीर प्रसाद, लव कुमार समेत सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# सड़क हादसे में एक की मौत



नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** सदर थाना क्षेत्र के तपेज के पास लगातार हादसे हो रहे है। बीते 48 घंटे के अंदर दूसरा बड़ा हादसा हुआ। मंगलवार को तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने बाइक सवार युवक को चपेट में ले लिया, जिससे बाइक सवार युवक की मौके पर ही हुई मौत। सदर थाना क्षेत्र के चतरा-तपेज मुख्य पथ पर स्थित कुल्लू मोड़ के समीप की घटना है। घटना के बाद पिकअप वाहन मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान सदर थाना क्षेत्र के होलमगड़ा कला गांव निवासी 22 वर्षीय समीर उर्फ गफूर के रूप में की गई। समीर की मौत के बाद गांव में मातम पसर गया है। सूचना के बाद घटना स्थल पर पहुंची पुलिस की टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। एक दिन पूर्व तपेज के पास ही हादसे में एक की मौत हो गई थी। इससे पूर्व भी तपेज में सड़क हादसे में दर्जनों लोगों की जान जा चुकी है।

# पंचायत सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

नवीन मेल संवाददाता

**बारियातू।** सबकी योजना सबका विकास अभियान (जीपीडीपी) 2024-25 के निमित ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल के तीन दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रखंड संसाधन दल सहित मास्टर प्रशिक्षकों ने सभी पंचायत सचिव, दो वार्ड सदस्य(प्रति पंचायत) वीपीआरपी की एक सदस्य,जल सहिया, पंचायत सहायक ,रोजगार सेवक को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक सत्यानंद शुक्ला ने पंचायतों की ग्रामीण भारत के परिवर्तन में राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर प्रमुख योजनाओं के प्रभावी और कुशल कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण क्या भूमिका है। 2025-26 के लिए सबकी योजना सबका विकास (जीपीडीपी) तैयार करने के लिए जन योजना चलाये चलाने के उद्देश से तहत ग्रामसभा को सशक्त बनाने के लिए ग्रामसभा के जरिए ही योजनाओं के चयन करने से संबंधित बात बताया गया। पंचायत स्तर ग्रामसभा के माध्यम से योजनाओं का चयन किया जाना है। उसमें मनरेगा, बाल विकास,15 वें वित्त, विद्युत, पेयजल, स्वास्थ एवं शिक्षा के साथ 19 विभागों से 15 वें वित्त आयोग के लिए योजनाएं चयनित की जाएगी। इसमे ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल के सदस्य सभी पंचायत सचिव, दो वार्ड सदस्य(प्रति पंचायत) , सहिया,जल एक वीपीआरपी मेंबर ,पंचायत सहायक प्रशिक्षत किये जा रहे हैं, जो ग्राम पंचायतों को वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक कार्य योजना बनाने में सक्रिय सहयोग करेंगे। प्रशिक्षण सत्र में पीपीटी के माध्यम से पंचायत राज व्यवस्था, 15 वित्त आयोग में योजनाओं का कार्यान्वयन ,मनरेगा,ग्राम सभा के माध्यम से योजनाओं का चयन, जीपीडीपी में पेयजल की योजनाओ के चयन की प्रकिया को विस्तार से समझाया गया। मास्टर ट्रेनर द्वारा पंचायत राज व्यवस्था ग्राम सभा की सशक्त बनाने, ग्राम सभा के माध्यम से योजनाओं का चयन एवं जीपी डीपी तैयार करने की भी विस्तृत जानकारी दी गई। मौके पर बीडीओ अमित कुमार पासवान, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, मास्टर ट्रेनर व प्रखंड समन्यवयक सहित अन्य उपस्थित थे।

## जन शिकायत निवारण का आयोजन

**लातेहार।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए फरियादियों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने क्रमवार तरीके से सभी की शिकायतों को सुनी एवं अश्वासन दिया कि सभी शिकायतों कस जल्द जांच कर समाधान किया जाएगा। बता दें कि जन शिकायत निवारण में कुल 13 आवेदन प्राप्त हुए, जो मुख्य रूप से भूमि अधिग्रहण, नियोजन, पेंशन, मुआवजा आदि संबंधित था। उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर निष्पादित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त के निर्देश पर आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु जिला, अनुमंडल, प्रखंड स्तरीय के सभी पदाधिकारियों के कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार एंव शुक्रवार को जन शिकायत निवारण का आयोजन किया जाता है।

# बंगाल में वक्फ संशोधन बिल पर आयोजित परिचर्चा में शामिल हुए जुनैद अनवर

नवीन मेल संवाददाता



**चंदवा।** वक्फ संशोधन विधेयक 2024 पर झारखंड व पश्चिम बंगाल के बुद्धिजीवी, धार्मिक, विद्वान, सामाजिक, राजनीतिक विशेषज्ञयों का विचार जानने और वक्फ संशोधन बिल के अच्छे और बुरे परिणामों के विषय में उनके विचार से अवगत होने के लिए संयुक्त संसदीय समिति के प्रमुख लोगों के साथ बैठक और परिचर्चा कोलकाता के होटल आईटीसी सोनार में संपन्न हुआ। जिसमें बंगाल व झारखंड के नामचीन समाजिक शखसियतों ने भाग लिया और उसमें अपने अपने विचार रखे। परिचर्चा में लातेहार जिले के वरिष्ठ समाज सेवी सह झारखंड अंजुमन के कंवेनर जुनैद अनवर ने कहा कि वक्फ बिल में संशोधन से संविधान द्वारा प्रदत्त सामाजिक एवं धार्मिक स्वतंत्रता का हनन होगा। वक्फ का मामला पूरी तरह से धार्मिक है। वक्फ में संशोधन के नाम पर हम से हमारे धार्मिक अधिकारों को छीनने की कोशिश है, जिसे हम कतई स्वीकार नहीं कर सकते है। हम ऐसे कानून को हरगिज स्वीकार नहीं कर सकते है जो हमारे अपने परिसंपत्तियों का इस्तेमाल के लिए गैरों से आदेश लेने को मजबूर करेगी। झारखंड वक्फ बोर्ड के मेंबर जनाब इबरार अहमद ने कहा कि वक्फ के लिए पहले से ही पर्याप्त कानून बना है। वक्फ बिल में संशोधन से बेहतर होगा कि पहले बने कानून के अनुसार उनके नियमों को लागू किया जाए। इमारतें सरिया झारखड बिहार के कई जिम्मेदारों ने भी उक्त बिल का विरोध किया।

# डीसी के निर्देश पर डीईओ ने विद्यालय का किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता



**चतरा।** जिले के विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा एवं गुणवत्तापूर्ण मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराने का हर संभव प्रयाश प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। वहीं हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय पैनी कला के बच्चों ने मध्याह्न भोजन का बहिष्कार कर शिक्षा विभाग से बेहत शिक्षा दिलाने की मांग कर रहे हैं। उक्त मामले में उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देश पर जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा ने उक्त विद्यालय का निरीक्षण मंगलवार को किया। शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि मेरे एवं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी हंटरगंज के द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय पैनी कला, हंटरगंज का निरीक्षण किया गया। जांच के बाद पता चला कि विद्यालय में दो शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई थी तथा आज पुनः दो शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है। इस विद्यालय में पूर्व से दो शिक्षक पदस्थ हैं। वर्तमान में विद्यालय में प्रतिनियुक्ति के पश्चात कुल 6 शिक्षक कार्यरत हैं। विद्यालय का शिक्षण एवं मध्याह्न भोजन सुचारू रूप से संचालित पाया गया। स्कूल में कुल 228 छात्र नामांकित हैं। जिसमें जांच के दौरान 175 छात्र उपस्थित पाये गये।

# बिजली चोरी करते पकड़े गए 14 लोग, प्राथमिकी दर्ज

नवीन मेल संवाददाता



**गिद्धौर (चतरा)।** विद्युत विभाग ने मंगलवार को प्रखंड के ब्रह्मपुर,गिद्धौर एवं सूयाटांड़ सहित अन्य गांव में विद्युत चोरी को ले छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी अभियान का नेतृत्व सहायक अभियंता हरिमोहन चौधरी कर रहे थे। जबकि छापेमारी दल में कनीय अभियंता तरुण कुमार, सहायक विद्युत कर्मी विजय कुमार, महावीर दांगी,संतोष कुमार सहित कर्मी मौजूद थे। छापेमारी के क्रम में 14 लोग अवैध रूप से बगैर विद्युत कनेक्शन लिए बिजली जलाते पकड़े गए। इन लोगों के विरुद्ध विद्युत विभाग के कनीय अभियंता तरुण कुमार ने विद्युत चोरी करने के आरोप में थाना में प्राथमिक की दर्ज कराया है। इन लोगों पर कुल 144396 रुपया क्षतिपूर्ति जुमार्ना लगाया है। दर्ज प्राथमिक में गिद्धौर के रविंद्र प्रसाद सोनी,उदय रजक,वासुदेव रजक, मोहम्मद मुख्तार मियां, मोहम्मद आशिक, रामाशीष दांगी,रीना लता, ब्रह्मपुर के नागेश्वर ठाकुर व मोहम्मद साकिब,सूयाटांड़ के उमेश यादव,नागेश्वर यादव, मनोज यादव,प्रदीप यादव व कलीम मियां का नाम शामिल है।

## न्यूज बॉक्स

### जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण

**बालूमाथ।** प्रखंड में कांग्रेस अध्यक्ष आमिर हयात ने ठंड को देखते हुए जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित किये। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा ठंड के इस मौसम में हर व्यक्ति को गरम कपड़ों और कंबलों की आवश्यकता है। हमारा प्रयास है कि किसी भी जरूरतमंद को ठंड से तकलीफ न हो। इस अवसर पर पार्टी के अन्य सदस्यों, युवाओं और वरिष्ठ नेता भी साथ रहे।

### कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष ने गरीबों के बीच बांटे कंबल

**चंदवा।** पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू द्वारा उपलब्ध कराए गए कंबल को कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह पूर्व राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर ने अपने आवास में जरुरतमंदो के बीच वितरण किया। असगर खान ने कहा कि जरूरतमंदों की मदद करना सबसे बड़ा धर्म है। धीरज प्रसाद साहू हमेशा जरूरतमंदों के लिए खड़े रहते हैं। इस कनकनाती ठंड में कंबल पाकर जरुरतमंद काफी खुश नजर आए। मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत 104 आवेदनों की स्वीकृति

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, दिव्यांग के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार को लेकर सुगम व सस्ते दर पर विभिन्न योजना में ऋण-सह-अनुदान हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रखंड स्तर से सत्यापन के बाद प्राप्त कुल 130 आवेदनों को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समिति द्वारा आवेदनों की समीक्षा के उपरांत कुल 104 आवेदनों को अनुमोदित करते हुए मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना से लाभान्वित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह, लातेहार विधायक प्रतिनिधि , मनिका विधायक प्रतिनिधि हरि शंकर प्रसाद यादव, जिला कल्याण पदाधिकारी अनिल कुमार समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### सड़क सुरक्षा को लेकर स्कूली बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

**बारियातू।** जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देश पर सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के फुलासु उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों ने विद्यालय के प्रधानाचार्य जय प्रकाश कुमार के नेतृत्व में जागरूकता रैली निकाली। रैली में शामिल बच्चे, शराब पीकर वाहन ना चलाए, सावधानी हटी दुर्घटना घटी, यातायात नियमों का पालन करें, सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा जैसे नारे लिखी तख्तियां लेकर चल रहे थे। रैली के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। यह जागरूकता रैली फुलसु उच्च विद्यालय परिसर से निकल कर उप स्वास्थ्य केंद्र, कुम्हार टोला, ठाकुर टोली ,राजपुत टोला , व बजार टांड होते हुए पुनः विद्यालय परिसर में आकर समाप्त किया गया। रैली में विद्यालय के शिक्षक रामप्रताप कुमार रवि, धर्मेन्द्र कुमार, राजेश कुमार व भारी संख्या में छात्र छात्राएं शामिल थे।

### पुलिस ने अवैध बालू लदे दो ट्रेक्टर किया जब्त

**चतरा/कान्हाचट्टी।** उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देश पर सीओ मनोज गोप और थाना प्रभारी संदीप कुमार ने संयुक्त रुप से गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए राजपुर थाना अंतर्गत मदगड़ा पंचायत क्षेत्र से अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर को जब्त किया है। उक्त कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर देर रात की गई। सूत्रों के अनुसार तुलबुल और मदगड़ा नदी क्षेत्र से अवैध बालू का उत्खनन व परिवहन प्रतिदिन हो रही थी। इसकी गुप्त सूचना प्रशासन को मिली तो कार्रवाई करते हुवे सोमवार रात छापेमारी अभियान चलाकर मदगड़ा नदी से बालू लदे दो ट्रैक्टर को जब्त किया गया। हालांकी पुलिस को देखकर ड्राइवर गाड़ी छोड़कर भाग खड़ा हुआ। वहीं पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर राजपुर थाने में मामला दर्ज कर कार्रवाई हेतु डीएमओ चतरा कार्यालय को भेज दिया गया। ट्रैक्टर किसका है इसका पता पुलिस लग रही है। अभी तक ट्रैक्टर मालिक का पता नहीं चला है। इस संबंध में सीओ ने बताया कि पूर्व से ही बालू घाट से बालू निकासी पर पूर्ण प्रतिबंध लगा हुआ है। अगर कोई भी बालू लदा ट्रैक्टर पकड़ा गया तो उसके खिलाफ सख्त करवाई की जाएगी।

### कलश यात्रा के साथ बजरंगबली की होगी प्राण प्रतिष्ठा

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय के बसरिया टोला में आगामी 22 जनवरी को नवनिर्मित बजरंगबली मंदिर में भगवान बजरंगबली के प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा के साथ स्थापित की जाएगी। इसकी जानकारी देते हुए आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक डीजे गोपाल ने बताया कि 22 जनवरी को गाजे बाजे के साथ भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जो मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर चेताग ग्राम स्थित चंडी स्थान के समीप जलधारा के पास पहुंचेगी। वहां पर संकल्पित जल उठाकर ग्राम भ्रमण करते हुए मंदिर परिसर पहुंच स्थापित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 22 जनवरी को ही प्रतिमा का ग्राम भ्रमण और प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न होगा। इसके पश्चात 23 जनवरी को पूजा हवन एवं प्रसाद वितरित किया जाएगा। इस कार्यक्रम को लेकर टीकन साव रामदेव साव डीजे गोपाल उपेंद्र कुमार गुप्ता श्रीराम साहू समेत कई लोग सक्रिय भूमिका सक्रिय निभा रहे हैं।

### आग लगने से पुआल जलकर खाक

**बारियातू।** प्रखंड के डाढ़ा पंचायत अंतर्गत कटईटोला निवासी राजदेव उरांव व बालेश्वर उरांव दोनों भाई पिता अमरजीत उरांव का मचान पर रखे पुआल में मंगलवार सुबह आग लग गई। आग लगने से दोनों भाई का मचान का पुआल जलकर खाक हो गया। भुक्तभोगियों ने बताया कि मचान के नीचे 10 पशु बंधे थे। सभी पशुओं को अपने सूझबुझ से सुरक्षित बचा लिया गया। बताया जाता है कि मंगलवार सुबह मचान मे आग लगने की जानकारी मिली तब हम लोग व ग्रामीणों के सहयोग से आग बुझाने का प्रयास किए। काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पा लिया गया। आग की चपेट से पशु को बचाने वाले जगदीश उरांव,सुरेश यादव,संतोष यादव,कामेश्वर उरांव,झामो देवी, मुनिया मासोमात,बलसहाय उरांव का नाम शामिल है।

### संविधान निर्माता का अपमान बर्दाश्त नहीं : विधायक

**लातेहार (मनिका)।** भाजपा व उनके केंद्रिय नेताओ द्वारा भीमराव आंबेडकर पर की गई टिप्पणी के विरूद्ध प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव के नेतृत्व में सम्मान मार्च निकाला गया। सम्मान मार्च की शुरूआत आंबेडकर की प्रतिमा से शुरू होकर एनएच 39 पर पहुंच कर समाप्त हो गई। सम्मान मार्च के साथ भाजपा पार्टी के खिलाफ कर रहे विरोध प्रदर्शन में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा नेता संविधान मिटाने पर तुले हैं। भाजपा व उनके नेताओं द्वारा संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ,भीमराव अंबेडकर के विरूद्ध अपमानजनक टिप्पणी कर रहे हैं, वैसे नेताओं को अपने पद पर बने रहने का कोई हक नही है, उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। जिस संविधान निमार्ता के बदौलत देश के शीर्ष पदों पर लोग बैठे हैं, उनके ही डालो को काटने का काम भाजपा के नेता कर रहे है। संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ. भीमराव के विरूद्ध भाजपा लगातार अपमानजनक टिप्पणी कर रही है। संविधान को मिटाने का प्रयास हो रहा, जिसे कांग्रेस पार्टी कभी सहन नही करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी संविधान निमार्ता आंबेडकर व महात्मा गांधी के सम्मान मे साथ ही आंबेडकर के विरूद्ध भाजपा द्वारा की गई टिप्पणी के खिलाफ कांग्रेसियो ने विरोध मार्च निकाला है। मौके पर प्रदेश प्रतिनिधि सदस्य इस्तेखार अहमद कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र भारती, मनिका विधानसभा अध्यक्ष मिथिलेश पासवान, पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, वृंदबिहारी यादव, पूर्व राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार साहू, युवा प्रखंड अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव, विशाल पासवान, तस्लीम अंसारी, अख्तर अंसारी, रामनंदन उरांव ,पवन गुप्ता सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

# भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच के दोबारा जिलाध्यक्ष बने शकील अख्तर

## मंच के केन्द्रीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में हुआ जिला कमिटी का विस्तार

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** शहर के होटल केतकी पैलेस में मंगलवार को भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच की बैठक हुई। जिसमें मंच की पुरानी जिला कमिटी को भंग कर नए जिला कमिटी का विस्तार किया गया। सर्वसम्मति से पूर्व जिलाध्यक्ष शकील अख्तर को पुनः मंच के नये जिलाध्यक्ष चुना गया। वहीं प्रदीप राणा को जिला संरक्षक, एजाज अखतर, नन्दु महली,उपेन्द्र यादव,रंजीत कुमार गिरी, को उपाध्यक्ष, कार्यकारणी सदस्य - नीरज चोपरा,नारायण यादव,को बनाया गया, जिला -सह-सचिव - कयूम अंसारी,जिला सचिव, संजय विश्वकर्मा को बनाया गया।
बैठक में मंच के नवनिर्वाचित पदाधिकारी एवं सदस्यों को फूल माला पहनकर स्वागत किया गया। मौके पर केन्द्रीय अध्यक्ष रविकांत पासवान ने लोहरदगा जिले में मंच को मजबूत करने तथा जनमुद्दों पर संघर्ष करने की बात कही । सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 को जन जन तक पहुंचाने तथा इसका प्रयोग करने पर बल दिया गया। वही केंद्रीय महासचिव आनंद किशोर पांडेय ने सूचना अधिकार रक्षा मंच के महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा करते हुए कहा कि लगभग 5 वर्षों से झारखंड राज्य सूचना आयोग में रिक्त पड़े मुख्य सूचना आयुक्त और राज्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति को राज्य सरकार के द्वारा जानबूझकर लटकाकर रखा गया है। जिसके लिए अब आंदोलन किया जाएगा। नवनिर्वाचित अध्यक्ष शकील अख्तर ने कहा कि जिले में सूचना का अधिकार अधिनियम को मजबूती प्रदान किया जाएगा। भ्रष्टाचारियों को जेल भिजवाने के लिए हर सम्भव प्रयास किया जाएगा। घुस लेने वाले पदाधिकारी को घुसा दिया जाएगा।




## पत्नी बच्चों को अकेला छोड़ घर से लापता हो गया अधेड़

**भंडरा।** भंडरा थाना क्षेत्र के बड़ा अम्बेरा में एक अधेड पुरुष अपने पत्नी व बच्चों को घर में अकेला छोड़कर कहीं चला गया है । इधर परेशान पत्नी भंडरा पुलिस थाने पहुंची और गुमशुदगी का मामला दर्ज कराई है। पत्नी ने बताया कि उसका पति घर से कहीं चले गये है , उसे ढूंढ़ दीजिए। उसके बच्चे परिजन सभी परेशान हो रहे हैं। पत्नी ने इस मामले में भंडरा थाने में गुमशुदगी दर्ज कराने के लिए आवेदन दी है। पुलिस ने जांच करके कार्रवाई का आश्वासन दिया है। बता दे की भंडरा थाना क्षेत्र के बड़ा अम्बेरा गांव निवासी रमेश उरांव उम्र 55 वर्ष अपने परिवार के साथ रहते है. परिवार में पत्नी सोनी देवी व तीन बच्चे हैं। पत्नी सोनी ने बताया कि बीते चार दिन से उनका पति घर से गायब है। उन्होंने बताया की 16 जनवरी की सुबह रमेश घर मे कुछ बताये बाहर चले गये। शाम तक वापस नहीं आये तो परिजन उनका खोजबीन शुरू की पर चार दिन तक गांव सहित अपने सभी रिस्तेदारो के पास ढूंढने करने के बाद भी पति का पता नहीं चल सका है। पत्नी सोनी ने बताया की रमेश की पिछले चार वर्षो से दिमागी हालत ठीक नहीं है। परिजनों ने आम लोगो से अपील की है की जिन किसी को रमेश का पता चलता है तो कृपया कर मोबाइल नंबर 6203753557 व 6204609245 पर सुचना देने की अपील की है। इधर पुलिस मामला दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दी है।

## टोका लगाकर बिजली उपयोग करते पांच धराए

**कैरो/लोहरदगा ।** विद्युत विभाग के जेनरल मैनेजर रांची के पत्रांक 17/एपीटी के निदेर्शानुसार मंगलवार को सहायक विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल कुडू मो जीशान के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन कर प्रखण्ड क्षेत्र के नगजुआ और गाराडीह गांव में छापामारी की गई। जिसमें नगजुआ निवासी गोदिया उरांव पिता धानी उरांव, गाराडीह निवासी फिरोज अंसारी पिता मुद्दु अंसारी, अबरार अंसारी पिता जाफर अंसारी, रामलाल उरांव पिता सुका उरांव, हसन अंसारी पिता सहादत अंसारी को मुख्य रूप से एल टी लाइन में टोका लगाकर अवैध रूप से बिजली उपयोग करते हुए पाया गया। जिसको लेकर कैरो थाना में लिखित आवेदन देकर विद्युत अधिनियम की धारा 135/137 के तहत मामला दर्ज करते हुए आवश्यक करवाई की बात कही गई। छापामारी दल में मानवदिवस कर्मी मजुल अंसारी, खुर्शीद अंसारी, बैकुंठ सुक्ला आदि शामिल थे।

## टाउन हॉल में जनशिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन आज

**लोहरदगा।** लोहरदगा पुलिस की ओर से नागरिकों के शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निवारण हेतु झारखंड पुलिस की अनूठी पहल के अंतर्गत 22 जनवरी को सुबह 11 बजे से जनशिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन नया नगर भवन,लोहरदगा में किया गया है। पुलिस अधीक्षक लोहरदगा हारिस बिन जमां द्वारा लोहरदगा जिला के आम नागरिकों से अपील की गई है कि उक्त जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में भाग लेकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। कार्यक्रम में आम नागरिकों की समस्या / शिकायत का त्वरित निष्पादन किया जायेगा। इस कार्यक्रम के दौरान आम नागरिकों से प्राप्त लिखित एवं मौखिक शिकायत/समस्या पर लोहरदगा जिला के प्रखण्ड कार्यालय एवं थाना/ओ० पी० / शाखा के पदाधिकारी से संपर्क स्थापित कर आम नागरिकों के शिकायत / समस्या का त्वरित निष्पादन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रखण्ड के प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी भाग लेकर आम नागरिकों के समस्याओं का निष्पादन करेंगें। बताया गया कि लोहरदगा जिला में किसी गांव-मोहल्ला अन्य जगह में कहीं किसी प्रकार की समस्या य शिकायत है तो कोई भी नागरिक इस शिविर में आकर अपनी समस्या या शिकायत का समाधान करा सकते हैं।

## भंडरा में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला 24 को

**भंडरा।** प्रखंड परिसर मे स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे आगामी 24 जनवरी को लगने वाले एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला के आयोजन के सफल क्रियान्वयन व कार्यक्रम को लेकर संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा कर सभी को टीम वर्क के साथ बेहतर आयोजन हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर संजय कुमार ने आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला में आभा कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड बनाने के अलावा सामान्य चिकित्सा, मातृ स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, टीकाकरण, मोतियाबिंद जांच,ईएनटी, दंत, आँख,चर्मरोग, कुष्ठ, टीबी, मलेरिया, अंधापन, आयुर्वेद, युनानी, होमियोपैथी, परिवार नियोजन परामश, त्वचा जांच, मानसिक स्वास्थ्य आदि की सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। डॉक्टर संजय कुमार ने प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला मे अधिक से अधिक लोगो को भाग लेने की अपील की है।

## प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला हेतु जागरूकता रथ रवाना



**भंडरा।** जिला अपार मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अमरेंद्र डे व भंडरा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी संजय कुमार ने मंगलवार को 24 जनवरी को आयोजित प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला हेतु जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर अपार चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही इस स्वास्थ्य सम्बंधित योजना का लाभ लोग अवश्य उठाएं व इस कार्यक्रम को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि इस रथ के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा ताकि लोग स्वास्थ्य मेला का मतलब समझे और इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर इसका लाभ उठावें। इस मौके पर प्रभारी डॉक्टर संजय कुमार,साजिद आलम, मैंरी बेक, मुकेश गुप्ता सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

# अपर समाहर्ता ने भंडरा अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया



**भंडरा ।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मंगलवार को अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा ने अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके द्वारा अंचल कार्यालय से संबंधित सभी प्रकार के कागजातों का निरीक्षण किया गया। अपार समहर्ता जितेंद्र मुंडा ने बताया कि अंचल कार्यालय के सभी कागजातों का निरीक्षण उनके द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि अंचल कार्यालय के कैशबुक सहित सभी पंजी की बारीक से जाँच की गई । कई कर्मचारी के सेवापुस्तिका में ईएल का सही तरीके से संधारण नहीं किया गया था जिसे प्रधान सहायक को जल्द से जल्द इसे सही तरीके से संधारण करने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने अंचल नजारत के सभी कागजातों की बारीकी से जांच की। उनके द्वारा चौकीदारों की सेवापुस्तिका की भी जांच की गई। चौकीदार की सेवापुस्तिका में भी कुछ चीजों का संधारण नहीं किया गया था जिसे जल्द से जल्द संधारण करने को कहा गया। इंडेक्स पंजी को भी सही तरीके से सजा कर रखने को कहा गया। इस दौरान उनके द्वारा यह भी जांच किया गया कि जिला से जो भी निर्देश अंचल कार्यालय को दिया जाता है उसका सही तरीके से अंचलाधिकारी द्वारा अनुपालन किया जाता है कि नहीं।

## 23 दिनों से लापता हैं अरविंद पत्नी ने पुलिस से लगाई गुहार

**लोहरदगा।** सदर थाना क्षेत्र के कैमो पतरा टोली निवासी अरविंद साहू पिता स्व बंशी साहू पिछले 28 दिसंबर से गुमशुदा है। वो अपना पैतृक गांव जरियो जाने की बात कह कर निकला था लेकिन 23 दिन बीतने के बावजूद वापस नही लौटा है। जिसको लेकर उसके परिजनों को काफी चिंता सता रही है। पत्नी सरिता कुमारी ने पिछले 03 जनवरी को लोहरदगा थाना में गुमशुदगी का रिपोर्ट दर्ज कराई थी और अपने पति को ढूंढने की गुहार प्रशासन से लगाई थी। लेकिन अभी तक उसका पता नहीं चल पाया है। पत्नी ने बताया कि उसका पति तोतलाकर बोलता है।


### कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव
Email : nagarpanchayatmanzhiaon@gmail.com

पत्रांक– 58 न0पं0/दिनांक– 20.01.2024

**आम सूचना**

नगर निकायों में पिछड़े वर्गो के आरक्षण दिए जाने की पात्रता निर्धारण हेतु डोर–टू–डोर सर्वे कार्य के आलोक में नगर पंचायत मझिऑव के सभी वार्डो में सर्वेछण कार्य पूर्ण करते हुए सर्वेक्षण से संबंधित सूची अनुश्रवन समिति से अनुमोदित किया गया है। अनुमोदित सूची नगर पंचायत मझिऑव कार्यालय के सूचना पट्ट पर प्रकाशित किया गया है।

अतः सभी मतदाताओं को सूचित किया जाता है कि अनुमोदित सूची में यदि किसी प्रकार की त्रुटि से संबंधित आपत्ति/दावा हो तो दिनांक 28.01.2025 तक नगर पंचायत कार्यालय में आपत्ति/ दावा दर्ज कर सकते है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिऑव।

PR.NO.344778 Urban Development(24-25):D



### कार्यालय, नगर पंचायत, छत्तरपुर।
E-Mail ID :- np.chhattarpur2018@gmail.com

**—:आम सूचना:—**

विभागीय पत्रांक–32, दिनांक–09.01.2025 के आलोक में नगर पंचायत, छत्तरपुर क्षेत्र के सर्वसाधारण को सूचितकिया जाता है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 अंतर्गत ऑ नलाईन आवेदन आमंत्रित है। योग्य आवेदक **PMAY (U) 2.0**के अन्तर्गत "**लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण**"हेतु निम्नलिखित लिंक अथवा QR CODE के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन समर्पित करने के उपरांत सभी सम्बंधित दस्तावेज छत्तरपुर नगर पंचायत, छत्तरपुर कार्यालय म जमाकर सकतेहैं। https://pmaymis.gov.in/PMAYMIS2_2024/PmayDefault.aspx

**प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत पात्रता एवं शर्तें :–**
- ✓ योजना के अंतर्गत आवेदक के परिवार में पति–पत्नी एवं अविवाहित बच्चे शामिल होंगे।
- ✓ आवेदक या आवेदक के परिवार के किसी भी सदस्य के नाम पर भारत के किसी भी हिस्से में को ईपक्काआवासनही हो।
- ✓ आवेदकया आवेदकके परिवार के किसी भी सदस्य ने पिछले 20 वर्षो मेंभारत सरकार या राज्य सरकार की किसी अन्य आवास योजना के तहत लाभ नहीं लिया हो।
- ✓ आवेदक ईडब्ल्यूएस श्रेणी से संबंधित हो, और सभी सोतों से आवेदक का वार्षिक पारिवारिक आय **3,00,000/–रु. (केवल तीन लाख रुपये)** तक हो।

**आवेदन के साथ संलग्न कागजातों की विवरणी :–**
- ✓ आवेदक का आधार कार्ड की छायाप्रति।
- ✓ आवेदक के माता एवं पिताका आधार का र्डकीछा याप्रति
- ✓ आवेदक के परिवार का आधार कार्ड की छायाप्रति।
- ✓ आवेदक का मतदाता पहचान पत्र की छायाप्रति।
- ✓ आवेदक का बैंक पासबुक की छाय प्रति।
- ✓ आय प्रमाण–पत्र की छायाप्रति।
- ✓ जाति प्रमाण–पत्र की छायाप्रति।
- ✓ निर्धारित प्रपत्र में शपथ पत्र।
- ✓ भूमिस्वामित्व से संबंधित कागजात।
- ✓ अंचल कार्यालय द्वारा निर्गत भू–स्वामी प्रमाण पत्र।
- ✓ आवेदक का दो पासपोर्ट आकारकाफो टो एवंपरिवारक सभीसदस्यों के साथ संयक्त फोटोग्राफ (वर्तमान मकान सहित)।
- ✓ आवेदन हे तु आवेदक का एक्टिव मोबाइल नंबर जो आधार कार्ड से लिंक होना आवश्यक है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत,छत्तरपुर।

PR 344756 (District) 24-25 (D)



### झारखण्ड सरकार
### वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग
### वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल

**आम नीलामी सूचना।**

सर्व साधारण को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि लातेहार वन प्रमण्डल के अंतर्गत राजसात वाहन (जहाँ है, जिस स्थिति में है) की बिक्री दिनांक–21.02.2025 के पूर्वाहन 11:00 बजे से लातेहार वन प्रमण्डल के प्रमण्डलीय कार्यालय, लातेहार में आम नीलामी द्वारा की जायेगी। यदि निलामी तिथि को किसी कारणवश अवकाश या बंदी घोषित होता है तो उसके अगले कार्य दिवस को निलामी की तिथि तय मानी जायेगी। किसी भी व्यक्ति को यह आपत्ति हो कि आम निलामी सूचना में उल्लेखित वाहन संबंधी सुनवाई किसी न्यायालय में विचाराधीन है तो वे संबंधित मामले में अपना दावा स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से साक्ष्य हेतु दस्तावेज के साथ कार्यालय अवधि में लातेहार वन प्रमण्डल के प्रमण्डलीय कार्यालय में दिनांक 20.02.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक या उसके पूर्व समर्पित कर सकते हैं। यदि उक्त तिथि तक उल्लेखित राजसात वाहनों पर कोई दावा लातेहार वन प्रमण्डल के प्रमण्डलीय कार्यालय में समर्पित नही किया जाता है तो यह समझा जाएगा कि उक्त राज्यसात वाहनों की आम निलामी द्वारा बिक्री करने पर किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति नही है। नीलामी हेतु राजसात वाहनों की सूची, क्रमानुसार विवरणी निम्नांकित है :–

| क0 सं0 | वाहन का प्रकार | वाहन का निबंधन सं0/ चेचीस सं0/ इंजन सं0 | वाहन जहाँ स्थित है |
|---|---|---|---|
| 01 | जेसीबी | Chassis No.-15J3311, Eng. No.- PUNRG5EA1014 | बालूमाथ प्रक्षेत्र कार्यालय |
| 02 | आयशर ट्रैक्टर, ट्रेलर | Chassis No.-922913151783, Eng. No.- G22573 | बालूमाथ प्रक्षेत्र कार्यालय |
| 03 | महिन्द्रा ट्रैक्टर, ट्रेलर | Model No. 265DI, SR No.- NGN3213CB | बालूमाथ प्रक्षेत्र कार्यालय |
| 04 | पियागो टेम्पू | Reg. No.- JH-03AL-1744, Eng. No.- S3C9241794, Chassis No.- MBX0008WB2C276606 | लातेहार प्रक्षेत्र कार्यालय |
| 05 | टाटा मिनी ट्रक | Reg. No.- JH-01CW-0160 | चंदवा प्रक्षेत्र कार्यालय |
| 06 | ट्रैक्टर ट्रेलर | Reg. No.- JH-08G-2665 | मनिका प्रक्षेत्र कार्यालय |

नोट :– 1. विस्तृत सूचना के लिए कार्य दिवस में कार्यालय अवधि के दौरान अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।
2. आम निलामी की शर्तें, वाहनों की सूची https://latehar.nic.in/ एवं https://forest.jharkhand.gov.in/ के website तथा कार्यालय वन प्रमंडल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमंडल के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
लातेहार वन प्रमण्डल।

PR.NO.344783 Forest, Environment and Climate Changes(24-25):D


# साल की अवैध लकड़ी बरामद, लकड़ी तस्कर फरार



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** वन विभाग की टीम ने बगडू क्षेत्र में लकड़ी तस्करों के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया। इस क्रम में वन विभाग की टीम ने साल की अवैध लकड़ी का बना चौखट और चौपहल को बरामद किया। वन विभाग की क्यूआरटी टीम ने चरहु ग्राम से 11 पीस साल चौखट, 09 पीस साल चौपहल ,एक लकड़ी चीरने का स्टैंड बरामद किया है। वही वन विभाग की गाड़ी देख लकड़ी माफिया लकड़ी छोड़कर फरार होने में कामयाब रहे। जानकारी के अनुसार वन क्षेत्र पदाधिकारी अरुण कुमार को मिले गुप्त सूचना के बाद की गई त्वरित कार्रवाई में बगरू थाना क्षेत्र के चरहू गांव में छापेमारी किया गया था। मौके से अवैध लकड़ी जब्त किया गया जबकि तस्करों के विरुद्ध वन अधिनियम के तहत कार्रवाई में वन विभाग जुट गई है। बता दें कि लोहरदगा में वन विभाग की हो रहे लगातार कार्रवाई के बावजूद जंगलों का अवैध कटाई नहीं थम रहा है।


### कार्यालयः– नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर
Email- npsbnagar@gmail.com

**आम–सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर क्षेत्रान्तर्गत पिछड़े वर्गो को आरक्षण दिए जाने से संबंधित डोर–टू–डोर सर्वे का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिसकी सर्वेक्षित सूची/वार्डवार सर्वे सूची कार्यालय के सूचना पट पर प्रकाशित कर दिया है। आमजनों/व्यक्तियों से अपील है कि सर्वेक्षित सूची/वार्डवार सर्वे सूची में किसी भी प्रकार का त्रुटि/अशुद्धियाँ/वार्डवार सूची में भिन्नता पायी जाने पर किसी भी प्रकार का आपत्ति/शिकायत दिनांक– 28.01.2025 तक कार्यालय, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर में दावा/आपत्ति कर सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए कार्यालय नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर में सम्पर्क किया जा सकता है।

प्रशासक,
नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

PR 344776 (Urban Development)24-25*D



### भारत का सर्वोच्चन्यालय के द्वारा
### विशेष लोक अदालत 2025
### का आयोजन
### (दिनांक –22.02.2025)

माननीय झालसा राँची के आदेश के आलोक में माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निर्देश पर दिनांक 22 फरवरी, 2025 को विवाह विषयक वाद व प्रकाम्य लिखत अधिनियम (एन.आई. एक्ट) वाद से संबंधित तक विशेष लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय, गढ़वा एवं अनुमण्डलीय न्यायालय, नगर उँटारी में किया जा रहा है, जिसमें आपसी सहमति तथा समझौते के आधार पर मामलों का निपटारा किया जाएगा।सभी संबंधित पक्षकारों, अधिवक्ताओं तथा सरकारी–गैर सरकारी प्रतिष्ठानों से अनुरोध हैकि इस सुनहरे अवसर का लाभ उठावें। विशेष लोक अदालत में सशरीर अथवा आभासी (Virtual) रूप से शामिल होकर समझौते की प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

**लोक अदालत के फायदे**
- ➢ त्वरित समझौता और विवादों का निपटारा
- ➢ अंतिम और निष्पादन योग्य पुरस्कार
- ➢ विवादों का लागत प्रभावी समाधान
- ➢ कोर्टफी की संपूर्ण वापसी

आप अपने निकटतम राज्य/जिला/तालुका कानूनी सेवा प्राधिकरण से भी सम्पर्क कर सकते हैं।

**सम्पर्क हेतु विवरण**
जिला विधिक सेवा प्राधिकार
न्याय सदन, व्यवहार न्यायालय, गढ़वा।
दूरभाष : 9955684686

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, राँची

PR 344792 District(24-25).D



### झारखण्ड सरकार
### कार्यालयः जिला शिक्षा अधीक्षक, लातेहार
समाहरणालय परिसर, द्वितीय तल्ला, लातेहार, Email id :- mdm21lthr@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

लातेहार जिलान्तर्गत प्रारंभिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक/शिक्षिकाओं को सूचित किया जाता है कि वरीयता सूची–2 ग्रेड–4 (कला/भाषा एवं विज्ञान) में प्रोन्नति हेतु आपत्ति निराकरण के पश्चात् द्वितीय औपबंधिक वरीयता सूची जिला के वेबसाईट www.latehar.nic.in पर प्रकाशित किया गया है, तथा जिले के सभी प्रखण्ड संसाधन केन्द्रों के सूचना पट्ट पर उक्त औपबंधिक वरीयता सूची का प्रकाशन किया गया है।

संबंधित सभी कार्यरत शिक्षक/शिक्षिकाए सूची का अवलोकन कर अपनी आपत्ति दिनांक 27.01. 2025 के अपराह्न 5:00 बजे तक साक्ष्य सहित विहित प्रपत्र में संबंधित प्रधानाध्यापक –सह– निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी/प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के माध्यम से विहित प्रपत्र में जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय, लातेहार को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित समय सीमा के उपरांत कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

**विहित प्रपत्र**

| क्र0 | प्रखण्ड का नाम | विद्यालय का नाम | शिक्षक/शिक्षिका का विवरण | प्रकाशित सूची का क्र0सं0 | जिस बिन्दु पर आपत्ति है उसका कॉलम संख्या | आपत्ति का विवरण | साक्ष्य यदि कोई हो तो | मोबाईल संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | | | | | | | | |

जिला शिक्षा अधीक्षक,
लातेहार।

PR.NO.344791 Human Resource Developement(24-25):D



### Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited
(CIN:U40108JH2013SGC001702), Electric Supply Area, Medininagar
Regd. Office :By Pass Road, Sudna, Medininagar,822102
email:gm_mdnjseb@yahoo.in, Telephone:-06562-295539

**E-NIT for Transformer Repairing Under O&M Head for F.Y.2024-25.**

e-tenders are invited from the reputed, experienced and technically, financially sound transformer manufacturing/ repairing firms/ agencies for repairing of 3 Phase 11 KV/0.433KV of capacities, 25KVA, 63KVA, 100KVA 200 KVA and 500 KVA (Aluminium wound CRGO Core) 3 star/ no star distribution transformers (Labour Charge) at TRW workshop, Daltonganj(Medininagar)/Garhwa and Latehar under O&M head.

All online tenders should be submitted on www.jharkhandtenders.gov.in

| Sl. No. | E-NIT No. | Scope of Work | Volume of Work | | Cost of tender documents (Rs.)(non-refundable ) | Earnest Money (Rs.) L.S 2% of Estimated Cost. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | 6 |
| 1 | 285/PR/JBVNL/2024-25 | Repairing of 3 Phase 11 KV/0.4333KV Capacities Volt 25KVA, 63KVA, 100KVA 200 KVA and 500KVA (Aluminum wound CRGO Core) 3 star/ no star distribution transformers for One Year | 1.Estimated Approx requirement for repairing of distribution transformer capacity wise per annum is mentioned hereunder:- | | Rs 10000+1800 =11800/- | Rs175247 /- |
| | | | (1) 25 KVA | Daltonganj/Garhwa/ upcoming Latehar 1200 Nos. | | |
| | | | (2) 63 KVA | 600Nos. | | |
| | | | (3) 100KVA | 600 Nos. | | |
| | | | (4) 200 KVA | 150 Nos. | | |
| | | | (4) 500 KVA | 10 Nos | | |

IMPORTANT SCHEDULE OF DATES FOR ABOVE NITS

| | | |
|---|---|---|
| 1. Availability of tender document on website | :- | From 24.01.2025 time 09.00 Hrs |
| 2 Start date and time for submitting E tender | :- | From 24.01.2025 time 09.00 Hrs |
| 3. Last Date and time of submission of E tender Towards Cost of BOQ & EMD, Documet etc in online. | :- | Date13.02.2025 Time 15:00Hrs |
| 4. Date and time of opening of tender(Techno-Commercials Cover) i.e Cover-I) | :- | Dated 14.02.2025 time 15:00 Hrs |

1. Guideline for online submission of bids can be downloaded from the website http:// jharkhandtenders.gov.in.
2. Interested bidders can download the bid from the .

For any clarification please contact : - 9835574043

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फी नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager (Tech)
Electric Supply Area, Medininagar

PR 344788 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(24-25)#D

### मैट्रिक और इंटर परीक्षा की तैयारी तेज

# छात्र अपनी सफलता पर करें फोकस : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** आगामी 11 फरवरी से शुरू होने वाली मैट्रिक और इंटर की जैक बोर्ड परीक्षा को लेकर गुमला जिला प्रशासन ने कमर कस ली है।

उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने जिले के सभी माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों, शिक्षा विभाग के अधिकारियों और शिक्षकों को छात्रों की बेहतर तैयारी सुनिश्चित करने के लिए निर्देश जारी किए हैं। शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार पर जोर: उपायुक्त ने कहा कि छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

इनमें विद्यालयों की नियमित निगरानी, शिक्षकों के कोर ग्रुप द्वारा महत्वपूर्ण प्रश्नों का चयन, प्रीबोर्ड टेस्ट, सिलेबस रिवीजन, मॉडल प्रश्नपत्रों का अभ्यास और रेमेडियल कक्षाएं शामिल हैं।

**छात्रों के लिए खास टिप्स**

उपायुक्त ने छात्रों को मानसिक रूप से तैयार रहने और समय प्रबंधन का पालन करने पर जोर दिया।
पढ़ाई का टाइम टेबल बनाना और उसका सख्ती से पालन करना।
शांत और एकांत माहौल में अध्ययन।
सिलेबस रिवीजन और मॉडल प्रश्नों का नियमित अभ्यास।
स्वस्थ दिनचर्या अपनाकर सकारात्मक रहना।
तनाव कम करने के लिए योग और ध्यान का अभ्यास।

**अभिभावकों से अपील**

अभिभावकों को बच्चों की उपस्थिति, स्वाध्याय और स्वास्थ्य पर नजर रखने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने भरोसा दिलाया कि छात्रों की समस्याओं को प्राथमिकता दी जाएगी और उनकी सफलता के लिए हरसंभव मदद दी जाएगी।



उपायुक्त ने शिक्षकों से अपील की कि वे कमजोर छात्रों की पहचान कर उन पर विशेष ध्यान दें। छात्रों की शंकाओं का समाधान करने और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए व्हाट्सएप और टेलीफोन जैसे साधनों का उपयोग करने की सलाह दी गई है।

# ग्रामीणों को नही मिल पा रहा नलजल योजना का लाभ

### हर घर नल जल स्वीकृत योजना का पूर्ण रूप से ढांचा नही हुआ निर्माण, विभाग मौन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा–लोहरदगा।** पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल विभाग के तत्वधान में जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्र के हर घर को नल जल योजना से जोड़ना है.जिसे प्रखंड क्षेत्र में विभिन्न गांव के ग्रामीणों को हर घर नल जल योजना का लाभ मुहैया कराया जाना है.परंतु अर्धनिर्मित योजना सुदुर्वती ग्रामीण क्षेत्र की ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ा रही है. ऐसा ही एक मामला सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत गढ़गांव में देखने को मिला.जहां जलमीनार की छमता पांच हजार लीटर,सोलर मोटर पम्प छमता 1 एच पी विभाग के निदेर्शानुसार लगाने का निर्देश दिया गया है.लेकिन कुछ जगहों पर



जलमीनार निर्माण कार्य पूर्ण हुआ तो कुछ जगहों पर अर्धनिर्मित अवस्था मे देखने को मिल रहा है.वही जानकारी के अनुसार बताया जाता है.कि ग्रामीण क्षेत्र में नल जल योजना धरातल पर सुचारू रूप से समय सीमा के तहत संचालित नही होने के कारण आज भी गांव के लोग पानी की समस्या से झुझ रहें है.विदित हो कि उक्त योजना का निर्माण अलौदी पंचायत में संवेदक ललन यादव के द्वारा कराया जाना था.और कार्य आरम्भ भी किया गया.जिससे गामीणो को पानी का समस्या से निजात मिलने का आसार दिख रहा था.लेकिन जलमीनार निर्माण कार्य अधूरे होने के कारण ग्रामीणों की बीच पेयजल समस्या कायम है.वही कलावती देवी,सागर उरांव, केतकी उराइन,भूषण सिंह,रंजीत उरांव, कमलेश उरांव, विदेश उरांव, सोमा उरांव सहित अन्य ग्रामीणों द्वारा बताया जाता है।

## महिलाओं को परिवार नियोजन की दी गई जानकारी

**सेन्हा–लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के झलजमीरा पंचायत अन्तर्गत आंगनबाड़ी केंद्र गगेया में स्वास्थ्य विभाग के निदेर्शानुसार सेविका मालती देवी व स्वास्थ्य सहिया शकुंतला देवी के द्वारा महिलाओं को परिवार नियोजन के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। तथा परिवार नियोजन के लिये पुरुष नसबंदी और महिला बंध्याकरण के बारे बताते हुए स्थायी और अस्थाई विधि के बारे में जानकारी दिया गया। साथ ही मलेरिया से बचाव,खांसी,टीवी,सर्दी जुकाम सहित अन्य बीमारी और उसे बचाव के बारे में बताया गया.वही नवजात बच्चों में होने वाले बीमारी निमोनिया,सर्दी जुकाम,बुखार,दस्त,उल्टी सहित विभिन्न तरह के बीमारियों के बारे में जानकारी देते हुए गर्भवती महिलाओं और माताओं को आयरन की गोली,आयोडीन युक्त नमक,हरा साग सब्जी,फल,दूध अंडा का सेवन करने के लिये कहा गया.जिसे माँ और नवजात बच्चे स्वस्थ्य हों और बच्चे बच्चियां जन्म से मंदबुद्धि व दिव्यांग न हों.साथ ही बच्चे बच्चियों को आंगनबाड़ी केंद्र में समय पर ला कर चेचक,बीसीजी,टेटन्स का सुई दिलाने के लिये निर्देश दिया गया।

### जंगल से भटक कर शहरी क्षेत्र में घुसी नीलगाय

**लोहरदगा।** जिले के किस्को के जंगल से भटक कर एक नीलगाय लोहरदगा के जयनाथपुर पहुच गया। यह नीलगाय जंगल से भटकने के बाद कई गांव से होकर जयनाथपुर में पहुंचा था। नीलगाय को देखने के लिए लोगो की भीड़ उमड़ पड़ी।


कार्यालय :– जिला सहकारिता पदाधिकारी, लातेहार
-सह-सचिव
सिद्धो–कान्हो कृषि एवं वनोपज
जिला सहकारी संघ लि0, लातेहार

शुद्धि–पत्र

जिला लातेहार अंतर्गत (सिद्धकोफेड) के अधिन कार्यालय सिद्धो–कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ के दैनिक उपयोग हेतु बाहय स्त्रोत (Out Sorce) के तहत किराये पर वाहन लिये जाने हेतु इच्छुक ट्रैवल ऐजेंसी/फर्म/वाहन आपूर्ति कर्ताओं से सिलबंध निविदा आमंत्रित हेतु PR No. 344481 CO-Operative (2024-25):D दिनांक 18.01.2025 के द्वारा समाचार पत्र में प्रकाशित किया गया था। इसमें आंशिक संशोधन करते हुए चालक रहीत के स्थान पर चालक सहीत किया जाता है।

विश्वासभाजन
सचिव,
सिद्धो–कान्हो कृषि एवं वनोपज,
जिला सहकारी संघ लि0, लातेहार

PR 344819 (Co-opretive)24-25*D



JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED
CIN: U40108JH2013SGC001704
Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi–834002, JH Phone: 0651-2400804
Website: www.jusnl.in
Office of the
General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)
Address-Sudna, Daltonganj / e-mail : gmtzdal@gmail.com

Tender Cancellation Notice

Due to some unavoidable circumstances and reasons, Tender invited vide **NIT No. 198/ PR /JUSNL/2024-25** is hereby cancelled.

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR No. 335945

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

PR.NO.344796 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25):D


## श्रद्धालुओं का जत्था महाकुंभ में पवित्र स्नान के लिए हुआ रवाना

**सिसई (गुमला)।** मंगलवार शाम को सिसई प्रखण्ड क्षेत्र के कुदरा, भदौली, गुरुगांव, निमड़ा, बुढ़का, सिसई के अलावे विभिन्न गांवों से लगभग पचास कि संख्या में श्रद्धालुगण प्रयागराज के महाकुम्भ मेले में त्रिवेणी संगम पर पवित्र स्नान करने के लिए टुकटुक ट्रैवल्स सिसई से रवाना हुए। दार्शनिक व धार्मिक यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं में श्यामनारायण सिंह, बदरी सिंह, कामदेव सिंह, राजकुमार पौराणिक, प्रयाग साहू, महावीर साहू, मदन साहू, दिलीप टोप्पो, करण साहू, बैजन्ती देवी, मालावती देवी, आशावती देवी, रूक्मणी देवी,संगीता देवी, संतोषी देवी के अलावे अन्य सभी श्रद्धालुगण शामिल हैं। श्रद्धालुओं



ने जानकारी देते हुए कहा कि हमारी यह चार दिवसीय धार्मिक यात्रा है। सर्वप्रथम पहले दिन कांशी बनारस में बाबा विश्वनाथ जी का दर्शन पूजन करेंगे। बाबा विश्वनाथ जी से अपने परिवारजनों के साथ साथ क्षेत्र की जनता के लिए सुख समृद्धि की मंगलकामना करेंगे तत्पश्चात दूसरे दिन अयोध्या श्रीराम जन्म भूमि जाकर प्रभु श्रीराम जी का दर्शन पूजन करते हुए।

## गुमला में समावेशी शिक्षा पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

**गुमला।** झारखंड शिक्षा परियोजना गुमला द्वारा समावेशी शिक्षा के तहत नगर भवन में एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसमें जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां,



क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी प्रियश्री भगत और अन्य गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ और मोमेंटो देकर किया गया। कार्यशाला में झारखंड शिक्षा परियोजना के समावेशी शिक्षा प्रभाग की प्रभारी डॉ. मीतू सिन्हा ने समावेशी शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि दिव्यांग बच्चों को सामान्य बच्चों के साथ शिक्षा देकर उनके सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान दिव्यांग बच्चों के लिए उपलब्ध सुविधाओं और उनके अधिकारों की जानकारी प्रेजेंटेशन के माध्यम से दी गई। चर्चा सत्र में शिक्षक उदय कुमार, अरविंद तिवारी, सुंदरम भारद्वाज और बीपीओ पुष्पा टोप्पो ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। मंच संचालन ओमप्रकाश दास ने कुशलता से किया। इस अवसर पर जिले के सभी बीईईओ, एपीओ, और प्राथमिक शिक्षक विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## भरनो में बाल विवाह उन्मूलन व युवाओं की शिक्षा पर कार्यशाला आयोजित


**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** मंगलवार को भरनो प्रखंड कार्यालय परिसर में छोटानागपुर सांस्कृतिक संघ के तत्वावधान में ग्रामीण अगुओं की कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का मुख्य विषय बाल विवाह उन्मूलन एवं युवाओं की शिक्षा था।

संस्था की सचिव डॉ. सचि कुमारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि किशोरवय बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कुशल अभिभावकीय कौशल का होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह एवं कम उम्र में विवाह युवाओं के भविष्य को नकारात्मक रूप से प्रभावित करते हैं। इसके लिए समाज में जागरूकता और कानून का सख्ती से पालन सुनिश्चित करना जरूरी है। कार्यशाला के उपरांत ग्रामीण अगुओं का एक प्रतिनिधिमंडल प्रमुख पारसनाथ उराँव और बीडीओ अरुण सिंह से मिला और इस मुद्दे पर एक वृहद बैठक आयोजित करने का अनुरोध किया। बैठक में पोक्सो एक्ट, बाल विवाह निषेध अधिनियम और जेजे एक्ट पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण अगुओं के बीच पोक्सो एक्ट की पुस्तकों का वितरण किया गया। कार्यशाला को सफल बनाने में शांति कुमारी संवैया, अर्चना आईन्द, पैरो कुमारी, रौशनी मिंज, सुमति उराँव, पंचू उरांव, सुकेश उराँव, बिसनाथ तिर्की, दाखलता एक्का, करमचंद उरांव और बंधना उरांव की अहम भूमिका रही।


पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

आवश्यक सूचना
(लापता महिला–पवित्री देवी उम्र करीब 26 वर्ष)



डण्डई थाना सनहा सं0–08/25, दिनांक–11.01.2025 में लापता महिला पवित्री देवी, उम्र करिब 26 वर्ष पति–संजय प्रजापति, सा0+थाना–डण्डई, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड, के रहने वाली है। जो दिनांक–08.01.2025 को सुबह 06:00 बजे निकली परंतु वापस नही आयी है। उक्त लापता महिला की खोजबीन किया गया परंतु अब तक पता नही चल सका है।

अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता महिला पवित्री देवी को कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक(मु0), गढ़वा के मो0 नं0–9431706284, तथा पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0 नं0– 9431706281 पर सूचित करने का कष्ट करेंगे।

**हुलिया**–लम्बाई–करीब 05 फिट, 01 इंच, रंग–गोरी, बदन–पतली,
पहनावा–पीला हरा रंग का साड़ी, बाल–कला लम्बा।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,गढ़वा

PR 344781 Police(24-25).D


# दुकान का सामान दुकान से बाहर न रखें दुकानदार अतिक्रमण न करें : सी ओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**घाघरा।** अंचल अधिकारी आशीष कुमार मंडल एवं थानेदार तरुण कुमार ने घाघरा के दुकानदारों के साथ थाना परिषर में बैठक की। बैठक में सीओ श्री मंडल ने दुकानदारों को एक कमिटी बनाने का निर्देश दिया। जो बैठक में प्राप्त निर्देश बहाल करने को लेकर उत्तरदायी होंगे एवं कमिटी की बात सभी दुकानदार मानेंगे। उन्होंने दुकानदारों को खुद अतिक्रमण हटाने, दुकान का सामान दुकान से बाहर न करने का दिशा निर्देश दी। इसका उल्लंघन करने वाले



दुकानदार का सामान यदि दुकान से बाहर रख सुगम यातायात को प्रभावित करते हैं तो उनका बाहर रखे सामान को सीज कर फाइन काटा जाएगा। सभी रूट में चलने वाले टेम्पू चाहे वो लोहरदगा, गुमला, पुटो या बिशुनपुर की ओर जाती हो सभी ऑटो चाँदनी चौक स्थित हाई स्कूल मैदान से खुलेंगी और सड़कों पर अनावश्यक ऑटो को खड़ा नही किया जाएगा। गुमला रोड ढ़लान पर बस का ठहराव होगा इसे लेकर बस स्टॉप का बोर्ड लगाने की बात अंचलाधिकारी ने कही। घरों का पानी सड़कों पर कतई नही बहना चाहिए इसे लेकर सीओ आशीष कुमार मंडल ने सोखता की व्यवस्था करने की बात कही इसका उल्लंघन करने वालों पर दंडात्मक कारवाई किये जाने की बात सीओ ने कही। सुरक्षा की बात पर उन्होंने दुकानदारों को निर्देश दिया कि दो अतिरिक्त कैमरा लगावें ताकि दुकान के अलावे बाहर का फिगर दिखाई दे।

## डायट चीरी में 46 विद्यालय स्वास्थ्य आरोग्य दूतों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण हुआ संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) चीरी के तत्वावधान में आयुष्मान भारत योजना के तहत 46 विद्यालय स्वास्थ्य आरोग्य दूतों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण मंगलवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम प्राचार्य सह जिला शिक्षा पदाधिकारी, चतरा अभिषेक बड़ाइक के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज सी3 के प्रतिनिधियों और जिला साधनसेवियों ने हिस्सा लिया। उन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्देश्यों और इसके तहत संचालित गतिविधियों पर विस्तार से जानकारी दी। किशोरावस्था से जुड़े संवेदनशील मुद्दों पर चर्चा करते हुए इन विषयों को वर्त्तमान समय में अत्यंत प्रासंगिक बताया। संस्थान की प्रभारी प्राचार्य, अमृता सिंहा ने समापन सत्र में आरोग्य दूतों को संबोधित करते हुए कहा कि वे विद्यालय स्तर पर इस कार्यक्रम को प्रभावी रूप से लागू करने में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएं। उन्होंने शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण किशोर-किशोरियों को शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और जीवन कौशल से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में मदद करेगा।

### रायडीह में स्वास्थ्य मेले का आयोजन

**गुमला।** रायडीह के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन प्रखंड प्रमुख, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से किया। इस स्वास्थ्य मेले में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए, जहां संबंधित बीमारियों की निःशुल्क जांच और दवा वितरण की गई। टीबी विभाग के स्टॉल में जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. गणेश राम ने टीबी से संबंधित जानकारी प्रदान की और 7 दिसंबर से चल रहे 100 दिवसीय अभियान के महत्व को बताया।

## छत्तीस वर्षो बाद अपने परिजनों से मिला व्यक्ति, परिजन व ग्रामीणों में खुशी की लहर



**सिसई (गुमला)।** सिसई प्रखण्ड क्षेत्र के ग्राम पोटरो के रहने वाले 85 वर्षीय पलटू साहू , व 80 वर्षीय रूबईन देवी का 48 वर्षीय पुत्र राजू साहू सन 1989 में पांचवीं कक्षा में फेल हो जाने के बाद बारह वर्ष की आयु में गांव वालों के साथ बाहर कमाने निकल गया। उसके बाद से घरवालों से कोई सम्पर्क नहीं रहा। क्योंकि सम्पर्क करने का कोई सुविधा नहीं था।राजू साहू ने बताया कि जिनके साथ कमाने के लिए गया था उनसे भी बिछड़ गए। और अरुणाचल प्रदेश से 120 कि. मि. की दूरी पर रोइन जो चीन के बॉर्डर से लगता है वहां पर हुलि 17 में एक पुरानी होंडा कम्पनी में दैनिक मजदुर के रूप में काम करने लगे। उन्होंने कम्पनी की मालिक का नाम काजी मगर बताया। वहां पर उसे कम्पनी वालों ने बंधुआ मजदूर बनाकर रखा था। केवल रहने और खाने के लिए कुछ पैसा दे देते थे। पगार मांगने पर टालमटोल करते थे। इस वजह से वे अपने गांव भी नहीं लौट सकते थे। जिससे परिवार वाले उसे लापता समझने लगे। हाल के कुछ दिनों में गांव के ही लोगों से राजू की मुलाकात हुई। बात चित के दौरान एक दूसरे से परिचय होने पर गांव वालों ने ही उनके परिजनों को फोन पर राजू साहू के मिल जाने की खबर दिए और उसकी बात परिजनों से कराया। तो उसने घरवालों से कहा कि मैं यहां पर फंसा हुआ हूं मेरे पास पैसे भी नहीं हैं, कम्पनी के मालिक पैसे भी नहीं दे रहा है। फिर उसके भतीजा कुन्दन साहू अपने भाई और दोस्तों के साथ राजू साहू को घर लाने के लिए अरुणाचल प्रदेश गए। और सोमवार को राजू साहू को उनके भतीजों ने रेल मार्ग से तीन दिन व तीन रात की यात्रा तय कर सकुशल घर वापस लेकर आए। उनके सकुशल घर पहुंचने पर परिजनों और ग्रामीणों के बीच खुशी की लहर दौड़ पड़ी। इतने वर्षों के बाद उनसे मिलकर परिवार वालों के आंखों में खुशी के आंसू छलकने लगे। उसके बूढ़े माता पिता ने अपने पुत्र को सीने से लगाकर बिलखने लगे। और ईश्वर को धन्यवाद करने लगे कि उनका वर्षों का खोया हुआ बेटा उन्हें सही सलामत मिल गया। तथा ग्रामीण भी उन्हें देखकर भावविभोर हो गए। और ईश्वर को धन्यवाद किए। परिजनों एवं ग्रामीणों ने पारंपरिक रूप से पैर धोकर एवं माला व अंगवस्त्र पहनाकर उनका स्वागत किये।


पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।
आवश्यक सूचना।
(चोरी गयी दो पहिया वाहन मोटरसाईकिल)

गढ़वा थाना कांड सं0–334/24, दिनांक–22.06.2024, धारा–379 भा0द0वि0 में चोरी गयी दो पहिया वाहन मोटरसाईकिल जिसका रजि0–JH1H-1918, इंजन नं0–TVSAPACHERTR-1602VBSVI DRUMP WTE, का दिनांक–22.06.2024 को अज्ञात अपराधकर्मी द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदी अब तक नही हो पाई है।

अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी गयी मोटरसाईकिल के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक(मु0), गढ़वा के मो0 नं0–9431706284, तथा पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0 नं0–9431706281 पर सूचित करने का कश्ट करेंगे।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक गढ़वा।

PR 344831 Police(24-25)D



पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा
आवश्यक सूचना
(चोरी गयी दो पहिया वाहन मोटरसाईकिल)

गढ़वा थाना कांड सं0– 558/24, दिनांक– 19.10.2024, धारा– 303(02) बी0एन0एस0–2023 में चोरी गयी दो पहिया वाहन मोटरसाईकिल जिसका रजि0– JH14L-1803, इंजन नं0– HA11E8R9E00893, चेचिस नं0– MBKHAW237R9E01034 का दिनांक–19.10.2024 को अज्ञात अपराधकर्मी द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदी अब तक नही हो पाई है।

अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी गयी मोटरसाईकिल के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मु0), गढ़वा के मो0 नं0– 9431706284, तथा पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0 नं0– 9431706281 पर सूचित करने का कष्ट करेंगे।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक
गढ़वा

PR 344828 Police (24-25)_D



पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा
आवश्यक सूचना
(चोरी गयी मोटरसाईकिल स्पलेण्डर प्लस)

गढ़वा थाना कांड सं0–459/24, दिनांक–02.09.2024, धारा–303(02) बी0एन0 एस0–2023 में चोरी गयी मोटरसाईकिल स्पलेण्डर प्लस जिसका रजि0–JH03AD-1716, इंजन नं0–HA11EYMHC-57297 का दिनांक–02.09.2024 को अज्ञात अपराधकर्मी द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदी अब तक नही हो पाई है।

अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी गयी मोटरसाईकिल के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक(मु0), गढ़वा के मो0 नं0–9431706284, तथा पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0 नं0–9431706281 पर सूचित करने का कष्ट करेंगे।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR.NO.344829 Police(24-25):D



पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।
आवश्यक सूचना।
(चोरी गयी दो पहिया वाहन मोटरसाईकिल)

गढ़वा थाना कांड सं0–528/24, दिनांक–04.10.2024, धारा–303(02) बी0एन0एस0–2023 में चोरी गयी दो पहिया वाहन मोटरसाईकिल जिसका रजि0–JH03H-2315, इंजन नं0–HA10ELC9L08634 का दिनांक–04.10.2024 को अज्ञात अपराधकर्मी द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदी अब तक नही हो पाई है।

अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी गयी मोटरसाईकिल के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक(मु0), गढ़वा के मो0 नं0–9431706284, तथा पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0 नं0–9431706281 पर सूचित करने का कश्ट करेंगे।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक गढ़वा।

PR 344826 Police (24-25)D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

प्रिय परमपिता, चाहे जो भी परिस्थितियां मेरे समक्ष आयें, मैं जानता हूँ कि वे मेरे उत्थान की अगली सीढ़ी का प्रतिनिधित्व करती हैं। मैं सभी परीक्षाओं का स्वागत करूँगा क्योंकि मैं जानता हूँ कि मुझमें उन्हें समझने की बुद्धि एवं उन पर विजय पाने की शक्ति विद्यमान है। - **श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

### गरीब देश के अमीर नेता

रोटी, शिक्षा और चिकित्सा के लिए संघर्ष करते आम भारतीयों के लिए नेताओं की सुरसा के मुंह की तरह बढ़ती सम्पत्ति इनकी गरीबी का उपहास उड़ा रही है। इस पर भी तुर्रा यह है कि देश के नेता आम जनता के लिए काम करते हैं। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू देश के सबसे अमीर मुख्यमंत्री हैं। उनके पास 931 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति है। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू दूसरे नंबर पर हैं। उनके पास 332 करोड़ रुपए से अधिक की कुल संपत्ति है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया तीसरे नंबर पर हैं। उनके पास 51 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति है। यह खुलासा एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की एक रिपोर्ट में किया गया है। देश के 31 मुख्यमंत्रियों की कुल संपत्ति 1,630 करोड़ रुपए है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि प्रति मुख्यमंत्री की औसत संपत्ति 52.59 करोड़ रुपए है। भारत की प्रति व्यक्ति शुद्ध राष्ट्रीय आय या एनएनआई 2023-2024 के लिए लगभग 1,85,854 रुपए थी, जबकि एक मुख्यमंत्री की औसत स्व-आय 13,64,310 रुपए है, जो भारत की औसत प्रति व्यक्ति आय का लगभग 7.3 गुना है। वहीं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सिर्फ 15 लाख रुपए की संपत्ति के साथ सबसे कम संपत्ति वाली मुख्यमंत्री हैं। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला 55 लाख रुपए की संपत्ति के साथ सूची में दूसरे सबसे गरीब मुख्यमंत्री हैं। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन 1.18 करोड़ रुपए की संपत्ति के साथ तीसरे सबसे कम संपत्ति वाले मुख्यमंत्री हैं। मुख्यमंत्रियों की इस सम्पत्ति का खुलासा चुनाव आयोग में दिए गए सम्पत्ति के ब्यौरे से हुआ है। गौरतलब है कि चुनाव आयोग के पास ऐसा कोई तरीका नहीं है, जिससे यह पता लगाया जा सके कि जो जानकारी दी है, वह सही या कुछ छिपाया गया है। दरअसल देश के नेता चुनाव आयोग को वही जानकारी देते हैं, जिसे वे आयकर रिटर्न में भरते हैं। देश में आयकर रिटर्न भरने वाले भी आयकर और प्रवर्तन निदेशालय के जाल में फंसते रहे हैं। सिर्फ रिटर्न फाइल कर लेने मात्र से किसी की सम्पत्ति या आय दूध की धुली नहीं हो जाती। यदि ऐसा ही होता तो देश के सैकड़ों नेता ईडी, सीबीआई और आयकर के लपेटे में नहीं आते। हालांकि इनके जाल में फंसने के बाद नेता यही राग अलापते रहे हैं कि विपक्ष में होने के कारण उन्हें जानबूझ कर फंसाया गया है। विपक्षी दलों के दिग्गज नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण केंद्र में सत्तारुढ़ भाजपा और उसके सहयोगी दलों पर भी सवाल उठते रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या सत्तारुढ़ भाजपा और उसके सहयोगियों में सभी ईमानदार हैं।

भारत में 12.9 करोड़ लोगों को एक वक्त का खाना भी ठीक तरह से मयस्सर नहीं होता और नेताओं की सुरसा के मुंह की तरह बढ़ती सम्पत्ति इनकी गरीबी का उपहास उड़ा रही है। इस पर भी तुर्रा यह है कि देश के नेता आम जनता के लिए काम करते हैं।

*देश के 31 मुख्यमंत्रियों की कुल संपत्ति 1,630 करोड़ है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि प्रति सीएम की औसत संपत्ति 52.59 करोड़ है।*

# सफलता की अनिवार्यता है फ्यूचर की स्टैटिजिक थिंकिग



भविष्य आपकी और हमारी सोच से कहीं अधिक तेज है। हमारा जीवन, बाजार, उद्योग और विचार तथा टेक्नोलॉजी सबकुछ तीव्रता से बदल रहा है। क्या किसी को ऐसा लगता है कि वर्ष 2000 बस कुछ साल पहले की बात है और 2030 भविष्य में बहुत दूर की बात है ? ऐसा नहीं है। पिछले पांच सौ सालों का इतिहास विचार यानी आइडिया और तकनीक यानी प्रौद्योगिकी के इर्द गिर्द चला, आनेवाला समय स्टैटिजिक थिंकिग का होगा। इस 21 वीं सदी का इतिहास उनके हाथों में होगा, जो स्ट्रैटिजिक थिंकिग से फ्यूचर को बेहतर तरीके से देख, पढ़ और उसके अनुरुप तैयार होंगे। जिसके पास ज्ञान नहीं होगा, वे नेपथ्य में चले जायेंगे। जिसके पास ज्ञान का सतत संवर्द्धन की काबिलियत होगी, वे भविष्य को अपने अनुरुप बदलने का ताकत रखेंगे, वही समाज, बाजार और संसार का शक्तिमान बनेंगा। भविष्य में संभावित परिवर्तन, आनेवाले खतरे और उसके वैकल्पिक सशक्त समाधान करनेवाला व्यक्ति या व्यवसाय ही सफल होंगे। विकास का एक संभावित धारा होती है। इसको समझना जरूरी है। स्टैनफोर्ड यूनिवसिटी का माहौल, युवाओं की स्ट्रैटिजिक थिंकिंग और भविष्य के लिए खतरा उठाने की अदम्य सहास ने ही सिलिकन वैली को जन्म दिया जो आज दुनिया को गढ़ रहा है। एक जमाना था जब ऑक्सफोर्ड और कैंब्रिज दुनिया को दिशा देती थी। नालंदा और तक्षशिला सहित दर्जन भर ज्ञानकेंद्र के कारण भारत भी विश्व गुरू था।

उदारीकरण के बाद 1992 में इतिहासकार फ्रांसिस फुकियामा ने एक किताब लिखी- द एंड ऑफ हिस्टरी एंड दी लॉस्ट मैन। इसके साथ ही पूरी दुनिया में बाजारवाद पर आधारित वैश्विक अर्थव्यवस्था का दौर शुरू हो गया। पिछले साल 2022 में ग्रैग बरमैन और ऑब्रे फॉक्स की एक किताब आयीं है- ग्रेज्युअलः इंक्रिमेंटल चेज इन रेडिकल एज। इसने अब विचार और तकनीक के कछुआ और खरगोश की दौर को खत्म कर दिया है। अब दुनिया टेक्नोलॉजी संसार के साथ ड्राईविंग सीट पर है और आर्टिफिशियल इंटेलिजेस के दौर में दुनिया बड़े और सतत बदलाव के दौर में है। सबकुछ बदल रहा है और यह तेजी से बदल रहा है। ऐसे में एक ही चीज हमारे अस्तित्व को बचा सकती है। रणनीतिक विचार यानी स्ट्रैटिजिक थिंकिंग और एंटीसिपेटिंग द फ्यिूचर यानी आसन्न भविष्य के बारे में पूर्वानुमान। एक्सएलआरआई के प्रोफेसर अपलक खटुआ बताते है कि नोकिया और कोडक के उतार-चढ़ाव का दौर एक केस स्टडी है। नोकिया मोबाइल ने बाजार में अपने एकाधिकार बनाये रखने के लिए सब कुछ किया, जो किया जा सकता है। तकीनीक भी बदला और स्थिति में भी परिवर्तन किया। उसको पता था क्या हो रहा है ? एंड्रोयाड के दौर में जब एप्पल मोबाइल बाजार में उतर रहा था, तब भविष्य के आंकलन में नोकिया विफल रहा। दूसरी ओर कोडक ने वह भी किया, जो नोकिया नहीं कर सका। वह बाजार में अपने एकाधिकार को बनाए रखने के लिए डिजिटल सर्विस में भी उतरा। फिर भी असफल रहा। दूसरी ओर एप्पल मोबाइल का बाजार मोबाइल हेंडसेट से शुरू हुआ और आज वह हरेक क्षेत्र में है। सफलता केवल तकनीक का ज्ञान और उसका उपयोग नहीं है, बल्कि भविष्य का सटीक आंकलन और उसके अनुसार व्यवहार भी है।

यह प्रगति, समृद्धि और अवसरों के नये युग की शुरूआत है। टेक्नोलॉजी आज भावी अर्थव्यवस्था को गढ़ने की भूमिका में लगा है। दुनिया में एआई की तीव्र आवाज गूंज रही है। अमेरिका में इसे एक 19 साल का युवा सैम अल्टमैन अपनी एक स्टार्ट अॅप "ओपन एआई" के रूप में शुरू किया, जो आज "चैट जीपीटी" के रूप में मुफ्त सेवाएं दे रहा है। यह एक इंस्टूमेंट यानी एक उपकरण है जो दुनिया को प्रगति, क्षमता और अवसर का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। ऐसे कई उपकरण और तकनीक आने वाले कल को बदल डालेंगे। यही कारण है कि अब "ब्लू ओसन स्ट्रेटेजी" की बात हो रही है। इस सिद्धांत को चैन किम और रेनी मौबोर्गने ने एक सौ सालों एवं तीस से अधिक कंपनियों रणनीतिक कदमों के अध्ययन के आधार पर प्रतिपादित किया है। इसमें उन उद्योगों एवं विचारों को शामिल किया गया है जो आज अस्तित्व में नहीं है। एक अज्ञात बाजार जो स्थान और प्रतिस्पर्धा से अछूता है। इस रणनीति के तहत नये बाजार खोलने, उसके लिए नई मांग बनाने के लिए लिए संघर्ष के बदले नयी रणनीति पर विचार किया जाता है। एक सौ साल पहले ऑटोमोबाइल, संगीत रिकॉडिंग, विमानन उद्योग अनजाने थे। 20 साल पहले म्यूचूअल फंड, सेलुलर टेलीफोन, डिलीवरी पैकेज, कॉफी बार, का अस्तित्व नहीं था। आज के 20 साल बाद कितने उद्योग जो अज्ञात है, तब क्या वे अस्तित्व में नहीं आयेंगे ! जो आने वाले भविष्य का पूर्वानुमान लगा सकेंगे, वह इतिहास में दर्ज हो जायेंगे और बाकि समय के द्वारा मिटा दिये जायेंगे।

हमारी भौतिक दुनिया में मनुष्यों और मानव नेटवर्क, चमत्कारी प्रक्रियाओं और अल्पज्ञात कंपनियां का उत्सव है, जो कच्चे माल को आश्चर्यजनक चीजों में बदलने के लिए एक साथ आते हैं। यह पूरी तरह से नये सिरे से मानव सभ्यता की कहानी है। जिसमें हमारा जीवन अब रेत, नमक, लोहा, तांबा, तेल और लिथियम पर केवल आधारित नहीं है। हम अब सूचना की भारहीन दुनिया में रह रहे हैं, जिसे कॉनवे " ईथर दुनिया " कहते हैं। अब जल्द ही हम एआई से घिरे रहेंगे। वे हमारे जीवन को व्यवस्थित करेंगे, हमारे व्यवसाय को संचालित करेंगे और हमारी मुख्य सेवाओं को चलायेंगे। आने वाल समय एक ऐसी दुनिया का है जहां हम डीएनए प्रिंटर और क्वांटम कंप्यूटर, इंजीनियरिंग सेवाओं और स्वायत्त हथियारों, रोबोट सहायकों और प्रचुर ऊर्जा की दुनिया में रहेंगे।

वर्तमान में हममें से क्या कोई इसके लिए तैयार है ? क्या हम अपनी गलतियों से सीखेंगे। भारतवर्ष ने दो बार भविष्य को पढ़ने में विफल रहा। इस्लामिक आक्रमण के कारण पांच सौ साल की राजनीतिक गुलामी सहनी पड़ी। फिर दूसरी बार अंग्रेजों के कारण हम सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गुलामी के दौर में भी पहुंच गए। यह एक नया दौर है। हमें यह मानना होगा कि रचनात्मक प्रतिभाएं एक पहचान से जुड़ी नहीं होती है, बल्कि लगातार अपने रुख पर पुनर्विचार करने से तैयार होती है। जो व्यक्ति यह स्वीकार करते है कि वे कुछ नहीं जानते हैं और आलोचनात्मक प्रतिक्रिया चाहते हैं, वे अधिक उत्पादक और अभिनव संसार का नेतृत्व करते हैं। पुनर्विचार करना और रणनीतिक सोच को विकसित करना एक कला है जो हमको पहले से अधिक तेजी से बदली दुनिया में बढ़त दिलानेवाले गुप्त कौशल हो सकता है। हमें गलती करनी चाहिए ताकि आगे का रास्त पता हो। विख्यात दार्शनिक बर्ट्रेंड रसेल से एक बार साक्षात्कार में पूछा गया था कि क्या वह अपने किसी विश्वास के लिए मरने को तैयार है ? उनका जवाब यह था- बिल्कुल नहीं। आखिरकार मैं गलत भी हो सकता हूं। उसी प्रकार फ्यूचर के आंकलन में गलत होना ठीक है लेकिन चुपचाप रह जाना अपने सभी विकास के मार्ग को अवरुद्ध करने के समान है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आज की बात



**डॉ मयंक मुरारी**
चिंतक और लेखक

### क्या अमेरिका के मोदी साबित होंगे ट्रंप ?

माननीय, सम्माननीय डोनाल्ड ट्रंप अब अमेरिका के नए राष्ट्रपति है। ट्रम्प महोदय के शपथ ग्रहण के बाद ये अटकलें लगना शुरू हो गयीं हैं कि वे आज नहीं तो कल अमेरिका के मोदी साबित होंगे,क्योंकि ट्रम्प और भारत के प्रधानमंत्री प्रातस्मरणीय नरेंद्र दामोदर दास मोदी जीकी प्राथमिकताएं लगभग एक जैसी है। उनकी आक्रामकता, उनकी सियासत में अदावती शैली मोदी जी की राजनीति से बहुत कुछ मेल खाती है। ट्रम्प के लिए अमेरिका के लिए कुछ नया दिखने का ये अंतिम अवसर है। अमेरिकी ट्रम्प को और मौक़ा नहीं दे सकता। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने भाषण में कैच एंड रिलीज नीति को समाप्त करने का वादा करते हुए कहा कि वे दक्षिणी सीमा पर राष्ट्रीय आपातकाल घोषित करेंगे और लाखों अवैध अप्रवासियों को वापस भेजेंगे। कैच एंड रिलीज शब्द का इस्तेमाल अक्सर अप्रवासियों को अदालत की तारीख तक हिरासत में रखने के बजाय रिहा करने की नीति के लिए किया जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह एक विशिष्ट कानून या नीति नहीं है और अब आम प्रथा नहीं है, जिसे ट्रंप खत्म करने की बात कह रहे हैं। उनके आदेश का विवरण भी स्पष्ट नहीं है। भारत में भी अवैध प्रवासियों को लेकर मोदी सरकार लगातार जूझ रही है लेकिन भारत में अभी किसी भी सीमा पर आपातकाल की घोषणा नहीं की हई है। लेकिन ट्रम्प महोदय से प्रेरणा लेकर भारत में भी ऐसा कदम उठाया आ सकता है। कोई माने या न माने ट्रम्प और मोदी जी एक-दुसरे के ख्यालों की या तो नकल करते हैं या एक-दुसरे को प्रेरित करते हैं। दोनों की बातों में हवा -हवाई तत्व कॉमन है।

ट्रंप ने पनामा नहर को वापस लेने का भी वादा करते हुए कहा कि इस नहर के निर्माण के दौरान 38,000 अमेरिकियों की मौत हुई और चीन नहर का संचालन कर रहा है। सच्चाई ये है कि अमेरिकी निर्माण में 5,600 लोगों की मौत हुई थी और ये कैरिबियन के मजदूर थे। पनामा नहर के प्रशासक ने ट्रंप के इस दावे का खंडन किया है कि चीन नहर का संचालन कर रहा है। उन्होंने कहा है कि इन बंदरगाहों पर काम कर रही चीनी कंपनियां हांगकांग के एक कंसोर्टियम का हिस्सा थीं, जिसने 1997 में बोली प्रक्रिया जीती थी। अमेरिकी और ताइवान की कंपनियां भी नहर के किनारे अन्य बंदरगाहों का संचालन कर रही हैं। मुमकिन है की भविष्य में भारत के पीएम भी चीन को आँखेंदीखते हुए चीन से भारत की हथियाई गयी जमीन पर अपना हक जताने लगें। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**राकेश अचल**

## स्क्रीन पर टिकती नजरें, पीछे छुपा खतरा : बच्चों का भविष्य कैसा?

आज के दौर में डिजिटल शिक्षा ने ज्ञान की पहुंच को सरल, व्यापक और तेज़ बना दिया है। तकनीकी प्रगति ने शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व क्रांति ला दी है, जिससे दूरस्थ शिक्षा और ऑनलाइन शिक्षण का मार्ग प्रशस्त हुआ है। लेकिन जहां इसके अनेक सकारात्मक पहलू हैं, वहीं इसके दुष्प्रभाव भी कम नहीं हैं। खासकर स्कूलों द्वारा ऑनलाइन होमवर्क और अधूरे पाठ्यक्रम के नोट्स साझा करने की प्रवृत्ति ने बच्चों को मोबाइल और तकनीकी उपकरणों पर अत्यधिक निर्भर बना दिया है। यह न केवल उनकी शैक्षणिक गुणवत्ता को प्रभावित कर रहा है, बल्कि उनके मानसिक स्वास्थ्य और शारीरिक विकास पर भी गहरी चोट पहुंचा रहा है। डिजिटल शिक्षा की शुरुआत ने यह उम्मीद जगाई थी कि यह शिक्षा को अधिक प्रभावी, सुलभ और व्यावहारिक बनाएगी। परंतु वर्तमान परिदृश्य में इसके उपयोग ने इसकी मूल भावना को क्षीण कर दिया है। स्कूल और शिक्षक, बच्चों को ऑनलाइन माध्यमों के जरिए पढ़ाई का दिखावटी समाधान दे रहे हैं, जो उन्हें पूरी तरह मोबाइल और तकनीकी उपकरणों पर निर्भर बना रहा है। यह निर्भरता न केवल उनकी अध्ययन गुणवत्ता को सतही बना रही है, बल्कि उनके ज्ञान और एकाग्रता पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल रही है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर नोट्स और असाइनमेंट साझा करने का उद्देश्य बच्चों की सहायता करना था, लेकिन यह उन्हें पढ़ाई से भटकाकर गेम्स, सोशल मीडिया और मनोरंजन की ओर खींच रहा है। परिणामस्वरूप, बच्चे अध्ययन में गहराई से जुड़ने में असमर्थ हो रहे हैं और उनकी तार्किक क्षमता एवं बौद्धिक कौशल अवरुद्ध हो रहे हैं। परीक्षाओं के करीब होने के बावजूद अधिकांश स्कूल पाठ्यक्रम को केवल औपचारिकता के तहत पूरा करने में लगे हैं, जबकि गहन समझ और व्यावहारिक ज्ञान पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। यह प्रवृत्ति बच्चों को रटने तक सीमित कर रही है, जिससे उनका मानसिक विकास बाधित हो रहा है। शिक्षा का यह मॉडल बच्चों को केवल अच्छे अंक पाने के लिए प्रेरित कर रहा है, जबकि शिक्षा का असली उद्देश्य उन्हें जीवन के हर पहलू में सक्षम, तार्किक और स्वावलंबी बनाना है।

मोबाइल और डिजिटल उपकरणों का अत्यधिक उपयोग बच्चों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर गहरा और चिंताजनक प्रभाव डाल रहा है। लंबे समय तक स्क्रीन के सामने बैठने से बच्चों को सिरदर्द, थकान और आँखों की समस्याएँ झेलनी पड़ रही हैं। उनकी शारीरिक गतिविधियाँ लगभग समाप्त हो गई हैं, जिससे उनका शारीरिक विकास ठहर सा गया है। इसके साथ ही, बच्चों का सामाजिक विकास भी प्रभावित हो रहा है, क्योंकि वे अपने साथियों और शिक्षकों के साथ प्रत्यक्ष संवाद करने से वंचित हो रहे हैं। यह कमी उनके आत्मविश्वास और सामूहिकता की भावना को कमजोर कर रही है। कभी शिक्षक, अभिभावक और छात्रों के बीच संवाद का पुल मानी जाने वाली स्कूल डायरी अब केवल नाममात्र की औपचारिकता बनकर रह गई है। इसका स्थान व्हाट्सऐप और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म्स ने ले लिया है। शिक्षक और अभिभावक डायरी में नोट लिखने के बजाय ऑनलाइन संदेश भेजकर अपनी जिम्मेदारियों की इतिश्री मान लेते हैं। इस परिवर्तन का परिणाम यह हुआ है कि बच्चे अपनी जिम्मेदारियों को समझने और आत्मनिर्भर बनने से दूर हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त, डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के बढ़ते उपयोग से बच्चों के नैतिक और मानसिक स्तर पर भी गंभीर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। पढ़ाई के बहाने मोबाइल का उपयोग करते हुए बच्चे कई बार अनुचित सामग्री तक पहुँच जाते हैं। सोशल मीडिया पर अत्यधिक समय बिताने के कारण उनमें हीन भावना, तनाव और असुरक्षा का भाव गहराने लगा है। साइबर बुलिंग और ऑनलाइन धोखाधड़ी जैसी समस्याएँ उनके मानसिक स्वास्थ्य को और अधिक हानि पहुँचा रही हैं। यह स्थिति न केवल बच्चों के वर्तमान को प्रभावित कर रही है, बल्कि उनके उज्ज्वल भविष्य पर भी काले बादल मँडरा रही हैं। इस समस्या के समाधान के लिए सबसे पहले स्कूलों और शिक्षकों को अपनी जिम्मेदारियों को पुनः परिभाषित करना होगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**प्रो. आर.के. जैन "अरिजीत"**

### फेसबुक वॉल से




### एक्स से




### आज का दोहा

मस्त झूमता झामता, आता था मधुमास।
अब आता है या नहीं, पता नहीं कुछ खास।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

## महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस एक पराक्रमी योद्धा थे

**सुभाष चंद्र बोस जयंती** (23 जनवरी) पर विशेष

नेताजी सुभाषचंद्र बोस द्वारा दिया गया 'जय हिन्द' का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया। 'तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा' का उनका नारा भी उस समय अत्यधिक प्रचलन में आया। आजादी की जंग में प्रमुख भूमिका निभाने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 23 जनवरी को 127 वीं जयंती मनाई जा रही है। उनकी जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनका पूरा जीवन ही साहस व पराक्रम का उदाहरण है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को उड़ीसा में कटक के एक संपन्न बंगाली परिवार में हुआ था। बोस के पिता का नाम जानकीनाथ बोस और मां का नाम प्रभावती था। जानकीनाथ बोस कटक शहर के मशहूर वकील थे। प्रभावती और जानकीनाथ बोस की कुल मिलाकर 14 संतानें थी, जिसमें 6 बेटियां और 8 बेटे थे। सुभाष चंद्र उनकी नौवीं संतान और पांचवें बेटे थे। नेताजी ने अपनी प्रारंभिक पढ़ाई कटक के रेवेंशॉव कॉलेजिएट स्कूल में हुई। उसके बाद उनकी शिक्षा कलकत्ता के प्रेजिडेंसी कॉलेज और स्कॉटिश चर्च कॉलेज से हुई। उन्होंने इंग्लैंड के केंब्रिज विश्वविद्यालय से सिविल सर्विस की परीक्षा में चौथा स्थान प्राप्त किया था।



1921 में भारत में बढ़ती राजनीतिक गतिविधियों का समाचार पाकर बोस सिविल सर्विस की सरकारी नौकरी छोड़ कर कांग्रेस से जुड़ गए। 1928 में जब साइमन कमीशन भारत आया तब कांग्रेस ने उसे काले झण्डे दिखाये। कोलकाता में नेताजी ने इस आन्दोलन का नेतृत्व किया। साइमन कमीशन को जवाब देने के लिये कांग्रेस ने भारत का भावी संविधान बनाने का काम आठ सदस्यीय आयोग को सौंपा। मोतीलाल नेहरू इस आयोग के अध्यक्ष और सुभाषचंद्र बोस उसके सदस्य थे। 26 जनवरी 1931 को कोलकाता में राष्ट्र ध्वज फहराकर सुभाष विशाल मोर्चे का नेतृत्व कर रहे थे तभी पुलिस ने उनको जेल भेज दिया। जब सुभाष चंद्र बोस जेल में थे तब गांधीजी ने अंग्रेज सरकार से समझौता किया और सब कैदियों को रिहा करवा दिया। लेकिन अंग्रेज सरकार ने सरदार भगत सिंह जैसे क्रान्तिकारियों को रिहा करने से साफ इन्कार कर दिया। भगत सिंह की फांसी माफ कराने के लिये गांधीजी ने सरकार से बात तो की परन्तु नरमी के साथ। सुभाष चाहते थे कि इस विषय पर गांधीजी अंग्रेज सरकार के साथ किया गया समझौता तोड़ दें लेकिन गांधीजी अपना वचन तोड़ने को राजी नहीं थे। अंग्रेज सरकार द्वारा भगत सिंह व उनके साथियों को फांसी दे दी गयी। भगत सिंह को बचा नहीं पाने पर सुभाष बोस, गांधीजी और कांग्रेस से बहुत नाराज हो गये।

1930 में सुभाष के कारावास में रहते हुये ही कोलकाता महापौर का चुनाव जीतने पर सरकार उन्हें रिहा करने पर मजबूर हो गयी। 1932 में सुभाष को फिर से कारावास हुआ। इस बार उन्हें अल्मोड़ा जेल में रखा गया। अल्मोड़ा जेल में उनकी तबीयत फिर से खराब होने पर सुभाष इलाज के लिये यूरोप चले गये। सन् 1933 से लेकर 1936 तक सुभाष चंद्र बोस यूरोप में रहे। यूरोप में सुभाष इटली के नेता मुसोलिनी से मिले। जिन्होंने उन्हें भारत के स्वतन्त्रता संग्राम में सहायता करने का वचन दिया।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**रमेश सर्राफ धमोरा**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# सनातन को चरम उत्कर्ष पर ले जाने का कार्य करेंगे सीएम योगी : चिदानंद



**एजेंसी। महाकुंभनगर**

महाकुंभ की समस्त दिव्यता-भव्यता उसमें आने वाले संतों, महात्माओं और करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से संभव है। महाकुंभ में ऋषिकेश से आए परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष और आध्यात्मिक गुरु चिदानंद सरस्वती का कहना है कि महाकुंभ भारतीयता का महापर्व है, सनातन आस्था को मानने वालों का इससे बड़ा कोई महोत्सव नहीं है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ कुछ का नहीं सबका महोत्सव है, जिस उत्साह और जोश में लोग महाकुंभ में भाग लेने आ रहे हैं, संगम के सब तट आस्थावान लोगों से भरे हुए हैं। ऐसा नजारा पूरे विश्व में कहीं देखने को नहीं मिलता। ये सनातन के उत्कर्ष का महापर्व है और सनातन को उसके उच्चतम शिखर पर ले जाने का कार्य मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष चिदानंद सरस्वती का कहना है कि वो 1971 से महाकुंभ में सम्मिलित होते रहे हैं। लेकिन, जैसी दिव्य और भव्य व्यवस्था प्रयागराज के इस महाकुंभ में है, ऐसी पहले कभी नहीं देखी। महाकुंभ के इस महाआयोजन के लिए उन्होंने सीएम योगी आदित्यनाथ को साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ का ऐसा भव्य आयोजन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अथक प्रयासों से ही संभव हुआ है। इस अद्भुत आयोजन को देखकर सभी लोग आह्लादित और उत्साहित हैं। देश ही नहीं विश्व के कोने-कोने से आए भक्त और पर्यटक महाकुंभ की आभा, यहां की आध्यात्मिक ऊर्जा को देखकर यहां बार-बार आना चाह रहे हैं। महाकुंभ से सनातन की एकता, समरसता का जो संदेश विश्व में जा रहा है, अन्यत्र संभव नहीं है। चिदानंद का कहना है कि जब मैंने संगम तट पर स्नान किया तो लोगों में भरे हुए उत्साह को देखकर पूरी तरह गौरवान्वित था। ऐसा दिव्य-भव्य, अद्भुत नजारा है, जिसका वर्णन नहीं कर सकता हूं। देश-दुनिया के कोने-कोने से लोग आकर पवित्र संगम में डुबकी लगा रहे हैं। सनातन के उत्कर्ष को देखकर सभी आश्चर्यचकित हैं। यहां तक कि सीमा पार पाकिस्तान, बांग्लादेश से लेकर बहरीन, अरब के लोग देखकर न केवल हैरान हो रहे हैं बल्कि कई तो खुद महाकुंभ में शामिल होने आना चाह रहे हैं। लोगों को बांटने वाले देखें कि कैसे सभी जाति, पंथ, भाषा बोलने वाले एक साथ संगम स्नान कर रहे हैं। महाकुंभ सनातन की एकता का महापर्व है।

## गौतम अदाणी ने 'संगम घाट' पर की पूजा-अर्चना, बताया- 'अद्भुत अनुभव'

**महाकुंभ नगर।** अदाणी ग्रुप के अध्यक्ष गौतम अदाणी मंगलवार को संगम नगरी प्रयागराज में 'महाकुंभ 2025' के भव्य आयोजन में पहुंचे। इस दौरान गौतम अदाणी ने महाकुंभ मेला में इस्कॉन मंदिर के शिविर का दौरा किया। इस दौरान उनकी पत्नी प्रीति अदाणी भी मौजूद रहीं। स्वागत के बाद गौतम अदाणी को महाप्रसाद बनाते हुए देखा गया। उन्होंने अपनी पत्नी के साथ इस्कॉन मंदिर के शिविर में लोगों को महाप्रसाद वितरित किया। उसके बाद गौतम अदाणी ने पत्नी प्रीति अदाणी के साथ 'संगम घाट' पर पूजा-अर्चना की। वहीं, बड़े हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन भी किया। इस दौरान गौतम अदाणी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मैं प्रयागराज की धरती पर आया हूं और यहां आना अद्भुत अनुभव रहा है। यहां के अनुभव को शब्दों में नहीं बताया जा सकता है। महाकुंभ की दिव्यता और भव्यता अवर्णनीय है। मैं सभी भारतीयों की ओर से पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ को दिल से धन्यवाद देता हूं। मैं इतनी बड़ी संख्या में आगंतुकों के प्रबंधन के लिए उत्तर प्रदेश प्रशासन, विशेष रूप से पुलिसकर्मियों और स्वच्छता कर्मचारियों को भी धन्यवाद देता हूं। जिस तरह से यहां व्यवस्थाएं की गई हैं, वह वाकई प्रबंधन संस्थानों और कॉरपोरेट घरानों के लिए अध्ययन का विषय है। मेरे लिए मां गंगा के आशीर्वाद से बढ़कर कुछ नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश में अपार संभावनाएं हैं। प्रदेश की 25-27 करोड़ की आबादी है। उत्तर प्रदेश सरकार विकास की दिशा में काम कर रही है। राज्य के विकास में अदाणी ग्रुप अपना योगदान देता रहेगा। हम राज्य में अधिकतम निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अपने बेटे जीत अदाणी की शादी को लेकर गौतम अदाणी ने कहा कि जीत की शादी 7 फरवरी को है। हमारा कार्यक्रम आम लोगों की तरह है। उनकी शादी बेहद साधारण और पूरे पारंपरिक तरीकों से होगी। अदाणी समूह इस साल इस्कॉन और गीता प्रेस के साथ मिलकर महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा में लगा हुआ है। इस्कॉन के साथ मिलकर अदाणी समूह प्रतिदिन एक लाख श्रद्धालुओं को महाप्रसाद का वितरण कर रहा है। परिसर में 'अदाणी महाप्रसाद' का आयोजन किया जा रहा है, जहां हजारों भक्तों की भीड़ लगी हुई है।



## महाकुंभ 2025 : पूरे मंत्रिमंडल के साथ त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाएंगे सीएम योगी



**महाकुंभ नगर।** प्रयागराज महाकुंभ में बुधवार को योगी सरकार की कैबिनेट बैठक हो रही है। इस बैठक में योगी सरकार के सभी 54 मंत्रियों को बुलाया गया है। इस बैठक में प्रदेश को कई सौगात देने वाली योजनाओं और प्रस्तावों को मंजूरी दी जाएगी। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूरे मंत्रिमंडल के साथ त्रिवेणी संगम की पावन धारा में डुबकी भी लगाएंगे। इससे पूर्व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2019 कुंभ मेले में भी अपने पूरे मंत्रिमंडल के साथ संगम में डुबकी लगाई थी, तब मुख्यमंत्री के साथ अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष नरेंद्र गिरि और अन्य साधु-संतों ने भी संगम में स्नान किया था। महाकुंभ में योगी सरकार की बैठक में शामिल होने के लिए यूपी सरकार के सभी 54 मंत्रियों को बुलाया गया है। यह बैठक अरैल के त्रिवेणी संकुल में दोपहर 12 बजे शुरू होगी। संगम में स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को असुविधा न हो, इसके लिए अरैल में बैठक करने का फैसला लिया गया है। पहले यह बैठक मेला प्राधिकरण के सभागार में होनी थी, लेकिन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए बाद में बैठक का स्थान बदल दिया गया। अगर मेला प्राधिकरण के सभागार में मंत्रियों की बैठक की जाती है तो वीआईपी सुरक्षा के चलते श्रद्धालुओं को दिक्कत हो सकती थी। बैठक के बाद सभी मंत्री अरैल वीआईपी घाट से मोटर बोट के जरिए संगम जाएंगे। यहां सीएम योगी समेत सभी मंत्री विधिवत पूजन करेंगे। इसके बाद संगम तट पर बनी जेटी के जरिए त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाएंगे। जानकारी के मुताबिक, सीएम योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्र देव सिंह, बेबी रानी मौर्य, जयवीर सिंह, लक्ष्मी नारायण चौधरी, धर्मपाल, नंदगोपाल नंदी और अनिल राजभर सहित सभी 21 मंत्री और बाकी स्वतंत्र प्रभार वाले और राज्यमंत्री सहित कुल 54 मंत्री कैबिनेट बैठक में शामिल होने के बाद विधिवत संगम में स्नान करेंगे।

### दिल्ली चुनाव : भाजपा का संकल्प पत्र-2 जारी

# प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए मिलेंगे 15 हजार रुपये

**एजेंसी। नई दिल्ली**



● जरूरतमंद छात्रों के लिए केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा का वादा

भारतीय जनता पार्टी ने अपने वादे के मुताबिक दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए आज संकल्प पत्र भाग-2 जारी किया। इसमें जरूरतमंद छात्रों को केजी से पीजी तक की शिक्षा मुफ्त देने का वादा किया गया है। साथ ही युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 15 हजार रुपये की वित्तीय सहायता देने की भी घोषणा की गयी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने यह संकल्प पत्र जारी किया। अनुराग ठाकुर ने पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि इस संकल्प पत्र से दिल्ली का विकास होगा। उन्होंने कहा कि पार्टी की सरकार बनने पर दिल्ली के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 15 हजार रुपये की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराएंगे और दो बार की यात्रा एवं आवेदन शुल्क की प्रतिपूर्ति भी करेंगे। दिल्ली में तकनीकी एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए बीआर आंबेडकर स्टाइपेंड योजना शुरू करेंगे। इसके अंतर्गत आईटीआई, स्किल सेंटर आदि में पढ़ रहे अनुसूचित जाति के छात्रों को 1000 रुपये प्रति माह स्टाइपेंड मिलेगा। अनुराग ठाकुर ने कहा कि ऑटो टैक्सी ड्राइवर वेलफेयर बोर्ड का गठन करेंगे। इसके अंतर्गत उन्हें 10 लाख तक का बीमा, 5 लाख तक का दुर्घटना बीमा, उनके बच्चों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए छात्रवृति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि डोमेस्टिक वर्कर्स के लिए डोमेस्टिक वर्कर्स वेलफेयर बोर्ड का गठन किया जाएगा। इसके अंतर्गत 10 लाख तक का जीवन बीमा, 5 लाख तक के दुर्घटना बीमा का प्रावधान किया जाएगा।

## मौनी अमावस्या व बसंत पंचमी पर प्रयागराज के यात्रियों को होगी मुश्किल

### 29 ट्रेनें रद्द, इनमें आरक्षण कराए लोग नहीं पहुंच पाएंगे प्रयागराज

**नवीन मेल संवाददाता**

**प्रयागराज।** महाकुंभ मेले के दो बड़े स्नान पर्व मौनी अमावस्या व बसंत पंचमी के अवसर पर रेलवे ने प्रयागराज आने वाले यात्रियों के लिए बहुत बड़ी परेशानी खड़ी कर दी है। जिन लोगों ने महाकुंभ के अमृत स्नान के लिए ट्रेनों में अपने आरक्षण करवाए थे, उन्हें रेलवे प्रशासन ने बड़ा झटका दिया है। रेल मंत्रालय द्वारा इन दोनों ही महत्वपूर्ण स्नान पर्व पर अचानक लंबी दूरी की 29 ट्रेनें निरस्त कर दी गई हैं। अचरज यह है कि रेलवे प्रशासन द्वारा लंबी दूरी की ट्रेनें निरस्त किए जाने की कोई स्पष्ट वजह नहीं बताई गई है।

दूसरी तरह चर्चा है कि मकर संक्रांति पर ज्यादा भीड़ हो जाने की वजह से सैकड़ों की संख्या में ऐसे यात्री जिनका तमाम ट्रेनों में आरक्षण था, वह शहर के तमाम स्थानों पर नो एंट्री की वजह से प्रयागराज जंक्शन नहीं पहुंच सके। अब मौनी अमावस्या पर मकर संक्रांति के मुकाबले दो गुनी भीड़ आने का अनुमान है। ऐसे में रेलवे का रूटीन की जगह ज्यादा से ज्यादा स्पेशल ट्रेन चलाए जाने पर जोर है। यह तभी संभव होगा जब सीमित संख्या में नियमित ट्रेनों का संचालन हो। फिलहाल मौनी अमावस्या पर लंबी दूरी की 18 एवं बसंत पंचमी पर 11 नियमित ट्रेनें निरस्त कर दी गई हैं। इसके अलावा, 28 ट्रेनें प्रयागराज जंक्शन की जगह प्रयागराज छिवकी होकर चलाई जाएंगी। इन सभी का शेड्यूल उत्तर मध्य रेलवे प्रशासन ने जारी कर दिया है। एनसीआर के सीपीआरओ शशिकांत त्रिपाठी ने कहा कि परिचालनिक कारणों से इन ट्रेनों को निरस्त किया गया है। यात्रियों की सुविधा के लिए ज्यादा से ज्यादा स्पेशल ट्रेन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

| | |
|---|---|
| 1. 15658 कामाख्या-दिल्ली ब्रह्मपुत्र मेल | 28 जनवरी, 02 फरवरी |
| 2. 12801 पुरी-नई दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस | 28 जनवरी, 02 फरवरी |
| 3. 12397 गया-नई दिल्ली महाबोधि एक्सप्रेस | 29 जनवरी, 03 फरवरी |
| 4. 20962 बनारस-उधना | 29 जनवरी |
| 5. 12427 रीवा-आनंद विहार | 29 जनवरी, 03 फरवरी |
| 6. 12367 भागलपुर-नई दिल्ली | 29 जनवरी, 03 फरवरी |
| 7. 12308 जोधपुर-हावड़ा | 28 जनवरी |
| 8. 12816 आनंद विहार-पुरी | 29 जनवरी |
| 9. 12506 आनंद विहार-कामाख्या | 29 जनवरी, 03 फरवरी |
| 10. 12488 आनंद विहार-जोगबनी | 29 जनवरी |
| 11. 12312 कालका-हावड़ा नेता जी एक्सप्रेस | 28 जनवरी, 02 फरवरी |
| 12. 18310 जम्मू तवी-संबलपुर | 28 जनवरी |
| 13. 15484 दिल्ली-अलीपुरद्वार | 29 जनवरी, 03 फरवरी |
| 14. 22466 आनंद विहार-मधुपुर | 29 जनवरी |
| 15. 12398 नई दिल्ली-गया महाबोधि | 29 जनवरी, 03 फरवरी |
| 16. 12368 नई दिल्ली-भागलपुर | 29 जनवरी, 03 फरवरी |
| 17. 15633 बीकानेर-गुवाहाटी | 29 जनवरी |
| 18. 12941 भावनगर-आसनसोल | 28 जनवरी |
| 19. 22308 बीकानेर-हावड़ा | 02 फरवरी |

## सेमीकॉन इंडिया स्कीम से देश में पैदा होंगे 85,000 रोजगार के अवसर: केंद्र

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अगले महीने की शुरूआत में आने वाले आम बजट से पहले केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को केंद्र सरकार के सेमीकंडक्टर प्रोग्राम और इलेक्ट्रॉनिक्स गुड्स मैन्युफैक्चरिंग के लिए लाई गई प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम के तहत हुए निवेश और पैदा हुए रोजगार के अवसरों के बारे में जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि "प्रोग्राम फॉर डेवलपमेंट ऑफ सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम" का उद्देश्य सेमीकंडक्टर पैकेजिंग और सेमीकंडक्टर डिजाइनिंग कंपनियों को आकर्षक प्रोत्साहन सहायता प्रदान करना है। 15 दिसंबर, 2021 को अप्रूव किए गए सेमीकॉन इंडिया प्रोग्राम ने वैश्विक सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री में भारत की स्थिति को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस प्रोग्राम के तहत सरकार ने पांच सेमीकंडक्टर प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी है और 16 सेमीकंडक्टर डिजाइन कंपनियों को सपोर्ट दिया है। इन प्रोजेक्ट्स से 1.52 लाख करोड़ रुपये का कुल निवेश आने की उम्मीद है।

## आज का राशिफल

**मेष :** रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में संक्रियता रहेगी। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी।

**वृष :** कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें।

**मिथुन :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। परिवारजनों के सहयोग से काम बनाना आसान रहेगा। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। थाड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। शुभ कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा।

**कर्क :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय से काम बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। बौद्धिक उलझनें बनी रहेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी।

**सिंह :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ मिलेगा। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**कन्या :** शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

**तुला :** कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। मेहमानों का आगमन होगा।

**वृश्चिक :** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे।

**धनु :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मकर :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी।

**कुंभ :** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ मिलेगा। नैतिक दायरे में रहें।

**मीन :** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे।


**कार्यालय नगर परिषद, गढ़वा**

**आम सूचना**

नगर निकायों में पिछड़े वर्गो के आरक्षण दिये जाने की पात्रता निर्धारण हेतु डोर–टू–डोर सर्वे के आलोक में नगर परिषद, गढ़वा के सभी वार्डो में सर्वेक्षण कार्य पूर्ण कराते हुए सर्वेक्षण से संबंधित सूची अनुश्रवण समिति से अनुमोदित कराया गया है। अनुमोदित सूची नगर परिषद, गढ़वा के कार्यालय के सूचना पट्ट पर प्रकाशित किया गया है।

अतः सभी मतदाताओं को सूचित किया जाता है कि अनुमोदित सूची में यदि किसी प्रकार की त्रुटि के संबंधित आपत्ति/दावा हो तो दिनांक 28.01.2025 तक नगर परिषद, गढ़वा कार्यालय में आपत्ति/दावा दर्ज करा सकते है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिशद, गढ़वा

PR 344785 Urban Development(24-25)#D



**कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार**
Email: nagarpanchayatlatehar@gmail.com

**आम सूचना**

राज्य के नगर निकाय में पिछड़े वर्गो के आरक्षण दिए जाने की पात्रता निर्धारण हेतु जिला प्रशासन द्वारा नगर निकाय स्तर पर डोर–टू–डोर सर्वे का कार्य किया गया है। नगर पंचायत, लातेहार का डोर–टू–डोर सर्वे के उपरांत सर्वे रिपोर्ट को नगर पंचायत, लातेहार कार्यालय के नोटिस बोर्ड एवं लातेहार जिला के वेबसाईट www.latehar.nic.in पर प्रकाशित किया गया है। आमजन से अनुरोध है कि प्रकाशित सर्वे रिपोर्ट पर यदि कोई आपत्ति हो तो, दिनांक 28.01.2025 के अपराह्न 05:00 बजे के पूर्व नगर पंचायत, लातेहार के शिकायत निवारण पदाधिकारी–सह–प्रशासक नगर पंचायत, लातेहार के समक्ष अपनी आपत्ति अवश्य दर्ज करायें, ताकि आपत्ति का ससमय निवारण किया जा सके। साथ ही इस संबंध में बाद में किया गया कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 344794 Urban Development(24-25)#D



**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा।**
(पंचायत–शाखा)
ज्ञाप सं0..................../पं0 दिनांक ..............................

**आम सूचना**

नगर परिषद, लोहरदगा की आम जनता को सूचित किया जाता है कि सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड राँची के पत्र संख्या 03 नि0/न0 01/2025 रा0नि0आ0 40 दिनांक 13.01.2025 के आलोक में नगरपालिका आम निर्वाचन 2025 के निमित्त स्थापित मतदान केन्द्रों की प्रारूप सूची का प्रकाशन अनुमण्डल कार्यालय, संबंधित नगरपालिका कार्यालय एवं संबंधित प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र अर्थात वार्ड कार्यालय में किया गया है। इस संबंध में यदि किसी जन को कोई आपत्ति हो अथवा सूझाव देना चाहते हैं तो वे अपनी आपत्ति/सूझाव दिनांक 24.01.2025 तक उपायुक्त कार्यालय, जिला पंचायत शाखा लोहरदगा में समर्पित कर सकते हैं।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
(नगरपालिका) –सह–उपायुक्त,
लोहरदगा।

PR 344813 Lohardaga(24-25)D



**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**जिला कृषि कार्यालय, लातेहार**

**किसान भाईयों को आवश्यक सूचना**

कृषि एवं उद्यान प्रभाग अन्तर्गत "जिला स्तरीय कृषि मेला–सह–उद्यान प्रदर्शनी कार्यक्रम–2025" का आयोजन किया गया है। इस मेले में कृषकों को जागरूक करने के लिए प्रगतिशील कृषकों के द्वारा फल, फूल, सब्जी एवं अन्य फसलों की प्रदर्शनी लगायी जायेगी। जिसमें उत्कृष्ट एवं सर्वोतम उत्पादों को पुरस्कृत किया जाएगा।

कार्यक्रम की विवरणी निम्न प्रकार है :–

| क्र0सं0 | दिनांक | जिला | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | 28 जनवरी, 2025 | लातेहार | जिला खेल स्टेडियम, लातेहार |

अतः सभी किसान भाईयों/बन्धुओं/माननीय त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि उपरोक्त निर्धारित तिथि को जिला स्तरीय कृषि मेला–सह–उद्यान प्रदर्शनी कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनावें।

जिला कृषि पदाधिकारी,
लातेहार

PR 344815 Animal Husbandry (24-25)_D

# खेल



## भारत ने मेजबान मलेशिया को दस विकेट से रौंदा

**कुआलालंपुर (आईएएनएस)।** मौजूदा चैंपियन भारत ने आईसीसी अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप में अपना दबदबा कायम रखते हुए मंगलवार को मेजबान मलेशिया को 10 विकेट से रौंद कर ग्रुप ए में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया, ताकि बादल छाए रहने का पूरा फायदा उठा सके। वैष्णवी शर्मा की शानदार गेंदबाजी की बदौलत भारत ने मेजबान टीम को 14.3 ओवर में मात्र 31 रन पर ढेर कर दिया। उन्होंने हैट्रिक भी बनाई और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। जवाब में सलामी बल्लेबाज जी त्रिशा (नाबाद 27) और कमलिनी जी (नाबाद चार) ने तीन ओवर में बिना कोई विकेट खोये भारत को जीत दिलाने में मदद की। पहले गेंदबाजी करने वाली तेज गेंदबाज जोशीता वीजे ने कप्तान के फैसले का समर्थन करते हुए मलेशिया की सलामी बल्लेबाज नूनी को शून्य पर पगबाधा आउट किया। नो-बॉल पर रन आउट ने नूर आलिया को क्रीज पर बने रहने से रोक दिया, लेकिन आयुषी शुक्ला के पांचवें ओवर में डबल स्ट्राइक ने मलेशिया को 15 रन के पार जाने से पहले चार विकेट पर पहुंचा दिया।




## श्रीलंका ने वेस्टइंडीज को 81 रनों से हराया

**कुआलालंपुर(आईएएनएस)।** श्रीलंका ने शानदार टीम प्रदर्शन करते हुए वेस्टइंडीज को 81 रनों से हराया और आईसीसी अंडर19 महिला टी20 विश्व कप 2025 में अपनी शानदार शुरूआत जारी रखी। दो बड़ी साझेदारियों ने श्रीलंका को एक मजबूत स्कोर तक पहुंचाने में मदद की। सलामी बल्लेबाज सुमुदु निसानसाला और संजना कविंदी ने पावरप्ले में बिना किसी नुकसान के 48 रन बनाए, जिसमें निसानसाला ने सेलेना रॉस को मिडविकेट पर जोरदार छक्का लगाया। सातवें ओवर में निसानसाला ने अपने स्टंप पर चॉप किया, लेकिन कप्तान मनुदी नानायकारा ने अपनी साथी खिलाड़ी को वहीं से आगे बढ़ाया, जहां से उन्होंने कविंदी का साथ दिया और दूसरे विकेट के लिए 48 रन की साझेदारी की। नानायकारा ने 37 रन बनाए, जबकि दहमी सनेथमा ने 25 गेंदों पर नाबाद 31 रन बनाकर टीम को मजबूत स्कोर एक पहुंचाया। जवाब में, विंडीज ने लगातार विकेट गंवाए और बाएं हाथ की स्पिनर चामुदी प्रबोदा ने शीर्ष क्रम में नुकसान पहुंचाया। रन चेज की शानदार शुरूआत के बाद, विंडीज ने पावरप्ले में तीन विकेट गंवा दिए, क्योंकि प्रबोदा के हाथों उनकी उम्मीदें खत्म हो गईं, जो टूनामेंट के शुरूआती चरणों में बेहतरीन गेंदबाजों में से एक साबित हो रही थीं।

## ज्वेरेव ने बेकर को पीछे छोड़ा सेमीफाइनल में पहुंचे

**मेलबर्न(आईएएनएस)।** जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने मंगलवार को टॉमी पॉल के विरुद्ध नाटकीय 7-6(1), 7-6(0), 2-6, 6-1 की जीत के साथ अपने तीसरे ऑस्ट्रेलियन ओपन सेमीफाइनल में प्रवेश किया। एटीपी रैंकिंग में नंबर 2 ने पहले दो सेटों में से प्रत्येक में एक सेट पॉइंट बचाया और रॉड लेवर एरिना में पॉल के दोनों सेटों को सर्व करने के प्रयास को विफल कर दिया। अमेरिकी खिलाड़ी द्वारा तीसरे सेट में फिर से वापसी करने के बाद, ज्वेरेव ने अपने शुरूआती बचावों को चौथे सेट में प्रभावशाली तरीके से भुनाया। अपने नौवें ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद, जर्मन खिलाड़ी को कार्लोस अल्काराज और नोवाक जोकोविच के बीच शाम को होने वाले मुकाबले के विजेता का इंतजार है। दोनों पुरुष सेमीफाइनल शुक्रवार को खेले जाएंगे, जिससे ज्वेरेव और उनके प्रतिद्वंद्वी दोनों को दो दिन का आराम मिलेगा। ज्वेरेव ने पॉल के साथ तीन लेक्सस एटीपी हेड टू हेड मुकाबलों में अपनी पहली जीत हासिल की, क्योंकि उन्होंने महत्वपूर्ण बिंदुओं पर दबदबा बनाया। शुरूआती दो सेटों में पॉल द्वारा की गई असामयिक गलतियों का फायदा उठाते हुए, ज्वेरेव ने अपने दूसरे मौके का पूरा फायदा उठाया। प्रतियोगियों ने ओपनर में 5-5 से ब्रेक का आदान-प्रदान किया, जिसमें ज्वेरेव ने पॉल सर्व पर 6-5, 40/30 पर सेट पॉइंट बचाया और फिर टाई-ब्रेक के माध्यम से दौड़ लगाई।




## स्मृति मंधाना एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में दूसरे नंबर पर पहुंचीं

### गार्डनर फिर से नंबर 1 ऑलराउंडर बनीं

**दुबई (हि.स.)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम महिला एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में फायदा हुआ है। वह आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदीवसीय श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन करने के बाद आईसीसी महिला एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में एक स्थान के सुधार के साथ दूसरे पायदान पर पहुंच गई हैं। उनके 738 रेटिंग अंक है। बाए हाथ की सलामी बल्लेबाज मंधाना शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय हैं। उन्होंने आयरलैंड के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच में 135 रन की पारी खेली थी। तीन मैचों की इस श्रृंखला को भारत ने 3-0 से अपने नाम किया था। इस श्रृंखलामें हरमनप्रीत की अनुपस्थिति में स्मृति मंधाना ने कप्तानी की भूमिका निभाई थी।

वेस्टइंडीज महिला टीम की कप्तान हेली मैथ्यूज भी एकदीवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में लाभ पाने वालों में शामिल हैं। उन्हें चार अंकों का फायदा हुआ है और वह पांचवें स्थान पर पहुंच गई हैं। मैथ्यूज ने बांग्लादेश महिला टीम के खिलाफ तीन मैचों की एकदीवसीय श्रृंखला के पहले मैच में नाबाद 104 रन की मैच जिताऊ पारी खेली। इस पारी ने उन्हें चार स्थान ऊपर उठाकर करियर के सर्वश्रेष्ठ पांचवें स्थान पर पहुंचा दिया है।

## ऑस्ट्रेलियन ओपन : बोपन्ना, झांग मिश्रित युगल के क्वार्टर फाइनल में हारे

**मेलबर्न,(आईएएनएस)।** भारतीय स्टार रोहन बोपन्ना और उनकी मिश्रित युगल जोड़ीदार चीन की झांग शुआई मंगलवार को क्वार्टर फाइनल में स्थानीय जोड़ी ओलिविया गैडेकी और जॉन पीयर्स से हारकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन से बाहर हो गए। इंडो-चीनी जोड़ी को किआ एरिना में एक घंटे और आठ मिनट के संघर्ष में ऑस्ट्रेलियाई वाइल्ड कार्ड के हाथों 6-2, 4-6, 9-11 से हार का सामना करना पड़ा। उनकी हार से सीजन के पहले मेजर में भारत का अभियान भी समाप्त हो गया। बोपन्ना और शुआई ने दूसरे दौर में चौथी वरीयता प्राप्त यूएसए के टेलर टाउनसेंड और मोनाको की ह्यूगो निस के खिलाफ वॉकओवर मिलने से क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था।

इंडो-चीनी जोड़ी ने पहला सेट अपने नाम किया, लेकिन उनके ऑस्ट्रेलियाई प्रतिद्वंद्वी दूसरे सेट में वापसी करने में सफल रहे, जिसके बाद परिणाम तय करने के लिए सुपर टाई-ब्रेक हुआ।

बोपन्ना और झांग के बीच कड़ी टक्कर हुई, लेकिन आखिरकार सुपर टाई-ब्रेकर में वे पिछड़ गए। बोपन्ना की सर्विस जल्दी गंवाने के बाद, उन्होंने बराबरी करने की बहुत कोशिश की, लेकिन 9-8 के स्कोर पर वे मैच प्वाइंट का फायदा नहीं उठा पाए। झांग का रिटर्न वाइड होने पर ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने मौके का फायदा उठाया और जीत पक्की कर ली।

## इंग्लैंड के खिलाफ नए सिरे से शुरूआत करने उतरेगी टीम इंडिया

**कोलकाता।** फिट होकर टीम में लौटे मोहम्मद शमी की वापसी पर सभी की नजरें होंगी जब सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली भारतीय टी20 टीम इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार से पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में उतरेगी। भारतीय टीम का लक्ष्य ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट दौरे पर शर्मनाक हार से मिले जख्मों पर मरहम लगाने का भी होगा। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टी20 और तीन वनडे मैच खेले जाएंगे जो अगले महीने होने वाली चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले दोनों टीमों के लिये खुद को आंकने का सुनहरा मौका है। शमी वनडे विश्व कप 2023 में चार मैचों से बाहर रहने के बावजूद भारत के सबसे कामयाब गेंदबाज रहे जिन्होंने 24 विकेट लिए थे। उन्होंने वानखेड़े स्टेडियम पर न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 57 रन देकर 7 विकेट चटकाए थे। वह टी20 क्रिकेट में कुल 24 विकेट ले चुके हैं और इसमें अपने प्रदर्शन में सुधार करना चाहेंगे।




- शमी की वापसी पर फोकस
- टखने की चोट के कारण शमी टीम से थे बाहर
- मेलबर्न में बॉक्सिंग डे टेस्ट में शतक जमाने वाले नीतिश रेड्डी को भी टीम में जगह मिली है।

### टीम इंडिया की जर्सी से पाकिस्तान का नाम गायब

आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 के मुकाबले 'हाइब्रिड मॉडल' के तहत पाकिस्तान के तीन शहरों (रावलपिंडी, कराची और लाहौर) और इसके इतर दुबई में होंगे. वहीं, इस टूनार्मेंट की शुरूआत 19 फरवरी से होनी है. लेकिन इस टूर्नामेंट के शुरू होने से पहले एक नया बखेड़ा हो गया है. दरअसल, इस टूर्नामेट के मुख्य आयोजक पाकिस्तान का नाम इस बार भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी पर नहीं होगा।




### 'सतर्क रहना होगा' : इयान हीली

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर इयान हीली ने कहा कि बीसीसीआई द्वारा खिलाड़ियों के लिए जारी किये गए दस बिंदुओं के दिशा निर्देश भारतीय टीम में अनुशासन की कमी को दशार्ते हैं और उन्होंने बाकी क्रिकेट टीमों से इस तरह की स्थिति से बचने के लिये सतर्क रहने का आग्रह किया। ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में 1.3 से हार के बाद बीसीसीआई ने सभी खिलाड़ियों को अभ्यास सत्रों के दौरान पूरे समय मौजूद रहने।

### भारतीय टीमें इस प्रकार से है

**भारत।** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अक्षर पटेल, अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, रिंकू सिंह, नीतिश कुमार रेड्डी, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद शमी, वरूण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, वॉशिंगटन सुंदर, ध्रुव जुरेल।

**मैच का समय : शाम 7 बजे से**

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## भारत का वार्षिक कॉफी निर्यात बीते चार वर्षों में दोगुना होकर 1.3 अरब डॉलर हुआ

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** भारत का कॉफी निर्यात बीते चार वर्षों में करीब दोगुना होकर वित्त वर्ष 2023-24 में 1.29 अरब डॉलर हो गया है, जो कि वित्त वर्ष 2020-21 में 719.42 मिलियन डॉलर था। यह जानकारी वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा सोमवार को दी गई। मंत्रालय द्वारा बताया गया कि इसके साथ ही भारत दुनिया का सातवां सबसे बड़ा कॉफी उत्पादक बन गया है। जनवरी 2025 के पहले पखवाड़े में भारत ने इटली, बेल्जियम और रूस सहित अन्य देशों को 9,300 टन से अधिक कॉफी का निर्यात किया। अपने अनोखे और बेहतर स्वाद के कारण देश के कॉफी निर्यात में काफी बढ़ोतरी हुई है। भारत के कॉफी उत्पादन में लगभग तीन-चौथाई की हिस्सेदारी अरेबिका और रोबस्टा बीन्स की है। इन्हें मुख्य रूप से बिना भुने बीन्स के रूप में निर्यात किया जाता है। हालांकि, भुनी हुई और इंस्टेंट कॉफी जैसे वैल्यू एडेड



उत्पादों की मांग बढ़ रही है, जिससे निर्यात में तेजी आ रही है। मंत्रालय ने बताया कि कैफे कल्चरल के बढ़ने, अधिक खर्च योग्य आय और चाय की तुलना में कॉफी के प्रति बढ़ती प्राथमिकता के कारण भारत में कॉफी की खपत भी लगातार बढ़ रही है और यह ट्रेंड शहरी और ग्रामीण दोनों इलाकों में बढ़ रहा है। घरेलू खपत 2012 में 84,000 टन से बढ़कर 2023 में 91,000 टन हो गई है और यह वृद्धि कॉफी के बढ़ते चलन को दिखाती है।

## भारत में कारोबारी डील की संख्या 2024 में 33 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** भारत में कारोबारी डील गतिविधियों में 2024 में सालाना आधार पर बड़ा इजाफा देखने को मिला है। पिछले साल 116 अरब डॉलर की 2186 डील हुई हैं। सालाना आधार पर डील की संख्या में 33 प्रतिशत और वैल्यू में 76 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिला है। ग्रांट थॉर्नटन भारत 'वार्षिक डीलट्रैकर 2024' के मुताबिक, भारत जी20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है। मजबूत घरेलू मांग के चलते देश की जीडीपी 7 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। इसके कारण देश में कारोबारी डील गतिविधियां उच्च स्तर पर पहुंच गई हैं। यह वैश्विक अनिश्चितता के बीच अर्थव्यवस्था की मजबूत को दिखाती है। ग्रांट थॉर्नटन भारत में ग्रोथ पार्टनर, शांति विजेता ने कहा, हम 2025 में सरकारी सुधारों, स्थिर अर्थव्यवस्था और संपन्न



टेक्नोलॉजी इकोसिस्टम के कारण निरंतर मजबूत डील गतिविधि की संभावनाओं के बारे में आशावादी हैं, जो वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत को निवेशकों के लिए एक आकर्षक गंतव्य बनाते हैं। विलय और अधिग्रहण के लिए भी यह साल काफी बेहतर रहा है। 2024 में कुल 44.1 अरब डॉलर की 683 विलय और अधिग्रहण डील हुई है। इस दौरान सालाना आधार पर डील की संख्या में 37 प्रतिशत और वैल्यू में 75 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। घरेलू कंसोलिडेशन के कारण भी विलय और अधिग्रहण को बढ़ावा मिला है। इस तरह की 23.5 अरब डॉलर की 479 डील हुई हैं। इनकी वैल्यू में सालाना आधार पर 64 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। इनका नेतृत्व अदाणी ग्रुप, आदित्य बिड़ला समूह और नजारा टेक्नोलॉजीज जैसे कारोबारी समूहों ने किया। रिपोर्ट में कहा गया कि आउटबाउंड विलय और अधिग्रहण में 121 डील हुई हैं और इनकी वैल्यू 16.9 अरब डॉलर रही। इसमें दो बिलियन डॉलर डील थी।

### शेयर बाजार हुआ धड़ाम

## सेंसेक्स 1,235 अंक गिरा

### निवेशकों के डूबे सात लाख करोड़ रुपये

**मुंबई (आईएएनएस)।** भारतीय शेयर बाजार के लिए मंगलवार का कारोबारी नुकसान वाला रहा। बाजार में चौतरफा गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स 1,235 अंक या 1.60 प्रतिशत की गिरावट के साथ 75,838 पर और निफ्टी 320 अंक या 1.37 प्रतिशत की गिरकर 23,024 पर बंद हुआ।

जून 2024 के बाद यह पहला मौका है, जब निफ्टी 23,000 के स्तरों के करीब बंद हुआ है। गिरावट के कारण बीएसई पर सूचीबद्ध सभी कंपनियां का मार्केटकैप करीब 7 लाख करोड़ रुपये गिरकर 424 लाख करोड़ रह गया है, जो कि सोमवार को 431 लाख करोड़ था।

बाजार के गिरने की वजह अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ट्रेड टैरिफ लगाए जाने की संभावना को भी माना जा रहा है। जानकारों का कहना है कि ट्रंप 2.0 में आर्थिक निर्णयों को लेकर कोई स्पष्टता नहीं है। हालांकि, कनाडा और मैक्सिको पर संभावित 25 प्रतिशत टैरिफ के संकेत से पता



■ जून 2024 के बाद यह पहला मौका है, जब निफ्टी 23,000 के स्तरों के करीब बंद हुआ है।

चलता है कि टैरिफ वृद्धि नीति को धीरे-धीरे लागू किया जाएगा।

लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी बड़ी बिकवाली देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,271 अंक या 2.31 प्रतिशत गिरकर 53,834 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 408 अंक या 2.28 प्रतिशत गिरकर 17,456 पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के सभी सूचकांक लाल निशान में बंद हुए हैं। गिरावट का सबसे ज्यादा असर ऑटो, आईटी, पीएसयू, फार्मा, रियल्टी, एनर्जी, मीडिया और इन्फ्रा इंडेक्स देखा गया। व्यापक बाजार का रुझान भी नकारात्मक था।

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 1,202 शेयर हरे निशान में, 2,774 शेयर लाल निशान में और 112 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए। सेंसेक्स के 30 में से 28 शेयर लाल निशान में बंद हुए। जोमैटो, एनटीपीसी, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एमएंडएम, बजाज फाइनेंस, टेक महिंद्रा और एक्सिस बैंक टॉप लूजर्स थे। केवल अल्ट्राटेक सीमेंट और एचसीएल टेक ही हरे निशान में बंद हुए थे।

## दूरसंचार क्षेत्र में वृद्धि के लिए प्रभावी स्पेक्ट्रम प्रबंधन महत्वपूर्ण : ट्राई प्रमुख

**नई दिल्ली(हि.स.)।** भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) के अध्यक्ष अनिल कुमार लाहोटी ने कहा कि दूरसंचार क्षेत्र में नवाचार, सार्वभौमिक कनेक्टिविटी और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी स्पेक्ट्रम प्रबंधन रणनीति महत्वपूर्ण है। संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने मंगलवार को जारी बयान में बताया कि ट्राई के अध्यक्ष अनिल कुमार लाहोटी ने एशिया प्रशांत दूरसंचार समुदाय (एपीटी) के महासचिव मसनोरी कोंडो की उपस्थिति में स्पेक्ट्रम पर दक्षिण एशियाई दूरसंचार विनियामक परिषद (एसएटीआरसी) कार्यशाला का उद्घाटन किया। मंत्रालय के मुताबिक तीन दिवसीय कार्यशाला में एसएटीआरसी के सदस्य देशों के प्रतिनिधि, कार्य समूह के सदस्य, उद्योग विशेषज्ञ, कई सरकारी विभागों के प्रतिनिधि आदि भाग लेंगे। इस कार्यशाला का आयोजन एशिया प्रशांत दूरसंचार समुदाय की ओर से किया गया है, जिसकी मेजबानी भारतीय दूरसंचार विनियामक गोवा के होटल डबल ट्री बाय हिल्टन में कर रहा है।

## सेमीकॉन इंडिया स्कीम से देश में पैदा होंगे 85,000 रोजगार के अवसर : केंद्र



**नई दिल्ली।** अगले महीने की शुरूआत में आने वाले आम बजट से पहले केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को केंद्र सरकार के सेमीकंडक्टर प्रोग्राम और इलेक्ट्रॉनिक्स गुड्स मैन्युफैक्चरिंग के लिए लाई गई प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम के तहत हुए निवेश और पैदा हुए रोजगार के अवसरों के बारे में जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि प्रोग्राम फॉर डेवलपमेंट ऑफ सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम का उद्देश्य सेमीकंडक्टर पैकेजिंग और सेमीकंडक्टर डिजाइनिंग कंपनियों को आकर्षक प्रोत्साहन सहायता प्रदान करना है। 15 दिसंबर, 2021 को अप्रूव किए गए सेमीकॉन इंडिया प्रोग्राम ने वैश्विक सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री में भारत की स्थिति को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस प्रोग्राम के तहत सरकार ने पांच सेमीकंडक्टर प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी है और 16 सेमीकंडक्टर डिजाइन कंपनियों को सपोर्ट दिया है। इन प्रोजेक्ट्स से 1.52 लाख करोड़ रुपये का कुल निवेश आने की उम्मीद है। इन सेमीकंडक्टर प्रोजेक्ट्स से 25,000 के करीब प्रत्यक्ष रोजगार और 60,000 अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर मिलेंगे। सरकार द्वारा इलेक्ट्रॉनिक्स गुड्स मैन्युफैक्चरिंग के लिए लाई गई पीएलआई स्कीम से इंडस्ट्री में बड़ा बदलाव आया है। भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स गुड्स प्रोडक्शन 6.14 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है और निर्यात 3.12 लाख करोड़ रुपये पर हो गया है।

## भारत, बेल्जियम ने औषधि एवं कृषि उत्पादों में व्यापार बढ़ाने के तरीकों पर की चर्चा

**नई दिल्ली(हि.स.)।** भारत और बेल्जियम ने द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए फार्मा और कृषि उत्पादों जैसे क्षेत्रों में व्यापार मुद्दों को हल करने के लिए तंत्र स्थापित करने पर सहमति व्यक्त की है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और बेल्जियम के विदेश एवं विदेश व्यापार मंत्री बर्नार्ड क्विंटिन के बीच ब्रसेल्स में हुई बैठक के दौरान इन मुद्दों पर चर्चा की गई। इस बैठक में औषधि तथा कृषि उत्पादों के लिए अनुमोदन प्रक्रियाओं में नियामक बाधाओं पर भी चर्चा की गई। इसके साथ ही दोनों पक्षों ने निरंतर बातचीत के जरिए इन चुनौतियों से निपटने पर सहमति व्यक्त की। मंत्रालय ने कहा कि दोनों मंत्रियों ने इस बैठक के दौरान व्यापार मुद्दों के समाधान के लिए मजबूत तंत्र स्थापित करने पर सहमति व्यक्त की। इन नेताओं ने यूरोपीय संघ-भारत मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) वार्ता की प्रगति पर भी चर्चा की।

# स्वास्थ्य मंत्री ने रिम्स-2 के लिए अफसरों संग अस्पताल का किया निरीक्षण

## 15 दिनों में रिम्स-2 का होगा शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य की उच्च स्वास्थ व्यवस्था रांची स्थित रिम्स अस्पताल पर निर्भर करती है। पूरे राज्य से यहां मरीज आते हैं जिससे अस्पताल पर हमेशा भरा रहता है। जनता द्वारा रिम्स के विस्तारीकरण को लेकर वर्षों से मांग की जा रही है जो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और स्वास्थ मंत्री डॉ इरफान अंसारी के प्रयास से सफल हो रही है। मंगलवार को राज्य के स्वास्थ मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने रिम्स अस्पताल के विस्तृत भवन रिम्स-2 के निर्माण के लिए स्वास्थ विभाग के सचिव अजय कुमार सिंह, भवन निर्माण विभाग के सचिव अरवा राज कमल, मुख्य अभियंता, स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी और रिम्स प्रबंधन के साथ निरीक्षण किया।



मौके पर स्वास्थ मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य की जनता को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए मैं हरसंभव प्रयास कर रहा हूं। इसी कड़ी में रिम्स- 2 का निर्माण भी है। 15 दिनों में मुख्यमंत्री शिलान्यास करेंगे और इसका निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा कराया जाएगा। इसके निर्माण से राज्य की जनता को रिम्स की उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं मिलने में और भी आसानी होगी। उन्हें बेहतरीन सुविधाएं भी मिलेंगी। एक चिकित्सक होने के नाते मैं स्वास्थ सेवाओं के महत्व को भली भांति समझता हूं। राज्य की जनता को बेहतरीन स्वास्थ सुविधाएं उपलब्ध कराना ही मेरी प्राथमिकता है। आने वाले दिनों में झारखण्ड राज्य की स्वास्थ सेवाएं पूरे देश में कीर्तिमान स्थापित करेगी।

# झारखंड में आधी आबादी को सशक्त बनाया जा रहा है : स्पीकर

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो पटना में हो रहे अखिल भारतीय 85वें पीठासीन पदाधिकारियों की बैठक में भाग लेते हुए, कॉन्फ्रेन्स के दूसरे दिन स्टैंडिंग कमेटी बैठक में और प्लानरी सेशन की बैठकों में भाग लिया। अध्यक्ष ने अखिल भारतीय पीठासीन पदाधिकारियों की सम्मेलन प्रकोष्ठ के स्टैंडिंग कमिटी के सदस्य भी हैं। विदित हो कि सौ से कम सदस्यों वाले विधानसभा वाले राज्यों से इस कमेटी के कुल दो सदस्य हैं। अध्यक्ष ने स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में अखिल भारतीय पीठासीन पदाधिकारियों के प्रकोष्ठ के समक्ष संवैधानिक मूल्यों को सशक्त बनाये रखने के लिए संसद और विधान मंडलों में व्हीप के व्यवस्था के बावजूद संबंधित सदस्यों का महत्वपूर्ण जनहित के मामलों पर अपनी आंतरिक आस्था और समझ के आधार पर अपनी विचारों के रखने की छूट दिए जाने तथा राजनीतिक दलों के अंदर आंतरिक लोकतंत्र को बुनियादी ढंग से लागू करने से संबंधित विचारार्थ दो बिंदुओं को रखा है। सम्मेलन में संवैधानिक मूल्यों को सशक्त बनाने विशेषयक चर्चा में राजनीतिक लोकतंत्र के अतिरिक्त आर्थिक व सामाजिक लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने जरूरत पर भी अध्यक्ष ने अपनी बातों को विस्तार से रखे हैं। झारखंड में लागू हुए मंईयां सम्मान योजना को उद्धत करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड के आधी आबादी के लिए संविधान के मूल अधिकारों में प्रदत्त समानता के अधिकार को मजबूत करने तथा समाज में मां- बहनों को उनकी स्वायत्तता और स्वालंबन को केंद्र में रखते हुए इस योजना को राज्य सरकार ने लागू की है। जिससे कहीं ना कहीं आर्थिक और सामाजिक लोकतंत्र को और भी अधिक सशक्त बनाने में बढ़ावा मिलेगी। मैं पूरे विश्वास के साथ यह कह सकता हूं कि झारखंड सरकार की है योजना आने वाले समय में देश के समक्ष नजीर पेश करेगी। अखिल भारतीय 85वें पीठासीन पदाधिकारियों की बैठक में भाग लेने के लिए लोकसभा अध्यक्ष एवं राज्यसभा उपाध्यक्ष सहित राज्य के विधानसभाओं तथा विधान परिषदों के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पटना पहुंचे हैं।

# जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आज, डीजीपी ने की समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर बुधवार को राज्यभर में पुलिस जनशिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मंगलवार को डीजीपी अनुराग गुप्ता ने सभी जिलों के एसपी, रेंज डीआईजी, आईजी व वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ कार्यक्रम के आयोजन की समीक्षा की। पूर्व में 10 सितंबर व 18 दिसंबर 2024 को आयोजित जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के फलाफल की समीक्षा की गई। डीजीपी ने जिलों के एसपी को निर्देश दिया कि आम नागरिकों से प्राप्त शिकायत पत्र का निष्पादन त्वरित गति से करना सुनिश्चित किया जाए। अगर ऑन द स्पॉट शिकायत का समाधान करना संभव हो तो उसका समाधान उसी समय करना सुनिश्चित करे। शिकायतों पर पुलिस के द्वारा की गई कार्रवाई की सूचना यथाशीघ्र शिकायतकर्ता को उपलब्ध करायी जाए। साथ ही शिकायतकर्ता के आवेदन पत्र के आलोक में आवश्यकतानुसार प्राथमिकी अवश्य दर्ज की जाए। डीजीपी ने निर्देश दिया कि आम जनता से प्राप्त लिखित एवं मौखिक शिकायतों को उचित रजिस्टर में संधारित करते हुए पावती संख्या के साथ सम्पर्क नंबर भी उपलब्ध कराया जाए, ताकि शिकायतकर्ता द्वारा अपनी शिकायत की जानकारी प्राप्त की जा सके। जिलों के एसपी को निर्देश दिया गया है कि वे अपने अधीन क्षेत्रों में निवासी कल्याण संघ (आरडब्लूए) का गठन कराने के लिए आमलोगों को प्रेरित करें। गुमशुदा बच्चों एवं महिलाओं की सुरक्षा के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए विक्टिम कंप्नसेशन स्कीम के बारे में जागरूक करेंगे। बैठक में आईजी मुख्यालय मनोज कौशिक, आईजी अभियान अमोल वी होमकर, विशेष शाखा आईजी प्रभात कुमार, आईजी प्रशिक्षण ए विजयालक्ष्मी, डीआईजी जैप कार्तिक एस, डीआईजी जंगलवार फेयर धनंजय कुमार सिंह समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## घटेंगे लंबित म्यूटेशन के मामले

# डीड नंबर की हेराफेरी पर लगेगी लगाम : बिरुआ

- *डीड के आगे पीछे यूनिक नंबर लगाकर दोबारा करते हैं डीड अप्लाई*
- *एनआईसी उम्दा सॉफ्टवेयर तैयार करे, रुकेगा फर्जीवाड़ा*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में जमीन संबंधित विवाद और इसपर पनपे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए भू राजस्व विभाग के मंत्री दीपक बिरुआ सतत प्रत्यनशील है। उन्होंने अब फर्जी डीड पर लगाम लगाने की तैयारी कर ली है। मंत्री ने भू राजस्व विभाग को इसके लिए खास एक्शन प्लान के तहत एनआईसी के सॉफ्टवेयर में सुधार करने का निर्देश दिया है।

मंत्री दीपक बिरुआ ने फर्जी डीड के माध्यम से किये जानेवाले भ्रष्टाचार पर चिंता जाहिर करते हुए



*कई आदिवासी मूलवासियों को नहीं मालूम जमीनी बातें, बिचौलिया न उठाएं गलत लाभ*

कहा है कि, जब कोई व्यक्ति डीड अप्लाई करता है, तो संबंधित व्यक्ति को डीड का यूनिक नंबर मिलता है। लेकिन उसमें छोटी-मोटी खामियां निकालकर उसके डीड को कैंसिल कर दिया जाता है। ठीक इसके कुछ ही दिन बाद दोबारा संबंधित व्यक्ति के उसी डीड नंबर को उसके आगे पीछे यूनिक नंबर लगाकर दोबारा डीड अप्लाई करवाया या किया जाता है। इससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। इसी चक्कर में लंबित म्यूटेशन के मामले भी बढ़ते जा रहे हैं। उन्होंने निदेश दिया कि विभाग, एक ही जमीन के लिए दोबारा डीड अप्लाई करने पर पूरी तरह से लगाम लगाए ताकि, फर्जी डीड बनाकर गलत तरीके से म्यूटेशन करने पर भी रोक लग सके।

मंत्री दीपक बिरूआ ने एनआईसी को निर्देश देते हुए कहा है कि एनआईसी उम्दा सॉफ्टवेयर बनाए। दोबारा डीड अप्लाई करने पर तत्काल उसपर रोक लगाने की दिशा में काम करें। इससे विभिन्न अंचलों में लंबित म्यूटेशन के मामले घटेंगे। साथ ही अंचल कर्मियों को जमीन संबंधित बाकी काम निपटारा करने में सहूलियत होगी।

मंत्री ने कहा कि झारखंड में आदिवासी मूलवासियों को कई मायने में जमीन के संबंध में ज्यादा जानकारी नहीं होती है। अपनी ही जमीन की रसीद कटवाने या अन्य छोटे मोटे कार्यों के लिए बार-बार अंचल और यहां वहां दौड़ना पड़ता है। उसका बिचौलिया गलत लाभ उठाते। किसी भी हाल में जमीन संबंधित विवाद पर फर्जीवाड़ा बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। आमजनों की तमाम समस्याओं पर खास ध्यान देने की आवश्यकता है।

### पुरखों की जमीन पर गलत करने वालों पर होगी कार्रवाई

उन्होंने कहा है कि पुरखों की जमीन पर कुछ अंचलाधिकारी कर्मी किसी खास व्यक्ति के इशारे पर, जमीन अपने नाम या किसी चहेते के नाम कराने का धंधा चला रहे है। ऐसे पदाधिकारियों को चिन्हित कर, उनपर कार्रवाई की जाएगी। गलत व्यवस्था पर अबुआ सरकार कार्रवाई करने से पीछे नहीं हटेगी।

## न्यूज बॉक्स

### कांग्रेस की बजट पूर्व व नगर निकाय चुनाव पर परिचर्चा एक फरवरी को


**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा बजट पूर्व एवं नगर निकाय चुनाव पर परिचर्चा का आयोजन 01 फरवरी 2025 को केन्द्रीय बागवानी सभागार पलांडू रामपुर में आहूत की गई है। यह परिचर्चा प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में दो सत्रों में आहूत होगी। इस परिचर्चा में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर एवं विशिष्ठ अतिथि के तौर पे सह प्रभारी सप्तगिरि शंकर उल्का एवं डॉ सिरिबेला प्रसाद मौजूद रहेंगे। 02 फरवरी 2025 को डटमा भूसूर में ओरमांझी में पॉलिटिक्ल अफेयर्स कमिटी की बैठक आहूत की गई है। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया कि प्रथम सत्र में माननीय मंत्री, सांसद, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक इस परिचर्चा में भाग लेंगे वही द्वितीय सत्र में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष, प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्ववर्ती कार्यकारिणी के सदस्यगण, जोनल कोऑर्डिनेटर, बोर्ड निगम के चेयरमैन, अग्रणी संगठन, विभाग के प्रदेश अध्यक्ष सहित संगठन के अधिकतम 5-5 पदाधिकारी को भाग लेना अनिवार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि बजट पूर्व परिचर्चा से जनता की समस्या और राज्य का विकास में संगठन से भी सुझाव लेना मकसद है। जो भी निष्कर्ष परिचर्चा से निकलेगा उसे बजट में सम्मिलित कर राज्य को विकासोन्मुख बनाने की दिशा में कार्य करेंगी।

### झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली की बैठक में सदस्या अभियान पर हुई चर्चा



**रांची।** झामुमो केंद्रीय नेतृत्व ने नव चयनित रांची जिला संयोजक मंडली की एक आवश्यक बैठक मंगलवार को रांची सर्किट हाउस मे संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम की अध्यक्षता मे संपन्न हुई। बैठक मे रांची जिला संयोजक मंडली के सदस्य अश्विनी शर्मा, डॉ हेमलाल मेहता, बीरू तिर्की, पवन जेडीया, धर्मेंद्र सिंह, जयवंत तिग्गा, नयनतारा उरांव, सोनू मुंडा, झब्बूलाल महतो, संध्या गुड़िया शामिल हुए। बैठक में केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर रांची जिला की एक विस्तारित बैठक 25 जनवरी को होना तय किया गया। जिसमे रांची जिला के सभी स्तर के नेता व कार्यकर्ता, प्रखंड व पंचायत एवं महानगर के वार्डों के सक्रिय कार्यकर्ता शामिल होंगे। बैठक मे सदस्यता अभियान को और तेज कर पार्टी द्वारा तय लक्ष्य को पूरा करने हेतु रणनीति बनाई गई और पंचायत व प्रखंड समितियों के गठन को लेकर चर्चा हुई। साथ ही पूरे जिले मे सदस्यता अभियान और शिविरों के माध्यम से नए सदस्य बनाने का संकल्प लिया गया।

### रांची में बिनोद बिहारी महतो की प्रतिमा स्थापित हो : अबुआ अधिकार मंच




**रांची।** अबुआ अधिकार मंच का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से मुलाकात की। इस दौरान मंच ने रांची में किसी एक चौक (चौराहे) का नाम झारखंड आंदोलन स्वर्गीय बिनोद बिहारी महतो के नाम पर रखने और उनकी आदमकद प्रतिमा स्थापित करने हेतु एक अनुरोध पत्र सौंपा। अबुआ अधिकार मंच के गौतम सिंह ने कहा कि स्व. बिनोद बिहारी महतो झारखंडी अस्मिता और संघर्ष के प्रतीक थे। उनका जीवन समाज के प्रति समर्पण, बलिदान, और सामाजिक चेतना का उत्कृष्ट उदाहरण है। झारखंड राज्य के गठन में उनकी भूमिका और समाज को नई दिशा देने में उनका योगदान अमूल्य है। उनका नाम झारखंड के गौरवशाली इतिहास का एक अहम हिस्सा है। प्रतिनिधिमंडल ने आग्रह किया कि रांची के किसी प्रमुख चौक (चौराहे) का नाम बिनोद बाबू के नाम पर रखा जाए और वहां उनकी आदमकद प्रतिमा स्थापित की जाए। यह कदम नई पीढ़ी को प्रेरित करने के साथ-साथ झारखंड की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित और उजागर करेगा। इस पर मंत्री संजय सेठ ने गंभीरता से लेते हुए सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। अबुआ अधिकार मंच की यह पहल झारखंड के महान नायकों के सम्मान और उनके योगदान को जन-जन तक पहुंचाने का एक प्रयास है। प्रतिनिधिमंडल में गौतम सिंह, सौरभ कुमार (सोनू), नीरज वर्मा, अंशुतोष कुमार, और नीतीश सिंह आदि शामिल रहे।

### छवि रंजन समेत छह की न्यायिक हिरासत अवधि चार तक बढ़ी



**रांची।** चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की बिक्री से जुड़े मनी लाउंड्रिंग मामले में आरोपी रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन समेत 6 की न्यायिक हिरासत अवधि पीएमएलए कोर्ट ने बढ़ा दी है। इससे पूर्व जेल में बंद आरोपियों को वीसी के माध्यम से पेश किया गया। अदालत ने अगली पेशी की तारीख 4 फरवरी निर्धारित की है। वर्तमान में यह मामला आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई पर लंबित है। आरोपियों को पुलिस पेपर सौंप दिया गया है। मामले में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, भरत प्रसाद, राजेश राय, इम्तियाज अहमद, अफसर अली और मो सद्दाम न्यायिक हिरासत में हैं। वहीं, कारोबारी विष्णु अग्रवाल एवं प्रेम प्रकाश को जमानत प्राप्त है। एक आरोपी पुनीत भार्गव फरार चल रहा है।

### झारखण्ड की मुख्य सचिव को जेजेए ने पांच सूत्री मांगपत्र सौंपा



**रांची।** भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ की झारखण्ड राज्य इकाई की ओर से प्रदेश अध्यक्ष संपूर्णानंद भारती, राष्ट्रीय महासचिव शाहनवाज हसन, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य निलय सेनगुप्ता, एवं रांची के पत्रकार वीर सिंह ने झारखण्ड की मुख्य सचिव अलका तिवारी को ज्ञापन सौंपकर पत्रकारों के विभिन्न लंबित मामलों को रखा. मुख्य सचिव को सौंपे गए मांगपत्र में 1)मध्य प्रदेश शासन की भांति पत्रकार पेंशन योजना लागू करने, 2) पत्रकारों एवं उनके परिजनों के लिए पत्रकार स्वास्थ बीमा लागू करने, 3) गंभीर रूप से बीमार पत्रकारों में मनीष कुमार सिन्हा (जमशेदपुर), अनवर फिदवी (हजारीबाग), नूतन शर्मा(रांची), पत्रकार उपेंद्र महतो की पत्नी बेबी महतो(चांडिल, सरायकेला) सहित अन्य पत्रकारों को इलाज के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने,4) कोरोना महामारी से जान गंवाने वाले पत्रकारों के परिजनों को आर्थिक सहायता एवं अनुकम्पा के आधार पर नौकरी प्रदान करने एवं 5) झारखण्ड के विभिन्न जिलों में समाचार संकलन को लेकर पत्रकारों के विरुद्ध दर्ज झूठे मुकदमे करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई है. इस अवसर पर मुख्य सचिव ने अन्य राज्यों में मिल रही योजनाओं के बारे में भी राष्ट्रीय महसचिव शाहनवाज हसन से जानकारी ली और अश्वस्त किया कि सभी मांगों पर सरकार गंभीरता पूर्वक विचार करेगी।

# रजिस्ट्री करा चुके लोगों की जमीन का नहीं हो रहा म्यूटेशन : डॉ लंबोदर महतो

- *बंद लगान रसीद काटने की भी मांग, मिला आश्वासन*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव एवं पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने राज्य के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दीपक बिरुवा से 2012 तक रजिस्ट्री करा चुके पिछड़ी जाति के हजारों लोगों का जमीन का म्यूटेशन करने, लगान रसीद काटने व 2012 से बंद लगान रसीद पहले की तरह काटने की मांग की है। उन्होंने यह मांग मंगलवार को मंत्री से मिलकर की है। उन्होंने मंत्री को इस बात से अवगत कराया की झारखंड राज्य में सीएनटी से अच्छादित पिछड़ी जाति के हजारों लोगों का, जिन्होंने 2012 तक अपनी जमीन का रजिस्ट्री करवा लिए हैं, पूरे राज्य में ऐसे लोगों के जमीन का न तो नामांतरण (म्यूटेशन) हो पा रहा है और न तो उसकी लगान रसीद निर्गत हो पा रही है, जबकि ऐसे लोगों का अपनी जमीन पर शांतिपूर्वक दखल कब्जा है एवं विधि मान्य से जमीन का निबंध भी हुआ है। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में लाखों की संख्या में रसीद नहीं कटने से लोग परेशान हैं तथा सरकार के प्रति आक्रोशित है। साथ ही उन्होंने मंत्री का ध्यान पूरे राज्य में वर्ष 2012 से वैसे जमीनों का लगान रसीद कटना बंद हो गया है जिनका विधि संगत तरीके से लोगों ने बंदोबस्ती कराया



है, की ओर आकृष्ट कराया। 2012 से पहले तक रसीद कटता था। इन जमीनों पर रैयतों का शांतिपूर्ण दखल कब्जा भी है। मगर 2012 से इन जमीनों पर रैयतों का लगान रसीद कटना पूरी तरह से बंद हो गया है। इस कारण जहां राज्य सरकार को राजस्व की प्राप्ति नहीं हो पा रही है वहीं लाखों रैयतों में आक्रोश व्याप्त है। इसको देखते हुए इन दोनों मामले में अविलंब विधि संगत कार्रवाई करने जरूरत है ताकि लोगों को न्याय मिल सके। मंत्री बिरूवा ने मिलने आए डॉ लंबोदर की बातों को ध्यान पूर्वक सुनने व सौंपे गए पत्र को पढ़ने के बाद इस विषय पर विभागीय सचिव के साथ समीक्षा बैठक कर विधि संगत निर्णय लेने को लेकर आश्वस्त किया। डॉ लंबोदर ने सर्वप्रथम मंत्री को नव वर्ष की बधाई दी।

## पृष्ठ एक के शेष

**21 आईईडी बम और...**

के साथ झारखंड के कोल्हान इलाके के जंगलों में पनाह ले रखी है। इसके बाद यह ऑपरेशन चलाया गया। झारखंड पुलिस और सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के खात्मे के लिए निर्णायक अभियान शुरू किया है। केंद्र सरकार ने मार्च 2026 तक झारखंड में नक्सलियों के पूरी तरह सफाए का लक्ष्य तय किया है।

**राज्यकर्मियों की स्वास्थ्य बीमा...**

को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ प्रदान करने के लिए छह हजार रुपये वार्षिक प्रीमियम के रूप में कुल अनुदान राशि नौ करोड़ रुपये का भुगतान किए जाने के लिए, 65 वर्ष से अधिक उम्र के अधिवक्ता लाइसेंस प्रत्यर्पित करने वाले इच्छुक अधिवक्ताओं को पेंशन के रूप में प्रतिमाह सात हजार रुपये की दर से कुल एक करोड़ साठ लाख रुपये का अनुदान राशि भुगतान करने के लिए एवं नए अधिवक्ताओं को प्रथम तीन वर्ष की अवधि के दौरान वृत्तिका भत्ता के रूप में पांच हजार रुपये प्रतिमाह की दर से 50 प्रतिशत की समतुल्य राशि राज्य सरकार की ओर से प्रदान किए जाने के लिए कुल अनुदान राशि एक करोड़ पचास लाख रुपये यानी कुल बारह करोड़ दस लाख रुपये का उपबंध झारखंड राज्य आकस्मिकता निधि से अग्रिम के रूप में कराने की स्वीकृति।

**राज्य कैबिनेट के अन्य फैसले :**

- स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत झारखंड पारा मेडिकल जिला स्तरीय संवर्ग (नियुक्ति, प्रोन्नति एवं अन्य सेवा शर्त) नियमावली 2025 के गठन की स्वीकृति।
- राज्य के चिकित्सा महाविद्यालय अस्पतालों, सदर अस्पतालों, अनुमंडलीय अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के लिए वरीय अस्पताल प्रबंधक, अस्पताल प्रबंधक, वित्तीय प्रबंधक एवं आईटी एक्जक्यूटिव का पद सृजन की स्वीकृति।
- गेब्रियल किड़ो, सेवानिवृत्त कार्यपालक अभियंता (चालू प्रभार), जलपथ प्रमंडल संख्या-02, हजारीबाग को स्वतंत्र चालू प्रभार के तहत सहायक अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता के पद पर कार्यरत अवधि के वेतन के अंतर राशि के भुगतान की मंजूरी।
- कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग की अधिसूचना संख्या-02 एवं अधिसूचना संख्या 7350 के जरिए कमलेश्वर कांत वर्मा को झारखंड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक कमलेश्वर कांत वर्मा, रांची के पद पर तीन वर्षों या अगले आदेश तक, जो पहले हो, के लिए नियुक्त करने संबंधी शर्त को कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग की अधिसूचना संख्या-8408 द्वारा संशोधित करते हुए इसके स्थान पर चार वर्षों के लिए या अगले आदेश तक, जो पहले हो, किया गया है, पर घटनोत्तर मंजूरी।
- झारखंड उच्च न्यायालय के तहत दायर वाद संख्या डब्लूपीएस नंबर 2678/2017, नंद किशोर प्रसाद बनाम झारखंड सरकार एवं अन्य तथा एलपीए नंबर 650/2017 झारखंड सरकार एवं अन्य बनाम नंद किशोर प्रसाद में पारित आदेश के अनुपालन के क्रम में नंद किशोर प्रसाद को विभागीय लेखा परीक्षा द्वितीय पत्र में अंतिम स्तर से उत्तीर्ण होने की अनिवार्यता को क्षांत करते हुए देय एसीपी-एमएसीपी का वित्तीय लाभ प्रदान किए जाने की मंजूरी।- झारखंड उच्च न्यायालय के तहत दायर वाद संख्या 3754/2021, प्रेम कुमार बनाम झारखंड सरकार एवं अन्य में पारित आदेश के अनुपालन के क्रम में प्रेम कुमार की सेवा नियमित करते हुए उन्हें अनुमान्य वित्तीय लाभ प्रदान किए जाने की स्वीकृति।- झारखंड उच्च न्यायालय के तहत दायर वाद संख्या डब्लूपीएस नंब 1266/2022, उर्मिला सिंह बनाम झारखंड सरकार एवं अन्य तथा उक्त से उद्भूत अवमाननावाद संख्या काउंट केस सिविल नंबर 754/2024 में पारित आदेश के अनुपालन के क्रम में स्व. राज किशोर सिंह की सेवा नियमित करते हुए उन्हें अनुमान्य वित्तीय लाभ प्रदान किए जाने की स्वीकृति।
- सीटी-एमआइएस परियोजना के अधीन कार्यरत परामर्शी टीसीएस को एक वर्ष एक अक्टूबर, 2024 से 30 सितंबर, 2025 तक की अवधि के लिए वित्त नियमावली के नियम-235 के प्रावधानों को नियम-245 के अधीन क्षांत करते हुए मनोनयन के आधार पर अवधि विस्तार की मंजूरी।
- उच्च कुशलता प्राप्त प्रोफेशनल को संविदा के आधार पर सलाहकार सह विशेष सचिव के रूप में नियोजित करने संबंधी संकल्प संख्या-8598 को निरस्त करने की स्वीकृति।
- कुमकुम प्रसाद, झाप्रसे (कोटि क्रमांक-724/03), तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी, तमाड़, रांची के विरुद्ध विभागीय संकल्प संख्या-25257 (एचआरएमएस), के जरिए अधिरोपित असंचयात्मक प्रभाव से एक वेतन वृद्धि पर रोक के दंड को विलोपित करने की मंजूरी।
- झारखंड उच्च न्यायालय, रांची की ओर से पारित न्यायादेश के आलोक में यचिकाकताओं की नियुक्ति की वैचारिक नियुक्ति तिथि 16 नवंबर, 2010 स्वीकृत करते हुए बीच की अवधि 16 नवंबर, 2010 से वास्तविक योगदान तिथि तक मात्र एमएसीपी एवं पेंशन प्रयोजनार्थ उक्त अवधि की गणना करने की मंजूरी।

**बरही उपकारा में दो बंदियों के..**

प्रतिमाह करीब 40 लाख रुपए खर्च होते हैं। इस संबंध में पूछे जाने पर बरही उपकारा के जेलर बिनोद कुमार सिंह ने बताया कि बहुत दिन पहले लातेहार से यहां 35 बंदी आए थे। धीरे-धीरे रिहा हो कर 33 बंदी चले गए और अब मात्र दो ही बंदी बचे हैं। इस संबंध में वरीय पदाधिकारी को सूचित किया जा चुका है। जेल आईजी ने अतिशीघ्र बंदियों को भेजने की बात कही है।

**क्या है मूल समस्या :** बरही उपकारा की वर्तमान स्थिति पर गंभीरता से विचार किया जाए, तो इस हालात का मुख्य कारण सरकार की इच्छाशक्ति का अभाव माना जा सकता है। यहां अनुमंडल कोर्ट के लिए जगह उपलब्ध होने के बाबजूद कोर्ट के निर्माण कार्य में बिलंब हो रहा है। जेल अधिकारियो की मानें, तो जब तक अनुमंडल कोर्ट प्रारंभ नहीं होगा, जेल में बंदियों की संख्या में इजाफा होना मुश्किल है। जेल को व्यवस्थित करने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों को गंभीरता दिखाते हुए बरही में अनुमंडल न्यायालय को अतिशीघ्र प्रारंभ करवाने की दिशा में कार्य करना चाहिए। स्थानीय लोगों का कहना है कि बरही में अनुमंडल न्यायालय के शुरू होने से स्थानीय को रोजगार के साथ क्षेत्र का महत्व भी बढ़ेगा।

**छत्तीसगढ़ के गरियाबंद...**

पुलिस की ओर से संयुक्त अभियान चलाया गया। इसमें 10 टीमें एक साथ निकली थीं। 3 टीम ओडिशा से, 2 टीम छत्तीसगढ़ पुलिस से और 5 सीआरपीएफ का बल इस अभियान में शामिल हैं। इसी दौरान नक्सलियों ने उन पर हमला कर दिया। सुरक्षाबलों की जवाबी कार्रवाई में बड़ी संख्या में नक्सली मारे गए। सुरक्षा के लिहाज से भाटीगढ़ स्टेडियम को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। इलाके में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए थे। उल्लेखनीय है कि बस्तर संभाग के नक्सल प्रभावित इलाकों में अब तक हुए बड़े नक्सली मुठभेड़ों में ड्रोन का उपयोग मुठभेड़ के समय नहीं किया जा गया, क्योंकि जंगल इतने ज्यादा हैं कि कुछ भी दिखना संभव नहीं हो पाता। ड्रोन कैमरे से देखकर नक्सलियों को मारने का प्रयोग गरियाबंद जिले के छत्तीसगढ़-ओडिशा सीमा पर स्थित भालू डिग्गी के जंगल में पहली बार किया गया है। जिन नक्सलियों के मारे जाने की खबर है, वे सेंट्रल कमेटी के बड़े कैडर के बताए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने ह्यएक्सह्न पर पोस्ट साझा कर लिखा कि गरियाबंद जिले के मैनपुर थाना अंतर्गत कुल्हाड़ीघाट क्षेत्र में सुरक्षाबलों की नक्सलियों के साथ रविवार रात से अब तक जारी मुठभेड़ में 16 से अधिक नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। मार्च 2026 तक देश-प्रदेश में नक्सलवाद के खात्मे के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के संकल्प को मजबूती प्रदान करते हुए सुरक्षाबल के जवान निरंतर सफलता हासिल कर लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। जवानों को मिली यह कामयाबी सराहनीय है। उनकी बहादुरी को सलाम करता हूं। हमारी डबल इंजन की सरकार में निश्चित ही हमारा छत्तीसगढ़ मार्च 2026 तक नक्सलवाद से मुक्त होकर रहेगा।

## ट्रंप ने किए पेरिस जलवायु समझौते से हटने के कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को पेरिस जलवायु समझौते से अमेरिका के बाहर निकलने के अपने फैसले का बचाव करते हुए चीन को जिम्मेदार ठहराया। इससे पहले उन्होंने पहले कार्यकाल 2017 में इसके लिए भारत को दोष दिया था। वर्ष 2025 में ट्रंप ने पेरिस जलवायु समझौते से हटने के कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने स्पोर्टिंग एरिना में समर्थकों से कहा, मैं अन्यायपूर्ण, एकतरफा पेरिस जलवायु समझौते से तत्काल हट रहा हूं, क्योंकि जब चीन बिना किसी रोक-टोक के प्रदूषण फैला रहा है, तो अमेरिका अपने उद्योगों को नुकसान नहीं पहुंचाएगा।

## डोनाल्ड ट्रंप ने उत्तर कोरिया को कहा 'परमाणु शक्ति'

**सोल (आईएएनएस)।** डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति बनते ही उत्तर कोरिया को लेकर चौंकाने वाला बयान दिया है। उनकी यह टिप्पणी दक्षिण कोरिया के लिए बड़ा झटका है, जिसके अब तक अमेरिका के साथ गहर रिश्ते रहे हैं और जो अपनी सुरक्षा जरूरत के लिए बहुत हद तक वाशिंगटन पर निर्भर है। योनहाप समाचार एजेंसी के मुताबिक ट्रंप ने सोमवार (स्थानीय समय) को वाशिंगटन में अपने शपथ ग्रहण समारोह के तुरंत बाद संवाददाताओं बातचीत के दौरान उत्तर कोरिया को 'परमाणु शक्ति' बताया। वह यहीं नहीं रुके, उन्होंने कहा कि उनके और उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग-उन के बीच 'बहुत अच्छा तालमेल है।

## गाजा सीजफायर समझौते पर बोले ट्रंप मुझे भरोसा नहीं है

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि उन्हें इस बात का 'विश्वास नहीं है' कि पिछले दिन लागू हुआ गाजा युद्ध विराम और बंधकों की रिहाई का समझौता तीनों चरणों में बरकरार रहेगा। हालांकि, उन्होंने गाजा में हुई तबाही पर बात करते हुए कहा कि इस क्षेत्र को फिर से बनाना होगा। ट्रंप ने कहा, यह हमारा नहीं उनका युद्ध है। मुझे भरोसा नहीं है। इजरायली मीडिया के मुताबिक अपने शपथग्रहण के तुरंत बाद ओवल ऑफिस में कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर करते समय पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह बात कही। हालांकि ट्रंप ने हमास का स्पष्ट रूप से जिक्र किया।

## ट्रंप ने टिकटॉक पर प्रतिबंध को 75 दिनों के लिए टाल दिया

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को एक कार्यकारी कार्रवाई पर हस्ताक्षर किए, जिससे टिकटॉक पर प्रतिबंध लागू करने को 75 दिनों के लिए टाल दिया गया है। ट्रंप ने अपने अटॉर्नी जनरल को निर्देश दिया है कि वे उन ऐप स्टोर्स और सेवा प्रदाताओं पर जुर्माना नहीं लगाएं, जो टिकटॉक को चलाने में मदद कर रहे हैं। ट्रंप अपने प्रशासन को 'प्रत्येक प्रदाता को एक पत्र जारी करने का आदेश भी देंगे, जिसमें कहा जाएगा कि कानून का कोई उल्लंघन नहीं हुआ है और किसी भी आचरण के लिए कोई दायित्व नहीं है।' कई विशेषज्ञ और कुछ रिपब्लिकन नेता कह रहे हैं कि यह कदम कानूनी तौर पर संदिग्ध हो सकता है।

### अमेरिकी वैश्विक स्वास्थ्य नीति में नाटकीय बदलाव को चिह्नित करता है राष्ट्रपति का कदम

# डोनाल्ड ट्रंप ने डब्ल्यूएचओ से अमेरिका के हटने की घोषणा की

**ट्रंप लंबे समय से रहे हैं विश्व स्वास्थ्य संगठन के आलोचक**

**न्यूयॉर्क (आईएएनएस)**

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को घोषणा की कि वह विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) से अमेरिका को अलग कर रहे हैं। यह एक महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि पदभार संभालने के पहले ही दिन उन्होंने संयुक्त राष्ट्र की सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसी के साथ अपने संबंध समाप्त कर लिए हैं। ट्रंप लंबे समय से डब्ल्यूएचओ के आलोचक रहे हैं और उनका प्रशासन जुलाई 2020 में औपचारिक रूप से संगठन से हट गया था, क्योंकि कोविड-19 महामारी फैल रही थी। कार्यकारी आदेश में अमेरिका के हटने के कारणों के रूप में 'चीन के वुहान में उत्पन्न कोविड-19 महामारी और अन्य वैश्विक स्वास्थ्य संकटों से संगठन द्वारा ठीक से नहीं निपटना, तत्काल आवश्यक सुधारों को अपनाने में इसकी विफलता और डब्ल्यूएचओ के सदस्य देशों के अनुचित राजनीतिक प्रभाव से स्वतंत्रता प्रदर्शित करने में इसकी असमर्थता' का हवाला दिया गया है।

ट्रंप ने कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करते समय एक सहयोगी से कहा, यह बहुत बड़ी बात है। उन्होंने अपने वर्ष 2020 के निर्णय की ओर इशारा किया और कहा कि उनका मानना है कि अमेरिका अन्य देशों की तुलना में संगठन को बहुत अधिक धनराशि दे रहा है। आदेश में यह भी कहा गया कि डब्ल्यूएचओ अमेरिका से अनुचित रूप से भारी भुगतान की मांग करना जारी रखता है। यह संयुक्त राष्ट्र स्वास्थ्य एजेंसी की ट्रंप की लंबे समय से चली आ रही आलोचना के अनुरूप है। यह कदम अमेरिकी वैश्विक स्वास्थ्य नीति में एक नाटकीय बदलाव को चिह्नित करेगा और वाशिंगटन को महामारी से लड़ने के अंतरराष्ट्रीय प्रयासों से अलग कर देगा। ट्रंप ने संगठन के कई आलोचकों को सार्वजनिक स्वास्थ्य के शीर्ष पदों पर नामित किया है, जिनमें रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर भी शामिल हैं तथा स्वास्थ्य और मानव सेवा सचिव के पद के लिए उम्मीदवार हैं, जो कि सीडीएस और एफडीए सहित सभी प्रमुख अमेरिकी स्वास्थ्य एजेंसियों की देखरेख करता है। ट्रंप ने वर्ष 2020 में डब्ल्यूएचओ से एक साल लंबी वापसी की प्रक्रिया शुरू की थी, लेकिन छह महीने बाद उनके उत्तराधिकारी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इस फैसले को पलट दिया था। अमेरिकी राष्ट्रपति ने तर्क दिया है कि एजेंसी कोविड-19 के शुरुआती प्रसार के लिए चीन को जवाबदेह ठहराने में विफल रही। उन्होंने बार-बार डब्ल्यूएचओ को बीजिंग की कठपुतली कहा है।

### ट्रंप ने ओबामा के आदेश को किया रद्द

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उत्तरी अमेरिका की सबसे ऊंची पर्वत चोटी का नाम 'माउंट मैकिनले' रखने के लिए एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किया। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने इसका नाम 'डेनाली' रखा था, जिसे 47वें प्रेसिडेंट ने बदल दिया। हालांकि, सोमवार को हस्ताक्षरित आदेश के अनुसार, आसपास के राष्ट्रीय उद्यान को 'डेनाली राष्ट्रीय उद्यान और संरक्षित क्षेत्र' कहा जाता रहेगा। सोमवार को अपने उद्घाटन भाषण के दौरान इस फैसले के बारे में ट्रंप ने कहा, हम एक महान राष्ट्रपति विलियम मैकिनले का नाम इस शिखर पर दर्ज करेंगे, जहां इसे होना चाहिए।

**2020 में ट्रंप ने डब्ल्यूएचओ से एक साल लंबी वापसी की प्रक्रिया शुरू की थी, लेकिन छह महीने बाद उनके उत्तराधिकारी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इस फैसले को पलट दिया था**

**2020 के निर्णय की ओर ट्रंप ने इशारा किया और कहा कि उनका मानना है कि अमेरिका अन्य देशों की तुलना में संगठन को बहुत अधिक धनराशि दे रहा है**

### ट्रंप ने परिवार के सदस्यों को माफ करने के लिए बाइडेन की आलोचना की


अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा अपने परिवार के सदस्यों को क्षमादान दिए जाने की आलोचना की है, जिसे उन्होंने सोमवार को पद छोड़ने से पहले अपने अंतिम कदम के रूप में जारी किया था। राष्ट्रपति ट्रंप ने सोमवार को कैपिटल वन एरेना से अपने भाषण के दौरान बाइडेन द्वारा अपने परिवार के सदस्यों को अग्रिम क्षमादान देने की 11वें घंटे में की गई घोषणा के लिए उन पर निशाना साधा।



### राष्ट्रपति ट्रंप ने कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर करने के बाद भीड़ की तरफ फेंका अपना पेन

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

संयुक्त राज्य अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रंप ने शपथ ले ली। इस दौरान कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर करने के बाद ट्रंप ने अपनी कलम (पेन) को प्रशंसकों और समर्थकों की भीड़ की तरफ फेंका। डोनाल्ड ट्रंप का शपथ ग्रहण समारोह कई मायनों में खास और ऐतिहासिक रहा। संयुक्त राज्य अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने के कुछ समय बाद ही उन्होंने वाशिंगटन के कैपिटल वन एशिया में अपने पहले कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर किया। इसके बाद ट्रंप जो किया, उससे उनके समर्थकों और प्रशसंकों की भीड़ खुशी से झूम उठी। कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर करने के बाद, डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पेन को सामने समर्थकों की भीड़ में फेंक दिया। उन्होंने सबसे पहले लकड़ी की ट्रे पर रखे पेन को देखा, उनमें से पेन को उठाया और भीड़ की ओर फेंक दिया।



इसके बाद उन्होंने कई पेन भीड़ की ओर फेंके। राष्ट्रपति के पेन पाने के लिए समर्थक उत्साहित नजर आ जाए।

बता दें कि अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रंप के शपथ लेने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत दुनिया के कई बड़े दिग्गज नेताओं ने उनको बधाई दी।

### क्या हैं एग्जीक्यूटिव ऑर्डर

डोनाल्ड ट्रंप संयुक्त राज्य अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेते ही एक्शन मोड में आ गए। अपने वादे के अनुसार उन्होंने इमिग्रेशन, जलवायु से लेकर क्षमादान तक हर चीज पर कई कार्यकारी आदेश या एग्जीक्यूटिव ऑर्डर जारी किए। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में लौटने के कुछ ही घंटों बाद पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन की 78 नीतियों को रद्द कर दिया। 47वें अमेरिकी राष्ट्रपति ने इमिग्रेशन पर नकेल कसने का आदेश दिया और पेरिस जलवायु समझौते और विश्व स्वास्थ्य संगठन से अमेरिका के बाहर होने का ऐलान किया। ट्रंप ने 6 जनवरी, 2021 को यूएस कैपिटल पर हमले के आरोपी लगभग 1,500 लोगों को क्षमादान दिया। वहीं, टिकटॉक पर प्रतिबंध को 75 दिनों के लिए स्थगित कर दिया गया। इसके अलावा भी ट्रंप ने कई कार्यकारी आदेश पारित किए। आखिरी ये आदेश होते क्या हैं और एक अमेरिकी राष्ट्रपति को इसे पास करने की जरूरत क्यों पड़ती है। कार्यकारी आदेश अमेरिका के राष्ट्रपति की तरफ से दिया गया निर्देश है, जो संघीय सरकार के कामकाज का प्रबंधन करता है। यह एक लिखित आदेश होता है, जिसके लिए कांग्रेस की मंजूरी की जरूरत नहीं होती है। एक तरह से ये आदेश राष्ट्रपति को अपने दम पर कोई काम करने का अधिकार देते हैं। अमेरिका के राज्य और सरकार के प्रमुख के रूप में, साथ ही देश के सशस्त्र बलों के कमांडर-इन-चीफ के रूप में, केवल संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति ही कार्यकारी आदेश जारी कर सकते हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका के संविधान का 'अनुच्छेद 2' राष्ट्रपतियों को कानून को लागू करने या संघीय सरकार की कार्यकारी शाखा के संसाधनों और कर्मचारियों का प्रबंधन करने के तरीके को निर्धारित करने के लिए अपने विवेक का इस्तेमाल करने के लिए व्यापक कार्यकारी और प्रवर्तन अधिकार देता है। राष्ट्रपति के एग्जीक्यूटिव ऑर्डर, एक बार जारी होने के बाद, तब तक लागू रहते हैं जब तक कि उन्हें रद्द नहीं कर दिया जाता, निरस्त नहीं कर दिया जाता, गैरकानूनी घोषित नहीं कर दिया जाता या उनकी अवधि समाप्त नहीं हो जाती।

## अस्पताल से घर आए सैफ ने हाथ हिलाकर किया अभिवादन

**मुंबई (आईएएनएस)**

हमले के छह दिन बाद मंगलवार को अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पहली बार मीडिया और प्रशंसकों के सामने आए। अभिनेता ने हाथ हिलाकर सभी का अभिवादन किया।

गाड़ी से उतरे अभिनेता व्हाइट शर्ट के साथ ब्लैक पैंट में नजर आए, जहां सुरक्षा के मद्देनजर उनके पास पुलिसकर्मी खड़े दिखे। अभिनेता ने उनके अपार्टमेंट के बाहर खड़े मीडियाकर्मियों और प्रशंसकों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। गत 16 जनवरी को घर पर हुए हमले में घायल अभिनेता सैफ अली खान को छह दिन बाद मंगलवार को अस्पताल से छुट्टी मिली है। अभिनेता मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती थे, जहां उनकी सर्जरी हुई थी। सैफ को घर लाने के लिए उनकी पत्नी अभिनेत्री करीना कपूर खान लीलावती अस्पताल पहुंची थीं। अभिनेता को डॉक्टरों



ने सुझाव दिया है कि उन्हें पूरी तरह से ठीक होने के लिए कुछ दिन और आराम करने की जरूरत है। इस बीच, सैफ अली खान के घर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। अभिनेता के घर के फ्लोर डक्ट को जाली (नेट) से पैक कर दिया गया है। जिस बिल्डिंग में सैफ और करीना अपने बच्चों जेह और तैमूर के साथ रहते हैं, उसकी 12वीं मंजिल पर सभी एसी डक्ट एरिया को जालीदार स्क्रीन से सील कर दिया गया है।

## टीएफडीसी के अध्यक्ष के ठिकानों पर आयकर का छापा

**हैदराबाद।** मशहूर फिल्म निर्माता और तेलंगाना फिल्म विकास निगम (टीएफडीसी) के अध्यक्ष दिल राजू के ठिकानों सहित कई स्थानों पर आयकर विभाग की टीम ने छापा मारा है। अधिकारी वित्तीय लेनदेन से जुड़े विभिन्न दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं। उनके घरों और दफ्तरों की तलाशी चल रही है। इसके अलावा, मशहूर प्रोडक्शन कंपनी माइथ्री मूवीज के दफ्तर और फिल्म 'पुष्पा-2' के निमार्ता नवीन एनेर्नी के आवास की भी तलाशी ली जा रही है। जानकारी के अनुसार आयकर विभाग की 55 टीमें एक साथ आठ जगहों पर छापा मारा है। आयकर विभाग की एक टीम जुबली हिल्स और बंजारा हिल्स इलाके में स्थित दिल राजू, उनके भाई सिरीश और बेटी हंसिता रेड्डी के आवासों छानबीन कर रही है। फिल्म निमार्ता दिल राजू की पत्नी वैगारेड्डी को एक कार से अन्य दो स्थानों पर ले गए। अधिकारी उन्हें बैंक लॉकर की जांच के लिए गए और फिर उन्हें घर ले आए।

## एड्स खत्म करने के लिए नई दवाओं तक सबकी पहुंच जरूरी : यूएनएआईडीएस

**दावोस (आईएएनएस)**

संयुक्त राष्ट्र के एचआईवी/एड्स कार्यक्रम (यूएनएआईडीएस) ने मंगलवार को वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम की वार्षिक बैठक में कहा कि वैश्विक नेताओं को तुरंत यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी निम्न और मध्यम आय वाले देशों में एचआईवी की रोकथाम और संभावित इलाज के लिए नई, लंबे समय तक असर करने वाली दवाएं उपलब्ध हों। इससे वर्ष 2030 तक एड्स खत्म करने में मदद मिलेगी।

ज्ञात हो कि हाल ही में दो दवाओं ने एचआईवी के खिलाफ प्रभाव दिखाया है, 'लेनाकैपावीर' और 'कैबोटेग्रावीर।' 'लेनाकैपावीर' को गिलियड साइंसेज ने विकसित किया है। यह साल में केवल दो बार दिए जाने पर 95% से अधिक प्रभावी साबित हुई है। अब कंपनी इसे साल में केवल एक बार देने के लिए परीक्षण कर रही है। 'कैबोटेग्रावीर' वीव हेल्थकेयर द्वारा तैयार इंजेक्शन है, जिसे हर दो महीने में दिया जाता है और एचआईवी को रोकने में कारगर है। यह पहले से ही कुछ देशों में उपयोग में है। हालांकि ये दवाएं एचआईवी का इलाज या वैक्सीन नहीं हैं, लेकिन वे महामारी को



रोकने में सक्षम हो सकती हैं। इसके अलावा, एचआईवी से लड़ने के लिए अन्य उपायों में एक महीने तक असर करने वाली वैजाइनल रिंग्स (जो पहले से उपयोग में हैं) और लंबे समय तक असर करने वाली गोलियां और वैजाइनल रिंग्स (जो अभी परीक्षण में हैं) शामिल हैं। यूएनएआईडीएस की कार्यकारी निदेशक विनी ब्यान्यिमा ने कहा, ये नई तकनीकें हमें वर्ष 2030 तक एड्स खत्म करने का असली मौका देती हैं। लेकिन, यह तभी संभव है, जब दवा कंपनियां, सरकार, अंतरराष्ट्रीय साझेदार और समाज एकजुट होकर एचआईवी की रोकथाम और इलाज में क्रांति लाएं। लंबे समय तक असर करने वाली इन नई दवाओं से एचआईवी के नए संक्रमण को रोका जा सकता है और एचआईवी संक्रमित लोगों में वायरस को दबाया जा सकता है।

## 6.4 तीव्रता के भूकंप से हिला ताइवान लेह में भी लगे झटके

**ताइपे।** दक्षिणी ताइवान में आए शक्तिशाली भूकंप से लोग दहल गए। ताइवान में आए भूकंप का असर भारत में भी दिखा। सोमवार की आधी रात को लद्दाख के लेह क्षेत्र में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। दक्षिणी ताइवान में भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.4 दर्ज की गई। इससे तमाम घर और सड़कें ढह गईं। दर्जनों लोग घायल हुए हैं। ताइपे टाइम्स की खबर में स्वास्थ्य एवं कल्याण मंत्रालय के नवीनतम आंकड़ों के हवाले से कहा गया है कि कुल 26 लोगों के घायल होने की सूचना है। उन्हें सुबह अस्पतालों में भेजा गया है। भूकंप का केंद्र चियाई काउंटी के दापू टाउनशिप के सिसिंग गांव में था। सिसिंग गांव में भारी क्षति हुई है। गांव में प्रवेश करने वाली सड़कें अवरुद्ध हो गई हैं। राष्ट्रीय अग्निशमन एजेंसी ने कहा कि आठ लोग ताइनान और चियाई शहर की इमारतों के अंदर फंसे हुए थे। उन्हें बचा लिया गया है। ताइनान फायर ब्यूरो ने कहा कि नानसी जिले में एक मंजिला तमाम घर क्षतिग्रस्त हो गए।

## तुर्की के होटल में भीषण आग 10 लोगो की मौत, 32 घायल

**अंकारा (आईएएनएस)।** उत्तर-पश्चिमी तुर्की के एक स्की रिसॉर्ट होटल में मंगलवार की सुबह आग लगने से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और 32 अन्य घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक तुर्की के गृह मंत्री अली येरलिकाया ने बताया कि स्थानीय समयानुसार तड़के 03:27 बजे (00:27 जीएमटी) कार्तलकाया के पहाड़ की चोटी पर स्थित रिसॉर्ट में 12 मंजिला ग्रैंड कार्टल होटल के रेस्तरां में आग लग गई। बताया जा रहा है कि कम से कम दो पीड़ितों की मौत घबराहट में इमारत से कूदने की वजह से हुई। स्थानीय मीडिया ने यह भी बताया कि गेस्ट चादरों और कंबलों का इस्तेमाल करके अपने कमरों से नीचे उतरने की कोशिश कर रहे थे।

## इंडोनेशिया में भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ से 17 की मौत

**जकार्ता (आईएएनएस)।** इंडोनेशिया के मुख्य द्वीप जावा के पहाड़ी गांवों में आई अचानाक बाढ़ ने भीषण तबाही मचाई है। कम से कम 17 लोगों के शव बरामद हुए हैं, जबकि आठ लोग लापता बताए जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को हुई मूसलाधार बारिश के कारण नदियां अपने किनारों को तोड़कर मध्य जावा प्रांत के पेकलोंगन रीजेंसी के नौ गांवों में घुस गईं, जबकि कीचड़, चट्टानें और पेड़ पहाड़ी बस्तियों पर गिर गए। बचावकर्मियों ने मंगलवार तक सबसे अधिक प्रभावित पेटुंगक्रीयोनो गांव से कम से कम 17 शवों को बाहर निकाला और बचावकर्मी आठ ग्रामीणों की तलाश कर रहे हैं, जो कथित तौर पर अभी भी लापता हैं।

## यून सुक येओल ने संवैधानिक न्यायालय से मांगी माफी

**सियोल (हि.स.)।** दक्षिण कोरिया में हाल ही में औपचारिक तौर पर गिरफ्तार राष्ट्रपति यून सुक येओल मंगलवार को संवैधानिक न्यायालय के समक्ष उपस्थित हुए। वह तीन दिसंबर को मार्शल लॉ की अल्पकालिक घोषणा कर राजनीतिक और कानूनी उलझनों में फंस चुके हैं। नेशनल असेंबली उनके खिलाफ 14 दिसंबर को महाभियोग प्रस्ताव पारित कर चुकी है। संवैधानिक न्यायालय को यह फैसला करना है कि महाभियोग चलाया जाए या नहीं। येओल ने न्यायाधीशों से माफी मांगते हुए कहा कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया। द कोरिया टाइम्स के अनुसार येओल ने महाभियोग मुकदमे में अपना बचाव किया और इस रुख को दोहराया कि उनका मार्शल लॉ लगाना शासन का एक कार्य था। इस प्रकार उन्होंने संविधान का उल्लंघन नहीं किया।

### केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने मुफ्त बिजली देने वाले राज्यों पर उठाए सवाल, कहा

# मुफ्त बिजली देने से राज्यों पर बढ़ रहा है आर्थिक बोझ

- **बोले मंत्री, यह व्यवस्था लंबे समय के लिए ठीक नहीं**

**जयपुर (हि.स.)**

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी ने मुफ्त बिजली देने वाले राज्यों पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि कुछ राज्य राजनीतिक कारणों से मुफ्त बिजली दे रहे हैं। इससे एक बड़ा आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी मंगलवार को जयपुर में नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित नवीकरणीय ऊर्जा पर क्षेत्रीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा




कि मैं किसी राज्य पर नहीं बोल रहा, लेकिन यह व्यवस्था लंबे समय के लिए ठीक नहीं है। हमें कोशिश करनी चाहिए कि फ्री बिजली की जगह उपभोक्ताओं को इस तरह सक्षम बनाएं कि वे न सिर्फ सस्ती बिजली का घर में उपयोग कर सकें, बल्कि सरप्लस बिजली को ग्रिड में देकर देश की जरूरतों को भी पूरा कर सकें। जोशी ने कहा कि इसी बात को ध्यान में रखकर केंद्र सरकार पीएम सूर्य घर योजना लेकर आई है, जो फ्री बिजली देने वाले राज्यों के लिए वरदान साबित हो सकती है। यदि फ्री बिजली देने वाली राज्य सरकारें अपनी सब्सिडी का पैसा पीएम सूर्य घर योजना में एकमुश्त देने की हिम्मत करें, तो अगले 25 सालों तक उपभोक्ता बिजली बिल के झंझट से मुक्त हो जाएंगे। राज्य सरकारों का सालाना फ्री बिजली की सब्सिडी का आर्थिक बोझ भी खत्म होगा।

केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा कि हमें समझने की जरूरत है कि हमारे देश में ऊर्जा की मांग क्यों अधिक है? भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। इस वजह से ऊर्जा की आवश्यकता बढ़ रही है। भारत विश्व में सबसे बड़ा मानव संसाधन वाला देश है। यहां 65 प्रतिशत आबादी युवा है। यही कारण है कि हमारा उत्पादन औरनिर्माणक्षमतामजबूतहोरहीहै।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हम खिलौने और स्टील के निर्यात में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। ग्रीन हाइड्रोजन प्रोजेक्ट के लिए जारी निविदा में 4 लाख 12 हजार लाख टन की मांग आई। इसमें 50 फीसदी हिस्सेदारी अन्य देशों की है। पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है।

### भारत ऊर्जा के हर क्षेत्र में तेजी से कर रहा प्रगति

केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा कि भारत ऊर्जा के हर क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है। प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना और पीएम कुसुम योजना के माध्यम से सौर ऊर्जा हर घर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। सरकार इन योजनाओं के लिए सब्सिडी उपलब्ध करा रही है और ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में आने वाली दिक्कतों को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि 2032 तक राजस्थान ऊर्जा उत्पादन में दोगुनी वृद्धि करेगा।